दैनिक
नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, शुक्रवार 23 फरवरी 2024, वर्ष-9 अंक- 323 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

आधी छोड़ पूरी घाय पूरी मिली न आधी पाय । इसका अर्थ कांग्रेस से बेहतर भला और कौन समझ सकता है? जिसका जनाधार चुनाव दर चुनाव कमजोर पड़ता जा रहा है। आज की तारीख में अगर वह एकला चलो रे की नीति पर अमल करेगी तो लाखों की बंद मुठठी खुलकर खाक हो जाने का खतरा है। यही वजह है कि वह क्षेत्रीय पार्टियों के रहमो करम की मोहताज हो गई है। उत्तरप्रदेश में सायकल और हाथ साथ आ गए हैं। समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस को सिर्फ 17 सीटें दी है। कांग्रेस संतुष्ट है क्योंकि भागते भूत की लंगोटी भली होती है।

शाह की अपील - आप लोग 1 -2 सीट कम कर देते हैं, इस बार वादा कीजिए पूरी 11 सीटों पर जिताएंगे

रायपुर/जांजगीर/ नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के लिए लोकसभा चुनाव का शंखनाद करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हुँकार भरी और कहा कि आने वाला चुनाव देश का भविष्य तय करने वाला चुनाव है। आने वाला चुनाव देश को पूर्ण विकसित और भारत माता को विश्व गुरु बनाने के लिए महत्वपूर्ण चुनाव है। श्री शाह ने कहा कि सन 2014 में 11 में से 10 सीटें भाजपा को आपने दी, 2019 में 11 में से 9 सीटें भाजपा को दी और विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा बहुमत से भाजपा की सरकार बनाई ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम साय : ये मोदी जी का चुनाव है, केंद्र में कमल खिलाना है: मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि हमारी सरकार अभी दो महीने की है। मोदी की गारंटी में भाजपा ने जो वादे किए हैं उसको पूरा करने की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हम सरकार बनाने के लिए नहीं देश सेवा के लिए काम करते हैं: विजय शर्मा- उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी चुनाव मोदी जी का चुनाव है, जो देश के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भारत आज दुनिया में सशक्त और समृद्ध देश बन गया है: अरुण साव - उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार को बने 10 साल हो गए हैं। इन 10 वर्षों में गाँव-गरीब ■ शेष पृष्ठ 6 पर

केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार गढ़ेंगी विकास के नए आयाम : देव- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कश्मीर से धारा 370 हटाकर एक देश, एक विधान ,एक निशान की अवधारणा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छग के 7 अफसर बने आईपीएस

रायपुर/नवप्रदेश। केन्द्रीय मंत्रालय की ओर से एक आदेश जारी किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ के 7 अधिकारियों को आईपीएस अवॉर्ड किया गया है। जारी आदेश में 2020 बैच के 5 और 2021 बैच के 2 अधिकारियों को आईपीएस बनाया गया है। 2020 बैच के उमेश चौधरी, मनोज कुमार खिलारी, रवि कुमार कुर्रे, चैनदास टंडन, सुरजन राम भगत। 2021 बैच के वहीं 2021 बैच में 2 अधिकारी दर्शन सिंह मरावी और झाड़ू राम ठाकुर को आईपीएस अवॉर्ड किया गया है। आदेश के मुताबिक, आईपीएस अधिकारियों का प्रोबेशन पीरियड एक साल का होगा।

सुप्रीम कोर्ट में 'आयुष होलिस्टिक वेलनेस सेंटर' का उद्घाटन

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को शीर्ष अदालत परिसर में 'आयुष होलिस्टिक वेलनेस सेंटर' का उद्घाटन किया। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने इस अवसर पर कहा, मेरे लिए यह एक संतोषजनक क्षण है। मुख्य न्यायाधीश का पदभार संभालने बाद से ही इसके लिए प्रयास कर रहा था। मैं आयुर्वेद और समग्र जीवन शैली का समर्थक हूं। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत में 2000 से अधिक कर्मचारी हैं। हमें न केवल न्यायाधीशों और उनके परिवारों के लिए बल्कि कर्मचारियों के लिए भी एक समग्र जीवन के तरीकों को देखना चाहिए। इस केंद्र से उन सभी को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, उच्चतम न्यायालय में आयुष केंद्र शुरू होने पर आयुष के सभी डॉक्टरों का बहुत आभारी हूं।

सत्यपाल मलिक के घर सीबीआई ने दी दबिश

- **कुल 30 ठिकानों पर ऐक्शन; पैतृक घर भी पहुंची एजेंसी**

नई दिल्ली (वार्ता)। केंद्र जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में किरू जल विद्युत परियोजना के लिए 2,200 करोड़ रुपये के निर्माण कार्य का ठेका देने में कथित भ्रष्टाचार के मामले में राज्य के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के परिसरों में गुरुवार को तलाशी अभियान चलाया। सूत्रों के बताया कि एजेंसी ने जम्मू-कश्मीर के कुछ स्थानों सहित 30 विभिन्न स्थानों पर भी तलाशी ली। श्री मलिक ने आरोप लगाया था कि उन्हें दो फाइलों को मंजूरी देने के लिए 300 करोड़ रुपये की रिश्वत की पेशकश की गयी थी, जिनमें से एक किरू परियोजना से संबंधित थी। जम्मू-कश्मीर सरकार ने 2022 में इस मामले की सीबीआई जांच की मांग की थी। यह मामला वर्ष 2019 में किरू परियोजना के लिए लगभग 2,200 करोड़ रुपये के निर्माण कार्यों का ठेका एक निजी कंपनी को देने में भ्रष्टाचार करने के आरोप में दर्ज किया गया था। एजेंसी ने इस मामले में चेनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स (प्राइवेट) लिमिटेड के पूर्व ■ शेष पृष्ठ 6 पर

क्या है आरोप और कैसे हुई ठेके में खेल की कोशिश

सीबीआई से जुड़े सूत्रों ने कहा कि एजेंसी ने सत्यपाल मलिक के आवास पर इस केस से जुड़ी कुछ चीजों के लिए सर्च किया। इस मामले की जांच सीबीआई अप्रैल, 2022 से ही कर रही है। कीरू प्रोजेक्ट किश्तवाड़ से 42 किलोमीटर की दूरी पर है। 20 अप्रैल, 2022 को जम्मू-कश्मीर सरकार ने सीबीआई से मांग की थी कि वह इस मामले की जांच करे। आरोप है कि इस प्रोजेक्ट के लिए ठेके देने में ई-निविदाएं आमंत्रित न करने का फैसला लिया गया था। आरोप है कि ऐसा इसलिए किया गया ताकि कॉन्ट्रैक्ट देने में घोटाला किया जा सके।

विधानसभा: सदन में गूंजा साधराम हत्याकांड का मामला

- **पूर्व सीएम बघेल ने की सीबीआई जांच की मांग**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रश्नकाल के दौरान आज सदन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने साधराम यादव की हत्या का मामला उठाया। पूर्व सीएम ने कहा कि हत्या की सही जांच नहीं की गई है। ना ही पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा मिला। कांग्रेस विधायकों ने सीबीआई जांच की मांग की।

वहीं सदन में साधराम यादव की हत्या की सीबीआई जांच की मांग पर सदन में हंगामा किया। वही विपक्षी कांग्रेस विधायक नारेबाजी करते हुए गर्भगृह में उतरने से सभी कांग्रेस विधायक स्वमेव निर्लंबित हो गए।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा- साधराम यादव की हत्या की सही जांच नहीं की गई है। ना ही पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा मिला। रामकुमार यादव, देवेंद्र यादव, द्वारिकाधीश यादव, विक्रम मंडावी और अनिला भेड़िया ने उचित कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस विधायकों ने सीबीआई जांच की मांग दोहराई।

स्पीकर डॉक्टर रमन सिंह ने कहा- गृहमंत्री ने इस विषय पर कल ही सदन में स्पष्ट जवाब दे दिया है। इस विषय में आगे भी सदस्यों को अपनी बात कहने का मौक़ा मिलेगा।भूपेश बघेल ने कहा- यह गंभीर मामला है। सीबीआई ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ईवीएम के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस के कई नेता गिरफ्तार

नई दिल्ली(वार्ता)। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की खामियों के खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को ईवीएम हटाओ मोर्चा तथा अन्य संगठनों के प्रदर्शन में शामिल हुए कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह तथा अन्य कई नेताओं को हिरासत में लिया गया। ईवीएम हटाओ मोर्चा की तरफसे दी गयी जानकारी के अनुसार ईवीएम के खिलाफ यहां जंतर मंतर पर सभा आयोजित की जा रही थी और इसकी इजाजत भी मिल चुकी थी, लेकिन दिल्ली पुलिस ने आखिरी वक्त में इजाजत को रद्द किया जिसके कारण यह आयोजन युवा कांग्रेस कार्यालय रायसीना रोड पर करना पड़ा।

हमारा फोकस है छोटे किसान का जीवन कैसे हो बेहतर : मोदी

- **पशुपालन, मछलीपालन और मधुमक्खी पालन करेंगे प्रोत्साहित**

अहमदाबाद (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में अहमदाबाद के मोटेरा स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुरूवार को गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) के स्वर्ण जयंती समारोह में कहा कि हमारा फोकस है छोटे किसान का जीवन कैसे बेहतर हो, पशुपालन का दायरा कैसे बढ़े, पशुओं का स्वास्थ्य कैसे बेहतर हो, गांव में पशुपालन के साथ ही मछलीपालन और मधुमक्खी पालन को कैसे प्रोत्साहित किया जाए।

श्री मोदी ने इस अवसर पर कहा कि मुझे खुशी है कि यहां गुजरात में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

देश में बहुत से ब्रांड बने लेकिन अमूल जैसा कोई नहीं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को यहां कहा कि भारत की आजादी के बाद देश में बहुत से ब्रांड बने लेकिन अमूल जैसा कोई नहीं है। अमूल भारत के पशुपालकों के सामर्थ्य की पहचान, अमूल यानि विश्वास, अमूल यानि विकास, अमूल यानि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बैंक खाते सील करके वित्तीय संकट पैदा कर रही है सरकार : कांग्रेस

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार आम चुनाव से पहले विपक्षी दलों के बैंक खाते सील करके देश मे वित्तीय आतंकवाद फैला रही है और लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी महासचिव के सी वेणुगोपाल, कोषाध्यक्ष अजय माकन, संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश तथा युवा कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीनिवास वीबी ने पार्टी के बैंक खाते सील करके पैसे निकालने की कार्रवाई को जबरन वसूली करार दिया और कहा कि यदि सरकार आयकर को बहाना बनाकर कांग्रेस के खातों को सील करती है तो उसे बताना चाहिए कि क्या भाजपा ने कभी आयकर दिया है और यदि नहीं दिया है तो उसके खाते सील क्यों नहीं किये जा रहे हैं।

दिल्ली हाईकोर्ट ने महुआ मोइत्रा की याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली हाईकोर्ट ने ईडी को गोपनीय और अपुष्ट सूचनाओं को लीक करने से रोकने की तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा की मांग पर सुनवाई करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया है. जस्टिस सुब्रमण्यम की बेंच ने शुक्रवार यानि 23 फरवरी को फैसला सुनाने का आदेश दिया है. गुरुवार को सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से पेश वकील ने कहा कि ईडी ने किसी भी सूचना को लीक नहीं किया है और खबरों के स्रोत के बारे में उसे जानकारी नहीं है. महुआ मोइत्रा की ओर से पेश वरिष्ठ वकील रेबेका ■ शेष पृष्ठ 6 पर

स्वामी प्रसाद मौर्य ने किया नई पार्टी का ऐलान, नाम रखा आरएसएसपी

नई दिल्ली (ए.)। दशकों तक बसपा, फिर भाजपा और दो साल सपा में रहने के बाद 70 साल के दिग्गज नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने अपनी नई पार्टी का ऐलान कर दिया है. पार्टी का नाम राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी (RSSP) रखा है. उन्होंने दिल्ली में कार्यकर्ता समागम में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर अपने पत्ते भी खोल दिए हैं. तीन दिन पहले ही स्वामी प्रसाद ने सपा की प्राथमिक सदस्यता और एमएलसी पद से इस्तीफा दिया था. हालांकि राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी का औपचारिक गठन 2013 में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

आत्मनिर्भरता... भारतीय नौसेना को मिलेगा फायदा

ब्रह्मोस मिसाइल खरीद के लिए 19 हजार करोड़ के सौदे को मंजूरी

नई दिल्ली (ए.)। सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने 200 ब्रह्मोस मिसाइल की खरीद की डील को मंजूरी दे दी है। ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों की खरीद भारतीय नौसेना के लिए की जाएगी और ये मिसाइलें भारतीय नौसेना के युद्धक जहाजों पर तैनात की जाएंगी। यह डील 19 हजार करोड़ रुपये की है। बुधवार शाम को सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक हुई, जिसमें इस सौदे को मंजूरी दी गई।

मार्च में पहले हफ्ते में हो सकते हैं डील पर हस्ताक्षर: सौदे पर ब्रह्मोस एयरोस्पेस और रक्षा मंत्रालय के बीच मार्च के पहले हफ्ते में हस्ताक्षर हो सकते हैं। ब्रह्मोस एयरोस्पेस भारत और रूस की सरकार का एक संयुक्त उपक्रम है, जो ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों का उत्पादन करता है। इन मिसाइलों को सबमरीन, युद्धक जहाजों, एयरक्राफ्ट और जमीन से भी फायर किया जा सकता है। ब्रह्मोस मिसाइल भारतीय नौसेना का प्रमुख हथियार है, जो एंटी शिप और अटैक ऑपरेशन में इस्तेमाल होता है। ब्रह्मोस मिसाइल को भारत में ही रूस की मदद से विकसित किया गया है और इसमें कई पार्ट्स भारत में ही बनाए जाते हैं। भारत जल्द ही ब्रह्मोस मिसाइलों को फिलीपींस को निर्यात करने वाला है। दोनों देशों के बीच इसे लेकर डील हो चुकी है और इसके साथ ही फिलीपींस ब्रह्मोस मिसाइल सिस्टम को खरीदने वाला पहला विदेशी ग्राहक देश बन गया है।

भारतीय हथियारों की निर्यात बढ़ाने पर फोकस

दक्षिण एशिया के कई अन्य देशों ने भी ब्रह्मोस मिसाइल की खरीद में रुचि दिखाई है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस के प्रमुख अतुल राणे ने बताया कि फिलीपींस के साथ ब्रह्मोस मिसाइल का सौदा करीब 375 मिलियन डॉलर का होगा और उनकी टीम कोशिश कर रही है कि साल 2025 तक हथियारों के निर्यात को पांच अरब डॉलर के लक्ष्य तक पहुंचाया जाए। प्रधानमंत्री मोदी ने भी हथियारों के निर्यात को पांच अरब डॉलर करने का लक्ष्य तय किया है और प्रधानमंत्री द्वारा तय किए लक्ष्य को पाने में ब्रह्मोस मिसाइल सिस्टम की अहम भूमिका रहेगी। ब्रह्मोस मिसाइल के सौदे के बाद भारत में विकसित अन्य हथियारों जैसे आकाश मिसाइल, होवित्जर तोप आदि हथियारों के निर्यात की संभावनाएं भी बढ़ सकती हैं।

25 मई से श्री हेमकुंड साहिब यात्रा की शुरुआत

देहरादून(वार्ता)। उत्तराखंड के चमोली जनपद अंतर्गत, हिमालय उच्च पर्वत श्रृंखला पर स्थित सिक्खों के पवित्र तीर्थ स्थल श्री हेमकुंड साहिब गुरुद्वारे के कपाट इस वर्ष आगामी 25 मई को खुलेंगे जबकि आगामी 10 अक्टूबर को कपाट बंद होंगे। राज्य की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से गुरुवार को सचिवालय में गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने भेंट की। उन्होंने मुख्य सचिव को जानकारी दी कि गुरुद्वारा ट्रस्ट द्वारा 25 मई को तीर्थ स्थल श्री हेमकुंड साहिब जी की यात्रा का शुभारंभ तथा 10 अक्टूबर को कपाट बंद किए जाने की तिथि घोषित कर दी गई है।

अमेठी में तीसरी बार राहुल बनाम स्मृति के बीच चुनावी मुकाबला

नई दिल्ली। आगामी लोकसभा चुनाव में कुछ महीने बचे हैं. कांग्रेस ने आखिरकार गुरुवार को इंडिया ब्लॉक में सहयोगी समाजवादी पार्टी के साथ यूपी में सीट शेयरिंग पर सहमति बनाने का ऐलान कर दिया है। सपा 63 सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी और कांग्रेस अमेठी, रायबरेली समेत 17 सीटों पर चुनाव लड़ेगी. दोनों पार्टियों सभी 80 सीटों पर एक-दूसरे के उम्मीदवारों को जिताने के लिए चुनावी मैदान में एक साथ देखे जाएंगे. यूपी में सपा-कांग्रेस दोनों सात साल अलायंस में सहयोगी बने हैं।

यूपी में रायबरेली और अमेठी को परंपरागत रूप से नेहरू-गांधी परिवार का गढ़ माना जाता है. हालांकि, 2024 के आम चुनाव में जाने से पहले कांग्रेस को दोनों पारंपरिक सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने पर सहमति बनाना आसान नहीं रहा है. एक समय ऐसा भी आया, जब सपा से गठबंधन टूटने की अंदरुनी खबरें तैरने लगीं. लेकिन, ऐन वक्त पर बात बिगड़ते-बिगड़ते बच गई।

फिलहाल, राजनीतिक गलियारों में इस बात की चर्चा तेज हो गई है कि क्या अमेठी में तीसरी बार राहुल गांधी बनाम स्मृति ईरानी के बीच चुनावी मुकाबला देखने को मिलेगा? इससे पहले 2014 के चुनाव में भी दोनों आमने-सामने थे और राहुल गांधी ने एक लाख से ज्यादा वोटों से जीत हासिल की थी. हालांकि, 2019 के चुनाव में राहुल गांधी को हार का सामना करना पड़ा था और स्मृति ने 55 हजार वोटों से चुनाव जीत लिया था. पिछले लोकसभा चुनाव में राहुल ने अमेठी के अलावा केरल की वायनाड सीट से भी चुनाव लड़ा था और वहां जीत हासिल की थी. अपने 'घरेलू मैदान' में स्मृति ईरानी के हाथों हार के बावजूद राहुल निचले सदन पहुंच गए थे.

'15 साल अमेठी के सांसद रहे राहुल'

अब 2024 के आम चुनाव का मंच भी सज गया है. अलायंस में भले अमेठी सीट कांग्रेस के हिस्से में आई है, लेकिन अब तक ना तो कांग्रेस और ना ही राहुल गांधी ने अमेठी से फिर से चुनाव लड़ने की अटकलों की पुष्टि की है. राजनीतिक जानकार जरूर यह कयास लगा रहे हैं कि कांग्रेस और गांधी परिवार यूं ही मैदान नहीं छोड़ेगा. संभव है कि इस बार भी अमेठी से राहुल गांधी को उम्मीदवार बनाया जा सकता है. राहुल ने 2019 तक 15 वर्षों तक अमेठी में चुनाव जीता और यहां प्रतिनिधित्व किया है।

इसलिए कांग्रेस के लिए अमेठी है अहम

1967 से अमेठी कांग्रेस का गढ़ रही है. पिछले पांच वर्षों को छोड़कर कुछ 1970 के दशक और 1990 के दशक के अंत में इस सीट ने हमेशा या तो नेहरू-गांधी परिवार या किसी वफादार को अपना जनप्रतिनिधि के रूप में चुना है. संजय गांधी ने 1980 में अमेठी सीट जीती. उनके निधन के बाद बड़े भाई और राहुल के पिता राजीव गांधी ने 1981 में अमेठी का उपचुनाव जीता. राजीव ने 1991 तक इस सीट का प्रतिनिधित्व किया. बाद में 1999 में अमेठी से राजीव की पत्नी सोनिया गांधी सांसद बनीं. उसके बाद राजीव के बेटे राहुल गांधी ने पारंपरिक सीट संभाली. राहुल ने 2004 में इस सीट पर कब्जा किया और 2019 तक प्रतिनिधित्व किया।

कांग्रेस के लिए अमेठी सिर्फ एक निर्वाचन क्षेत्र से कहीं ज्यादा महत्व रखते आया है. यह एक गढ़ रहा है, जो कांग्रेस की विरासत के ताने-बाने में गहराई से बुना हुआ है. लेकिन 2019 के चुनाव में स्मृति ईरानी ने कांग्रेस को उसके गढ़ में चुनौती दी है।

न्यूज गैलरी

मंदिरों से 10 टैक्स वसूलेगी कांग्रेस सरकार, भड़की भाजपा

बेंगलुरु। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार मंदिरों से टैक्स वसूलने की तैयारी कर रही है। भारतीय जनता पार्टी ने कर्नाटक सरकार को 'हिंदू विरोधी' करार दिया है। पार्टी का कहना है कि कांग्रेस मंदिरों से टैक्स

वसूलकर अपना खाली खजाना भरने की कोशिश कर रही है। भाजपा का कहना है कि कांग्रेस हिंदू विरोधी नीतियां अपना रही है। बुधवार को कर्नाटक विधानसभा में पास बिल के तहत सरकार 1 करोड़ रुपये से ज्यादा राजस्व वाले मंदिरों से 10 फीसदी टैक्स वसूल सकती है। साथ ही कहा गया है कि 10 लाख रुपये से 1 करोड़ रुपये के बीच राजस्व वाले मंदिरों से 5 फीसदी कर लिया जाना है। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के बेटे और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने कहा, 'कांग्रेस सरकार, जो राज्य में लगातार हिंदू विरोधी नीतियां अपना रही है। अब उसकी टेढ़ी नजर हिंदू मंदिरों के राजस्व र पड़ी है और खाली खजाना भरने के लिए Karnataka Hindu Religious Institutions and Charitable Endowments Bill 2024 पास किया है।' उन्होंने कहा, 'इसके तहत सरकार 1 करोड़ से ज्यादा आय वाले मंदिरों से 10 फीसदी कर लेगी। यह गरीबी के अलावा कुछ नहीं है। भगवान के लिए श्रद्धालुओं की तरफ से चढ़ाई गई भेंट को मंदिर के रेनोवेशन और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवंटित किया जाना चाहिए।' उन्होंने हैरानी जताई कि आखिर सिर्फ हिंदू मंदिरों को ही क्यों निशाना बनाया जा रहा है।

इसपर कांग्रेस ने भी पलटवार किया है। राज्य सरकार में मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने भाजपा पर राजनीति में धर्म को लाने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही हिंदुत्व की सच्ची समर्थक है।

अंतरिक्ष क्षेत्र में एफडीआई नीति में संशोधन को मंजूरी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने अंतरिक्ष क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नीति में संशोधन को मंजूरी दे दी है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए एफडीआई नीति में संशोधन किया गया है। अब, अंतरिक्ष क्षेत्र को निर्धारित उप-क्षेत्रों/गतिविधियों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के लिए उदार बनाया गया है। एफडीआई नीति में सुधार से आसानी बढ़ेगी। देश में व्यवसाय करने से एफडीआई में वृद्धि होगी और इस प्रकार निवेश, आय और रोजगार में वृद्धि होगी।

कश्मीर के गुलमर्ग में रात का तापमान शून्य से 10.4 डिग्री सेल्सियस नीचे

श्रीनगर (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के पर्यटन स्थल गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट में गुरुवार को तापमान शून्य से 10.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जिससे कश्मीर घाटी में रात के तापमान में गिरावट आई। श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग बुधवार को आंशिक रूप से बहाल होने के बाद कुछ स्थानों पर हुए भूस्खलन के कारण अभी भी वाहन यातायात के लिए बंद है।

एक यातायात अधिकारी ने एक्स पर कहा, जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर किश्तवारी पाथेर में बहाली का काम प्रगति पर है, इसमें कुछ समय और लगेगा।' श्रीनगर लेह रोड भी बर्फबारी के कारण वाहन यातायात के लिए बंद रहा।

कुपवाड़ा जिले में केरन और माछिल सड़कों, अनंतनाग सिंथन और मुगल रोड को जोड़ने वाली सड़कें भी मंगलवार को बर्फबारी के कारण वाहन यातायात के लिए बंद कर दी गईं। जम्मू-कश्मीर के अधिकांश हिस्सों में 25 फरवरी तक मौसम शुष्क रहने के अनुमान हैं और 23 से 25 फरवरी तक दिन में धुप रहने के आसार हैं।

प्रदेश में 26 फरवरी को एक और पश्चिमी विक्षोभ आने के अनुमान जताये गये हैं।

आप ने कांग्रेस को दिल्ली में गठबंधन के लिए दिया नया फॉर्मूला

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के बीच दिल्ली में गठबंधन के तहत चुनाव लड़ने पर सहमति होती नजर आ रही है. सूत्रों के मुताबिक, आम आदमी पार्टी दक्षिणी दिल्ली, उत्तर-पश्चिम दिल्ली, नई दिल्ली और पश्चिमी दिल्ली की सीट पर चुनाव लड़ सकती है. वहीं बांकी बची हुई तीन सीटें उत्तर पूर्वी, चांदनी चौक और पूर्वी दिल्ली कांग्रेस को दी जा सकती है.

केजरीवाल ने दिए थे संकेत

इससे पहले मंगलवार को सीएम केजरीवाल ने कहा था कि राष्ट्रीय राजधानी में सीटों के तालमेल के लिए बातचीत 'अंतिम चरण' में है और जल्द ही दोनों दलों के बीच गठबंधन की घोषणा की जाएगी. उन्होंने कहा कि 'इसमें काफी देर हो चुकी है, यह बहुत पहले हो जाना चाहिए था. देखते हैं कि अगले एक-दो दिन में क्या होता है.' अरविंद केजरीवाल ने आगे बताया कि बाकी अन्य राज्यों में गठबंधन के लिए भी बातचीत हो रही है. बातचीत काफी अच्छी चल रही है।

वहीं दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कहा, 'मुकुल वासनिक की अध्यक्षता वाली समिति 'इंडिया' ब्लॉक के सदस्यों के साथ लगातार बात कर रही है. मेरा इस बारे में टिप्पणी करना उचित नहीं होगा.' दिल्ली में लोकसभा की सात सीटें हैं और सभी सीटें भारतीय जनता पार्टी के पास हैं। आपको बता दें कि पिछले दिनों दिल्ली की 7 लोकसभा सीटों में से आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को एक सीट का ऑफर दिया था।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री संदीप पाठक ने कहा था गठबंधन के तहत दिल्ली में सात लोकसभा सीटों में से 6 लोकसभा सीटों पर खुद आम आदमी पार्टी के चुनाव लड़ने और एक सीट से कांग्रेस को चुनाव लड़ाने का प्रस्ताव दिया गया है. उन्होंने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस लोकसभा और विधानसभा में जीरो सीट पर है. एमसीडी चुनाव में कांग्रेस 250 में से नौ सीटें जीत सकी. संदीप पाठक ने कहा कि अगर आप मेरिट के आधार पर आंकड़े देखें तो कांग्रेस पार्टी का एक भी लोकसभा सीट पर दावा नहीं बनता। तब सीट शेयरिंग पर हो रही बातचीत में देरी को लेकर नाराजगी जताते हुए आम आदमी पार्टी नेताओं ने कहा था कि वो इंतजार करते-करते थक गए हैं और अगर कांग्रेस जल्द ही फाइनल फैसला नहीं लेती है तो आप दिल्ली में उम्मीदवारों का ऐलान भी कर देगी। बता दें कि पिछले कुछ दिनों में इंडिया गठबंधन को तीन बड़े झटके लग चुके हैं. सबसे पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने यह ऐलान किया कि टीएमसी लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। इसके बाद विपक्षी एकजुटता की कवायद के अगुवा नीतीश कुमार ने भी इंडिया गठबंधन का हाथ झटक एनडीए का दामन थाम लिया. यूपी में आरएलडी भी एनडीए के साथ जा चुकी है।

3 राज्यों के लिए गठबंधन फाइनल

इसके अलावा दो अन्य राज्यों में भी आप और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारा फाइनल हो गया है. बंटवारे का जो फॉर्मूला निकाला गया है, उसके मुताबिक दिल्ली में जहां आप 4 सीटों पर लड़ेगी तो कांग्रेस को तीन सीटें दी जाएंगी. वहीं हरियाणा में कांग्रेस, आम आदमी पार्टी को एक तथा गुजरात में 2 सीटें देगी. इसकी आधिकारिक घोषणा जल्द ही की जाएगी।

अग्नि प्रवेश के साथ यज्ञाश्व महायज्ञ की शुरुआत

हरिद्वार /नवी मुंबई/नवप्रदेश। यज्ञाश्व अग्नि के साथ डॉ चिन्मय पण्ड्या के प्रवेश और गायत्री परिवार की अधिष्ठात्री शैल दीदी की घोषणा के साथ अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के मार्गदर्शन में अश्वमेध महायज्ञ के दूसरा दिन का आरंभ विशिष्ट वैदिक मंत्रों संग देव आव्हान से हुआ। पर्यावरण संरक्षण, नारी सशक्तिकरण, नशा मुक्ति विश्व, मानव कल्याण, सहयोग-संगठन और सशक्त राष्ट्र निर्माण के संकल्प को पूरा करने के उद्देश्य से भारत सहित 50 देशों से आये करोड़ों याजक/साधक बहनों-भाइयों ने 1008 हवन कुंड के महानुष्ठान अश्वमेध महायज्ञ में प्रत्यक्ष प्रतिभाग लिया। साथ ही पूरे विश्व में विभिन्न माध्यमों से हो रहे कार्यक्रम के सजीव प्रसारण से जुड़े करोड़ों की संख्या में साधक और साधिकाओं ने अपने-अपने स्थान से महायज्ञ में प्रतिभाग करते हुए यज्ञाग्नि में आहुति दी। गुरुवार को भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सपत्नीक डा. मल्लिका नड्डा महायज्ञ में प्रतिभाग किया और हवन कुंड में आहुति डाली। उनके साथ भाजपा राष्ट्रीय संगठन मंत्री शिवप्रकाश, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, कला एवं संस्कृति मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने सपत्नीक श्रीमती सपना मुनगंटीवार, कौशल एवं रोजगार कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, महाराष्ट्र भाजपा

अध्यक्ष चंद्रशेखर बावन कुड़े, भाजपा मुंबई महानगर अध्यक्ष आशीष सेलार, बॉलीवुड गीतकार समीर, गायक शंकर महादेवन, संगीत एवं गायक हिमेश रेशमिया और टीवी सीरियल महाभारत में भगवान लक्ष्मण की भूमिका निभाने वाले अभिनेता सुनील लहरी सहित बड़ी संख्या में अन्य गणमान्य अतिथियों ने भी आहुति डाली।

वैदिक मंत्र व गायत्री मंत्र के लगातार हो रहे उच्चारण से वातावरण भक्तिमय हो गया है। बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें बच्चे बूढ़े और महिला व पुरुष सभी शामिल है।

रामलला ने तोड़ा रिकॉर्ड, एक महीने में दर्शन को पहुंचे 62 लाख श्रद्धालु

अयोध्या। अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को एक महीने हो गए हैं। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे विधि विधान के साथ भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान में हिस्सा लिया। अब श्याम रंग की शिला से तैयार रामलला के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा है। रामलला हर दिन रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं और नए रिकॉर्ड स्थापित कर रहे हैं। राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश-विदेश के कोने-कोने से

श्रद्धालु दर्शन को पहुंच रहे हैं। एक महीने की अवधि की दौरान 62 लाख लोगों ने राम मंदिर में रामलला के दर्शन किए। वहीं भक्तों ने 50 करोड़ की राशि रामलला को चढ़ावे में दान की।

ट्रस्ट के कार्यालय प्रभारी प्रकाश गुप्ता के मुताबिक, गर्भगृह के सामने दर्शन पथ के पास चार बड़े आकार की दान पेटियां रखी गई हैं, जिनमें श्रद्धालु दान कर रहे हैं। इसके अलावा 10 कम्प्यूटरीकृत काउंटरों पर भी लोग दान करते हैं। इन दान काउंटरों पर मंदिर ट्रस्ट के कर्मचारियों को नियुक्त गया है, जो शाम को काउंटर बंद होने के बाद प्राप्त दान राशि का हिसाब ट्रस्ट कार्यालय में जमा करते हैं।

भारतीय सेना की बहादुरी, मौत के जबड़े से 500 लोगों को बचाया

नई दिल्ली। भारतीय सेना हर मौके पर अपनी ताकत साबित करती नजर आई है। देश को दुश्मनों से बचाना हो या देशवासियों को परेशानियों से निकालना हो, सेना हमेशा सबसे आगे खड़ी नजर आती है। ऐसा ही एक और कारनामा बहादुर जवानों ने किया और जान की बाजी लगाकर बर्फ में फंसे 500 लोगों को सुरक्षित निकाल लाए।

मामला सिक्किम में भारत-चीन सीमा पर नाथुला का है। यहां भारी बर्फबारी के कारण फंसे 500 से अधिक पर्यटकों को बुधवार को बचा लिया। सेना ने एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनुसार सेना की त्रिशक्ति कोर के जवानों ने पूर्वी सिक्किम में अचानक हुई बर्फबारी के कारण फंसे 500 से अधिक पर्यटकों को बचा लिया।

इसमें कहा गया है कि त्रिशक्ति कोर के जवानों को बचाव के लिए वहां भेजा गया और उन्होंने फंसे हुए पर्यटकों को मदद प्रदान की। बयान में कहा गया है कि पर्यटकों को गर्म भोजन और त्वरित चिकित्सा प्रदान की गई व उन्हें सुरक्षित परिवहन उपलब्ध कराया गया।

संदेशखाली में एक और दुष्कर्म का मामला

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में औरतों के साथ बलात्कार और उत्पीड़न के आरोपों का दौर जारी है। खबर है कि अब राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस यानी टीएमसी के बाहुबली नेता शाहजहां शेख के करीबी के खिलाफ एक और रेप केस दर्ज हुआ है। हालांकि, इसे लेकर पुलिस कि तरफ से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। शेख के करीबी और टीएमसी नेता शिबु हाजरा को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

इंडिया टुडे की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि संदेशखाली की रहने वाली महिला ने राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा से मिलने के बाद टीएमसी नेता के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। संदेशखाली पुलिस स्टेशन में ताजा मामला दर्ज कराया गया है। हाल ही में शर्मा संदेशखाली पहुंचीं थीं। उन्होंने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन की मांग की थी। खबर है कि आईपीसी यानी भारतीय दंड संहिता की धारा 376 समेत कई धाराओं के तहत हाजरा के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। हाजरा को पुलिस ने 17 फरवरी को गिरफ्तार कर लिया था।

सोने की खदान ढहने से 15 लोगों की मौत, कई घायल

कराकस। वेनेजुएला के दक्षिणपूर्वी बोलिवर राज्य के अंगोस्टुरा शहर के ला परागुआ में एक खदान ढहने से 15 लोगों की मौत हो गई जबकि 11 अन्य लोग घायल हो गए। यह जानकारी वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने रात को दी। राष्ट्रपति ने कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद फंसे खनिकों का पता लगाने के लिए खोज एवं बचाव दल को इलाके में तैनात किया जा रहा है।

जिस आदेश से मणिपुर सुलगा, हाईकोर्ट ने उसे पलटा

नई दिल्ली। मैतेई समुदाय को एसटी दर्जा देने वाले आदेश को हाई कोर्ट ने पलट दिया है। हाई कोर्ट का मानना है कि उस आदेश की वजह से राज्य में अशांति पैदा हुई थी। पिछले साल मार्च में ही हाई कोर्ट ने कहा था कि राज्य सरकार को मैतेई समुदाय को एसटी दर्जा देने पर विचार करना चाहिए। उस एक आदेश की वजह से हिंसा भड़क गई थी और कुकी समाज में आक्रोश पैदा हो गया था। मणिपुर हिंसा में अभी तक 200 के करीब लोगों की जान जा चुकी है, कई घायल हैं, अपराध चरम पर पहुंच चुका है। हैरानी की बात ये है कि इतने महीनों बाद भी जमीन पर तनाव कम नहीं हुआ है, रोज की हिंसक घटनाएं सामने आ रही हैं। पुलिस के साथ भी तल्खी बढ़ चुकी है और लगातार हमले होते दिख रहे हैं। अब इसी बात को समझते हुए हाई कोर्ट ने अपने ही पुराने आदेश को बदलने का काम किया है।

'दिल्ली चलो मार्च' 2 दिनों के लिए स्थगित, 'ब्लैक डे' मनाएगा संयुक्त किसान मोर्चा

■ युवक की मौत पर 1 करोड़ मुआवजे की मांग

नई दिल्ली। एमएसपी पर कानून बनाने सहित कई अन्य मांगों को लेकर दिल्ली की सीमाओं पर डटे किसानों ने बुधवार को एक युवक की मौत के बाद अपना 'दिल्ली चलो मार्च' फिलहाल रोक दिया है। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि इस बारे में 23 फरवरी को फैसला लिया जाएगा। इस बीच संयुक्त किसान मोर्चा ने आज बड़ा ऐलान किया है। एसकेएम ने कहा कि वह कल देश भर में 'ब्लैक डे' मनाएंगे। इसके साथ ही 14 मार्च को रामलीला

मैदान में प्रदर्शन करेंगे। एसकेएम द्वारा राम लीला मैदान दिल्ली में 14 मार्च को किसान महापंचायत, 26 फरवरी को अपने क्षेत्रों में ट्रैक्टर मार्च आयोजित किया जाएगा। किसान मोर्चा ने कहा कि युवक की मौत की न्यायिक जांच हो। एसकेएम ने मांग की कि प्रदर्शन के दौरान युवक की मौत पर 1 करोड़ का मुआवजा दिया जाये। इससे पहले किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने पंजाब-हरियाणा के खनौरी बॉर्डर पर एक प्रदर्शनकारी किसान की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ बृहस्पतिवार को हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की। पंधेर ने कहा कि पंजाब सरकार को राज्य में प्रवेश करने के बाद किसानों की 25-30 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को नुकसान पहुंचाने के लिए हरियाणा अर्धसैनिक बल के जवानों के खिलाफ कार्रवाई भी करनी चाहिए।

गौरतलब है कि खनौरी बॉर्डर पर हुई झड़प में एक आंदोलनकारी की मौत और लगभग 12 पुलिसकर्मियों के घायल होने के बाद किसान नेताओं ने बुधवार को दो दिन के लिए 'दिल्ली मार्च' रोक दिया था। पंधेर ने पटियाला में संवाददाताओं से कहा, ''हम चाहते हैं कि पंजाब सरकार इस घटना के सिलसिले में भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत मामला दर्ज करे।'' वहीं, किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल ने मांग की कि पंजाब सरकार शुभकरण को शहीद का दर्जा दे। दल्लेवाल ने यह भी मांग की कि पंजाब सरकार हरियाणा के सुरक्षाकर्मियों द्वारा पंजाब के क्षेत्र में 25-30 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को नुकसान पहुंचाने का संज्ञान ले। किसान नेताओं ने खनौरी बॉर्डर पर किसान की मौत के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराने के लिए घरों और वाहनों पर काले झंडे लगाने का भी आह्वान किया।

न्यूज गैलरी

मेला आयोजन के लिए तीन नगरीय निकायों को 45 लाख रुपए जारी

रायपुर/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के निर्देश पर विभाग ने मेलों के आयोजन के लिए 45 लाख रुपए जारी किए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा रतनपुर नगर पालिका को माघी पूर्णिमा मेला के लिए 15 लाख रुपए तथा राजिम कुंभ मेला आयोजन के लिए राजिम नगर पंचायत को 15 लाख रुपए एवं गोबरा नवापारा नगर पालिका को 15 लाख रुपए जारी किए गए हैं।

मंडी बोर्ड की भर्ती परीक्षा 25 को

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड की भर्ती परीक्षा 25 फरवरी को होगी। मंडी बोर्ड रायपुर के लिए सहायक संचालक, सचिव वरिष्ठ, सचिव कनिष्ठ सहित कुल 30 पदों के लिए परीक्षा आयोजित की जा रही है। आप एडमिट कार्ड छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को एक दिन पहले ही परीक्षा केंद्र की जांच करने के लिए कहा गया है, ताकि परीक्षा के दिन उन्हें स्थान संबंधी समस्याओं का सामना न करना पड़े. 25 फरवरी को दो पालियों में होने वाली मंडी बोर्ड की भर्ती परीक्षा रायपुर समेत प्रदेश के 8 जिला मुख्यालयों में होगी। उम्मीदवार अपनी प्रोफाइल पर जाकर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं.

दिया समाज को संदेश, किया नेत्रदान

रायपुर/नवप्रदेश। व्यक्ति कैसा है यह उसके कृतित्व की इमारत पर प्रदर्शित होता है। ऐसा ही एक

अनुकरणीय मरणोपरांत दान नेत्रदान महादान किया स्व. नीलेश शाह ने जिसकी स्वीकृति प्रदान की परिजनों में माता श्रीमती रंजन बेन शाह, भाई मुकेश शाह व राजेश शाह ने। इस नेक कार्य हेतु प्रेरणा दी आनंद पारख,आयुष कांकरिया, ललित काकड़िया व वीरेन्द्र डागा की पहल ने। माध्यम बनी तेरापंथ युवक परिषद्, रायपुर जिसने अरविंदो नेत्रालय के सहयोग से इस कार्य को संपन्न कराते हुए मानव सेवा के अपने दायित्व का निर्वहन किया। तेरापंथ युवक परिषद्, रायपुर ने अपनी संपूर्ण युवा शक्ति की ओर से दिव्यात्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आत्मा के कल्याण हेतु मंगलकामना करते हुए परिजनों के प्रति जागरूकता हेतु साधुवाद दिया है। उल्लेखनीय है कि स्व. नीलेश शाह पिछले अनेक वर्षों से सायकल से शिरडी दर्शन करने जाते हैं और कुछ दिन बाद एक बार फिर से सायकल से शिरडी जाने की तैयारी में थे किंतु अचानक हृदयाघात से उनका देहावसान हो गया। वे प्रतिवर्ष नवरात्रि में डोंगरगढ़ पैदल भी जाते हैं।

चुभने लगी धूप, बढ़ रहा तापमान

रायपुर/नवप्रदेश। बसंत पंचमी पर्व होते ही मौसम में तेजी से बदलाव आ रहा है। दोपहर में अब गर्मी का एहसास होने लगा है तो वहीं रात में अभी भी हल्की ठंड महसूस हो रही है। मौसम विभाग की माने तो इस माहांत के बाद से ही तापमान में वृद्धि शुरू हो जाएगी और तेज गर्मी का दौर शुरू हो जाएगा। तापमान बढ़ने से दिन में धूप चुभने लगी है। इसके पहले इन दिनों पड़ रही हल्की गर्मी से अभी अगले कुछ दिनों तक राहत रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार रात के तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की कमी आ सकती है। इतना ही नहीं अधिकतम तापमान में अभी विशेष परिवर्तन की संभावना कम है। बुधवार को प्रदेश में सबसे अधिक तापमान 34.5 डिग्री सेल्सियस डोंगरगढ़ का दर्ज किया गया है। वातावरण में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। बादलों के बीच कभी तेज धूप तो कभी उमस वाली गर्मी पड़ रही है। हालांकि रात में अपेक्षाकृत मौसम सामान्य ही है। इस कारण फागुन माह के पहले देर रात के बाद हल्की ठंड का अहसास हो रहा है। बुधवार को भी शाम के बाद वातावरण थोड़ी ठंड रही। सुबह मौसम हल्का ठण्ड भरा होता है और धीरे-धीरे वातावरण गर्म होने लगता है।

फ्री हेल्थ कैम्प में लोगों ने कराई जांच

रायपुर/नवप्रदेश। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज रायपुर द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर-2024 का आयोजन आशीर्वाद भवन, बैरन बाजार रायपुर में किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में प्रसिद्ध संस्थाओं ने अपने अनुभवी चिकित्सकों और कर्मचारियों के माध्यम से सुविधाएं उपलब्ध कराई - बालको मेडिकल सेंटर (कैंसर अस्पताल) ने मैमोग्राफी मशीन (स्तन में गांठ की जांच), थर्मल स्कैनिंग, मुख कैंसर परीक्षण (ब्रश साइकोलॉजी), स्त्री कैंसर रोग संबंधी परीक्षण (पेप स्मीयर) एवं सलाह, अन्य जानकारी एवं परामर्श उपलब्ध कराया साथ ही अन्य संस्थाओं ने, स्त आई हॉस्पिटल द्वारा आँखों के नम्बर (पावर) की जाँच, मोतियाबिंद की जाँच, अन्य बीमारी की जाँच, शुगर की जाँच, ब्लड प्रेशर जाँच, वजन की जाँच... हियरिंग केयर सेंटर रायपुर द्वारा (कान की जाँच) द्वारा सुनने की क्षमता जाँच, बच्चों के सुनाई जाँच, श्रवण यंत्र, बोलने से संबंधित थेरेपी, बिहेवियर (व्यवहार) थेरेपी (बच्चों के लिए) ...योगा प्रशिक्षण (ख्याति टांक, स्नातक डिग्री पतंजलि विश्वविद्यालय हरिद्वार, स्नातकोत्तर डिग्री स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय बैंगलोर) द्वारा - मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर, शुगर, जोड़ो का दर्द, थायराइड आदि प्रशिक्षण एवं उपलब्ध कराया.. इस शिविर में समाज के सदस्यों ने उत्साह से अपने भागीदारी निभा कर स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ उठाया.. करीब 300 व्यक्तियों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण करवाया ..शिविर अपने पूर्व निर्धारित समय प्रातः 8.30 बजे से प्रारंभ हो गया।

एम्स की वीआरडी लैब बनेगी अत्याधुनिक आईडीआरडी लैब

- आईसीएमआर देश की आठ लैब को उन्नत बना रहा, एम्स की लैब भी इसमें शामिल
- नई लैब में वायरल, बैक्टेरियल, फंगल और पैरासिटिक एटियोलॉजी की जांच आसान होगी

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की वायरस रिसर्च एंड डायग्नोस्टिक (वीआरडी) लैब को इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च ने इंफेक्शियस डिजिज रिसर्च एंड डायग्नोस्टिक (आईडीआरडी) लैब में उन्नत करने का निर्णय लिया है। उन्नति के लिए देश की चुनिंदा आठ वीआरडी लैब में एम्स की लैब शामिल की गई है। उन्नतिकरण के बाद लैब में वायरल, बैक्टेरियल, फंगल और पैरासिटिक एटियोलॉजी की जांच करने में काफी सुविधा होगी। इससे राज्य में विभिन्न रोगों को के प्रसार को रोकने के संयुक्त प्रयासों में काफी सहायता मिलेगी।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत आईसीएमआर और चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा देशभर में 157 वीआरडी लैब में से आठ को आईडीआरडी लैब में परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया है। इसमें एम्स की वीआरडी लैब को भी शामिल किया गया है। इस संबंध में आईसीएमआर के दो वरिष्ठ विशेषज्ञों डॉ. जयंती शास्त्री, चेयर प्रोफेसर, एमयूएचएस, क्षेत्रीय केंद्र, मुंबई और डॉ. बैजंतीमाला मिश्रा, माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष, एम्स भुवनेश्वर ने एम्स का दौरा कर लैब में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। टीम ने निरीक्षण के बाद अत्याधुनिक वीआरडी लैब को आईडीआरडी लैब में परिवर्तित करने के लिए सर्व सुविधायुक्त पाया। कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल (रिटा.) अशोक जिंदल ने इस प्रमुख उपलब्धि के लिए माइक्रोबायोलॉजी विभाग के चिकित्सकों को बधाई दी और लैब को उन्नत बनाने में एम्स की ओर से पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। उनका कहना है कि इसके लिए आईसीएमआर द्वारा नई मशीनों, रसायनों और तकनीकी कर्मचारियों की नियुक्ति में सहायता प्रदान की जाएगी। लैब के उन्नतिकरण के बाद इससे छत्तीसगढ़ और निकटवर्ती राज्यों को विभिन्न रोगों को रोकने में मदद मिलेगी। बैठक में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रेनू राजगुरु के अतिरिक्त त्वचा रोग विभाग, ईएनटी, बाल रोग, पल्मोनरी मेडिसिन, सीएफएम, माइक्रोबायोलॉजी, सर्जरी और ट्रामा एवं इमरजेंसी के शिक्षकों ने भाग लिया। आईडीआरडी लैब के लिए प्रो. अनुदिता भार्गव नोडल अधिकारी बनाई गई हैं। प्रो. पद्मा दास को बैक्टियोरोलॉजी लैब और प्रो. अर्चना केचे को माइकोलॉजी और पैरासिटोलॉजी लैब का पीआई बनाया गया है।

अतिक्रमण से जुड़ी शिकायतों का निराकरण जल्द करें : कलेक्टर

- कार्यक्षेत्र में व्यवधान उत्पन्न करने वाले असामाजिक तत्वों पर पुलिस करेगी तत्काल कार्रवाई : एसपी

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर रेडक्रास सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने ज़िले के समस्त विभागों के अधिकारियों को लंबित कार्यों के यथासंभव निराकरण करने निर्देशित किया। उन्होंने ज़िले के नगर निगम तथा अन्य नगरीय निकायों में अतिक्रमण से संबंधित प्राप्त शिकायतों को पुलिस, राजस्व और नगर निगम से समन्वय स्थापित कर तत्काल निराकरण करने निर्देश दिया। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के पूर्व पुलिस को अवश्य सूचना प्रदान करें। साथ ही माघ पुन्नी पर होने वाले राजिम मेले में स्टॉल लगाने की तैयारियों पर जानकारी ली एवं समस्त विभागों का व्यवस्थित स्टाल लगाने कहा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से कहा कि विभागीय स्टॉल के साथ स्वास्थ्य परीक्षण की भी व्यवस्था की जाए। एसपी संतोष सिंह ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और अन्य विभाग समन्वय बनाकर कार्य करेंगे। यदि किसी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी को शासकीय कार्य के दौरान लॉ एंड आर्डर से जुड़ी समस्या आए तो पुलिस अधिकारियों को तुरंत सूचना प्रदान करें उन्हें तत्काल सहायता दी जाएगी। कार्यक्षेत्र में व्यवधान उत्पन्न करने वाले असामाजिक तत्वों पर पुलिस करेगी तत्काल कार्रवाई करेगी। कलेक्टर ने कहा कि ज़िले में कार्यरत सभी विभाग आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करें। साथ ही कहा कि श्रम विभाग को स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग से समन्वय करते हुये अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीयन करने एवं उन्हें महतारी जतन योजना एवं छात्रवृत्ति सहायता योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ दी जाए। उल्लेखनीय है कि महतारी जतन योजना अंतर्गत पंजीकृत महिला श्रमिक को प्रथम दो प्रसव पर बच्चे के जन्म के तीसरे महीने तक आवेदन करने पर एक मुफ्त 20 हज़ार रूपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है। बैठक में कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों से उठाव कार्य को तेज़ी से पूर्ण करने निर्देश दिया। अधिकारियों ने बताया कि ज़िले में 100 प्रतिशत डीओ जारी कर दिया गया है और 92 प्रतिशत उठाव कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने महतारी वंदन योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का एंट्री जल्द करने निर्देश दिया। महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि अब तक ज़िले में कुल 5 लाख 28 हज़ार 527 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिनमे से लगभग पाँच लाख से अधिक आवेदनों की एंट्री कर ली गई है और शेष आवेदनों की भी यथशीघ्र एंट्री कर ली जायेगी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ और अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ में 33 हजार शिक्षकों की भर्ती की तैयारियां तेज

- जल्द होगा टीईटी की परीक्षा
- शिक्षा मंत्री बृजमोहन ने दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने एससीईआरटी संचालक राजेंद्र कटारा को राज्य में जल्द शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) आयोजित कराने के निर्देश दिए है। शिक्षा मंत्री श्री अग्रवाल के निर्देश के बाद एससीईआरटीने व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) को पत्र लिखकर राज्य में जल्द से जल्द टीईटी परीक्षा के आयोजन के लिए कहा है। श्री अग्रवाल का कहना है कि उन्होंने विधानसभा में राज्य में 33 हजार शिक्षकों की भर्ती की घोषणा की थी। उसी क्रम में राज्य में टीईटी की परीक्षा के आयोजन की तैयारी की जा रही है। हमारी सरकार में किसी भी युवा के साथ अन्याय नहीं होगा। ज्यादा से ज्यादा युवा भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो सके इसके लिए टीईटी परीक्षा के आयोजन की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि परीक्षा को पूरी पारदर्शिता के साथ आयोजित किया जाएगा। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में करीब 3 साल से टीईटी परीक्षा का आयोजन नहीं हुआ है, जिसके कारण शिक्षक बनने का सपना देखने वाले युवाओं में काफी निराशा है, जिसके चलते युवा अभ्यर्थी शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को राज्य में टीईटी परीक्षा आयोजित करने के लिए ज्ञापन सौंपा था।

एनएसजी ने की मॉकड्रिल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर को आतंकियों के हमले से बचाने का मिशन चलाया गया। मशीन गन, बम स्क्वॉयड, डॉग टीम के साथ कमांडो मंत्रालय में घुसे। ये कोई साधारण कमांडो नहीं नेशनल सिक्योरिटी गार्ड के ब्लैक कैट कमांडो थे। दरअसर रायपुर में किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एनएसजी ने बुधवार को मॉकड्रिल की। सबसे पहले नवा रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में कमांडोज पहुंचे। यहां मंत्रियों और प्रदेश सरकार के अधिकारियों का आना-जाना होता है। एनएसजी की टीम ने इस पूरी बिल्डिंग को अपने कब्जे में लिया हर माले पर जाकर चेकिंग की गई।

मंत्रालय में ब्लैक कैट

इसके बाद जांबाज कमांडोज की टुकड़ी मंत्रालय परिसर में पहुंची। यहां भी मंत्रालय बिल्डिंग के मुख्य हिस्सों की जांच की। टीम ने ये देखा कि यदि कुछ लोगों को बंधक बना लिया जाए तो टीम इस बिल्डिंग में कैसे ऑपरेट करेगी। फायरिंग की दशा में क्या हालात बन सकते हैं। इन सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखकर कमांडोज ने इन हिस्सों में ट्रेनिंग की। मॉकड्रिल युद्ध के हालात की प्रैक्टिस NSG के कमांडोज जब इस तरह की मॉकड्रिल करते हैं तो युद्ध जैसे हालातों को ध्यान में रखकर प्रैक्टिस करते हैं। कमांडोज को काल्पनिक सिचुएशन दी जाती है। जैसे मंत्रालय के चौथे माले के 15वें कमरे में आतंकियों ने 20 लोगों को बंधक बनाया है उन्हें लेकर सुरक्षित लौटना है। कमांडोज को इसके लिए तय समय सीमा में बिल्डिंग में सीढ़ियों के रास्ते या रस्सियों के सहारे पहुंचकर एक्शन करना होता है। सिक्योरिटी में आने वाले मुश्किलों को रिव्यू किया जाता है। खबर है कि रायपुर में कुछ भीड़-भाड़ के हिस्सों में भी कमांडोज प्रैक्टिस करेंगे।

माघ पूर्णिमा पर स्नान का ब्रह्म मुहूर्त अभिजीत मुहूर्त का भी बन रहा शुभ योग

रायपुर/नवप्रदेश। वैदिक पंचांग के अनुसार, माघ माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 23 फरवरी दोपहर 03:33 से शुरू होगी और इस तिथि का समापन 24 फरवरी शाम 05:59 पर होगा. हिन्दू धर्म में उदया तिथि का विशेष महत्व है, ऐसे में माघ पूर्णिमा व्रत 24 फरवरी 2024, शनिवार के दिन रखा जाएगा. पंचांग बताया गया है कि पूर्णिमा तिथि के दिन सूर्योदय सुबह 06:42 पर होगा. वहीं इस दिन ब्रह्म मुहूर्त सुबह 05:11 से सुबह 06:02 के बीच रहेगा. पूर्णिमा तिथि के दिन स्नान के लिए ब्रह्म मुहूर्त को बहुत ही उपयुक्त समय माना जाता है. साथ ही बता दें कि दान-पुण्य के लिए अभिजीत मुहूर्त को विशेष महत्व दिया गया है. इस दिन अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:11 से दोपहर 12:55 तक रहेगा.

माघ पूर्णिमा पूजा महत्व

शास्त्रों में पूर्णिमा तिथि के महत्व को विस्तार से बताया गया है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जो व्यक्ति पूर्णिमा तिथि के दिन पूजा-पाठ और स्नान-दान करता है. उन्हें सभी प्रकार के दुखों से मुक्ति मिल जाती है और जीवन में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। इस विशेष दिन पर भगवान विष्णु की उपासना करने से धन ऐश्वर्य और आरोग्यता का आशीर्वाद प्राप्त होता है.

एसआरयू में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

- योग शरीर, मन,आत्मा और उत्तम स्वास्थ्य के आवश्यक है-प्रो. शर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में इंटर-यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर योगिक साइंस (आईयूसी-वाईएस) बेंगलुरू के तत्वाधान पर कला संकाय के अंतर्गत योग विभाग द्वारा तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन किया गया जिसका विषय ÷योग वेंचरः एक्सप्लोरिंग द जर्नी आफ बॉडी, माइंड और सॉल है। इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के शुभारंभ में मुख्य अतिथि के रूप में आई.यू नई दिल्ली के चेयरमैन प्रो. जीडी शर्मा शामिल हुए।आयोजन के अंतर्गत तकनीकी सत्र में विभिन्न प्रतिनिधियों ने अपने विषयों में विस्तार पूर्वक पेपर प्रेजेंटेशन दिया जिसमे इंस्टिट्यूट ऑफ़ एडवांस साइंस (यू .एस .ए) के प्रो. बलराम सिंह ने वर्चुअल माध्यम से तकनीकी सत्र को भी संबोधित किया। आयोजन के शुभारंभ में

मुख्य अतिथि के साथ- साथ , विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ योग आयोग सचिव श्री एम. एल पाण्डेय, सम्मानित अतिथि प्रो. भगवंत सिंह(पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय) और विवि के पूर्व प्रति-कुलाधिपति श्री राजीव माथुर ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए योग के विषय में अपने विचार व्यक्त किए।

महिला बाल विकास विभाग ने रुकवाया बाल विवाह

रायपुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग एंव चाइल्ड हेल्पलाईन 1098 की संयुक्त टीम द्वारा बेमेतरा जिले में नाबालिग बालिका का विवाह रुकवाया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी सह जिला बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी को जिले के एक गांव में नाबालिग बालिका का विवाह बिलासपुर के एक युवक से किये जाने की सूचना मिली। सूचना के मिलते ही महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग एंव चाइल्ड हेल्पलाईन 1098 की संयुक्त टीम गठित कर गांव भेजा गया। संयुक्त टीम ने विवाह के चार दिन पहले कार्यवाही कर नाबालिग बालिका का विवाह रुकवाया। वर पक्ष को भी दूरभाष के माध्यम से समझाइश दी गई। साथ ही बिलासपुर जिला बाल संरक्षण इकाई से समन्वय स्थापित कर जिला बाल संरक्षण इकाई बिलासपुर के द्वारा वर पक्ष के निवास पर जाकर समझाइश दी गई।

आयुष्मान : फ्री इलाज की सारी प्रक्रिया ऑनलाइन शुरु

रायपुर/नवप्रदेश। आयुष्मान भारत योजना से फ्री इलाज की सारी प्रक्रिया ऑनलाइन शुरू कर दी गई है।

मरीजों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने के बाद टीएमएस पोर्टल के माध्यम से इलाज की मॉनीटरिंग की जा रही है। निजी और सरकारी अस्पतालों में इलाज के दौरान मरीजों को होने वाली दिक्कतों की शिकायतें भी ऑनलाइन ही सुनी जा रही है। टोल फ्री नंबर पर शिकायत करने पर कुछ ही घंटों के भीतर मरीजों की समस्या को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों के अनुसार हेल्थ का पूरा सिस्टम नवा रायपुर में सेक्टर-19 में शिफ्ट हो गया है। एक ही जगह सभी विभाग संचालित किए जा रहे हैं।

इसी वजह से स्टेट नोडल एजेंसी के ऑफिस को भी वहीं शिफ्ट किया गया है। अफसरों का दावा है कि नवा रायपुर में सभी कार्यालय एक जगह होने से पूरे सिस्टम की निगरानी बेहतर हो गई है। ऑनलाइन सिस्टम से कम से कम समय में मरीजों के इलाज से संबंधित सभी प्रक्रिया को पूरा किया जा रहा है। मरीजों को भटकना नहीं पड़ रहा है।

टोल फ्री 104 या 14555 पर करें कॉल

आयुष्मान भारत योजना से फ्री इलाज में प्राइवेट या सरकारी अस्पताल में भर्ती होने में किसी तरह की दिक्कत हो रही या इलाज के दौरान लापरवाही बरती जा रही है। अथवा प्राइवेट अस्पताल में अतिरिक्त पैसे लिए जा रहे हैं? ऐसी किसी भी शिकायत के लिए मरीज या उनके रिश्तेदार स्टेट नोडल एजेंसी के टोल फ्री नंबर 104 या राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण टोल फ्री नंबर 14555 पर कॉल कर अपनी परेशानी बता सकते हैं।

पीठ दर्द से परेशान हैं, नहीं चाहते दवाई खाना तो फिजियोथैरेपी से मिलेगी राहत

रायपुर/नवप्रदेश। आज की आधुनिक जीवन शैली में ज्यादातर लोगों को पीठ दर्द की शिकायत है। महाराष्ट्र मंडल के फिजियोथैरेपी सेंटर में आने वाले मरीजों में से अनेक पीठ के दर्द से ही परेशान रहते हैं। पीठ दर्द का संबंध व्यक्ति की आयु से कम और उसकी जीवनशैली से अधिक होता है। कुछ लोग सामान्य पेन किलर लेकर तात्कालिक आराम ढूंढने की कोशिश करते हैं। कई लोगों को ज्यादा काम की वजह से परेशानी हो रही है। ऐसे मरीज दवाओं से इससे राहत पाना चाहते हैं। ऐसे में फिजियोथैरेपी आपको काफी राहत दे सकती है। महाराष्ट्र मंडल के फिजियोथैरेपी सेंटर की डॉ. संगीता कश्यप ने मरीजों को इस आशय का सुझाव दिया। डॉ. कश्यप ने बताया कि पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कई कारण हो सकते हैं। इसमें तनावग्रस्त मांसपेशियों व नसों तक कई कारण हो सकते हैं। पीठ के निचले हिस्से में दर्द किसी गंभीर चोट के कारण भी हो सकता है, जैसे कोई बड़ा भार उठाना या मोड़ना।

उम्र बढ़ने से अपक्षयी रीढ़ की हड्डी में असामान्यताएं भी होती हैं, जो 30 वर्ष या उससे भी पहले शुरू हो सकती हैं। डा. संगीता ने कहा कि फिजियोथैरेपी के लिए

इस्तेमाल की जाने वाली ट्रांसक्यूटेनियस इलेक्ट्रिकल न्यूरोमस्कुलर स्टिमुलेशन (टेंस) पीठ के दर्द से राहत देने की अच्छी तकनीक है। इस उपकरण की मदद से पीड़ित व्यक्ति बिना किसी दवा के पीठ दर्द को सफलतापूर्वक खत्म कर सकते हैं। तंत्रिका उत्तेजना के माध्यम से मांसपेशियों की ताकत बढ़ाने में मदद ली जा सकती है, जो शरीर के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह दर्द या सूजन वाली मांसपेशियों में रक्त परिसंचरण में सुधार करता है।

बच्चों ने उत्साह के साथ भोजन का लिया आनंद

- 86 छात्रावासों में न्योता भोज का हुआ आयोजन
- केक काटकर मनाया गया मुख्यमंत्री का जन्मदिन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जन्म दिवस के अवसर पर बालोद जिले के सभी 86 छात्रावासों में न्योता भोज का आयोजन किया गया था। बच्चों ने उत्साह के साथ भोजन किया और मुख्यमंत्री जी का जन्म दिवस मनाया गया। न्योता भोज में बच्चों के लिए चावल, दाल, हरी सब्जी, आचार, पापड़, खीर, पूड़ी, हलवा जैसे स्वादिष्ट पकवान परोसे गए। उल्लेखनीय है कि न्योता भोज सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यह एक ऐसा अवसर है जहां बच्चों के साथ अपनी खुशियां मनाई जा सकती है। न्योता भोज के रूप में बच्चों के साथ शामिल होकर इस दिन को विशेष रूप से भोजन करा सकते है। विभिन्न त्यौहारों, अवसरों वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह और राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर समुदाय के लोग अथवा कोई भी सामाजिक संगठन पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते है।

सुविचार

मन और मकान दोनों की समय समय पर सफाई करना जरूरी है। सफाई न करने से मकान में फालतू कचरा और मन में बेमतलब की गलतफहमियां जमा हो जाती हैं। - अज्ञात

संपादकीय

ये कैसा आंदोलन

पिछले 9 दिनों से पंजाब के किसान संगठनों ने एमएसपी की गारंटी सहित अन्य मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ आंदोलन छेड़ रखा है। यह ठीक है कि किसानों को भी अपनी मांगों को लेकर आंदोलन करने का पूरा अधिकार है लेकिन आंदोलन शांतिपूर्ण होना चाहिए। दिल्ली के बॉर्डर पर जो हजारों की संख्या में किसान आंदोलनकारी एकत्रित हो गए हैं। उनके पास 2 हजार से ज्यादा ट्रैक्टर हैं पोकलेन हैं और जेसीबी भी है। ट्रैक्टरों को किसानों ने टैंक के रूप में परिवर्तित कर रखा है। वहीं जेसीबी को बख्तरबंद गाड़ी बना रखा है। लाठी और गंडासे भी कुछ लोगों के पास देखे गए हैं। ये सभी किसान दिल्ली जाना चाहते हैं और वहां जाकर शांतिपूर्ण आंदोलन करने की बात कह रहे हैं। लेकिन इनकी तैयारी देखकर तो ऐसा लगता है कि यं आंदोलन करने नहीं बल्कि सरकार से दो- दो हाथ करने के ख्वाहिशमंद हैं। पिछले किसान आंदोलन के समय किसानों ने दिल्ली में जो उत्पात मचाया था। उसे देखते हुए सरकार ने किसानों को दिल्ली में न घुसने देने के लिए मार्ग में अवरोध खड़े कर दिए हैं। बड़ी संख्या में बॉर्डरों पर पुलिस और अर्ध सैनिक बलों की तैनाती की गई है। किसान संगठन इस अवरोध को तोड़ना चाहते हैं। इसलिए किसानों और पुलिस कर्मियों के बीच तनाव की स्थिति निर्मित हो गई हैं। आंदोलित किसानों के एक समूह ने पुलिस कर्मचारियों को घेर कर उनके ऊपर मिर्च पाउडर मिली पानी फेंक दी और उनके साथ मारपीट भी की। जिससे 12 पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस बल की सराहना करनी होगी कि इस हमले के बाद भी उन्होंने अपना संयम नहीं खोया। इस घटना से ऐसा प्रतीत होता है कि किसानों के बीच में विघ्नसंतोषी अराजक तत्व भी घुसपैठ कर चुके हैं। जिनकी यह मंशा है कि किसानों और पुलिस के बीच झड़प हो और पुलिस कड़ी कार्यवाही करने के लिए बाध्य हो। किसान संगठन के नेता एक तरफ तो सरकार के साथ वार्ता कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ किसानों का आंदोलन हिंसक रूप लेता नजर आ रहा है। जो कतई उचित नहीं है। सरकार किसानों की मांगों पर विचार कर रही है। और उनकी अधिकांश मांगे मानी जा चुकी हैं। एमएसपी सहित जो कुछ अन्य मांगें हैं। उसपर वार्ता करके ही कोई रास्ता निकल पाएगा। इस तरह के आंदोलन से शायद ही कुछ हासिल हो। फिलहाल किसान संगठनों ने दो दिनों के लिए दिल्ली कूच को स्थगित कर दिया है और वह सरकार के साथ बातचीत करने के लिए तैयार हैं। यह अच्छी बात है। चाहे समस्या कितनी भी बड़ी हो आपसी बातचीत से ही उसका समाधान होता है। यह बात आंदोलित किसान संगठनों को समझनी चाहिए और सरकार के साथ टकराव का रास्ता छोड़कर बातचीत को प्राथमिकता देनी चाहिए। किसान संगठनों को अपने बीच घुसपैठ कर चुके अराजक तत्वों की पहचान कर उन्हें इस आंदोलन से अलग करना चाहिए। जो उत्तेजक नारे लगाकर और विवादास्पद बयानबाजी कर माहौल को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। इसके साथ किसानों को उन राजनीतिक पार्टियों के बहकावे में भी नहीं आना चाहिए जो इस आंदोलन की आग में अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने का प्रयास कर रहे हैं। बेहतर होगा कि किसान संगठनों के नेता अपने इस आंदोलन को दिशाहीन होने से बचाएं और इसे हिंसक तो हरगिज न होने दें। उन्हें सरकार पर भरोसा रखना चाहिए जो लगातार उनके साथ वार्ता कर रही है। उम्मीद की जानी चाहिए की सरकार और किसान संगठनों के बीच होने वाली अगली वार्ता में किसानों की वाजिब मांगे पूरी हो जाएंगी।

राजिम कुंभ के नाम पर आपत्ति अनुचित

छत्तीसगढ़ का प्रयागराज कहे जाने वाले राजिम में इस साल 24 फरवरी से 8 मार्च तक राजिम कुंभ कल्प का आयोजन होने जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग ने आयोजन को भव्य बनाने की तैयार कर ली है किन्तु विधानसभाा में कांग्रेस के एक विधायक ने राजिम कुंभ नाम रखने पर आपत्ति जताई है जो अनुचित है। गौरतलब है कि 2005 में तात्कालिन डॉ. रमन सिंह सरकार के दौरान इसे राजिम कुंभ का नाम दिया गया था। 2001 से इसे राजिम मेला या राजिवलोचन महोत्सव के रूप में मनाया जाता था किन्तु भाजपा की सरकार बनने के बाद इसे राजिम कुंभ का नाम दिया गया और इसे देश के पांचवें कुंभ के रूप में पहचान दिलाने की कोशिश की गई किन्तु 2019 में भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने राजिम कुंभ की जगह इसे राजिम पुन्नी मेला महोत्सव का नाम दे दिया। इसके साथ ही यहां हर साल देशभर के साधु संतों का लगने वाला जमावड़ा धीरे धीरे कम होता गया। अब भाजपा की सरकार बनने के बाद जब इसे फिर से राजिम कुंभ कल्प का नाम दिया गया तो कांग्रेस के नेता इसका विरोध कर रहे हैं। और यह आरोप लगा रहे हैं कि यह हमारी संस्कृति को मिटाने की कोशिश है। जबकि सच तो यह है कि कांग्रेस ने ही अपने कार्यकाल में छत्तीसगढ़ की संस्कृति और इतिहास के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश की थी। गौरतलब है कि राजिम कुंभ न सिर्फ छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश के लाखों करोड़ों लोगों की आस्था और विश्वास का प्रतीक है। बहरहाल राजिम कुंभ के नाम को लेकर विवाद करना ठीक नहीं है। अब इस विवाद का पटाक्षेप हो जाना चाहिए।

आशीष वशिष्ठ

सपा-कांग्रेस गठबंधन से त्रिकोणीय हुई लड़ाई

उसे लोकसभा चुनाव में 42 प्रतिशत वोट मिले थे, विधानसभा चुनाव में उसके वोट प्रतिशत में ज़्यादा गिरावट नहीं आई। कांग्रेस का पिछले विधानसभा चुनाव में वोट प्रतिशत 11.6 था जो कि 6.2 पर आ गया। सपा का वोट प्रतिशत 29.2 था जो कि 21.8 पर ठहर गया है। उत्तर प्रदेश की राजनीति के जानकारों की माने तो समाजवादी पार्टी का साथ मिलने के चलते अधिकतर सीटों पर कांग्रेस लड़ाई में आ सकेगी। हालांकि, 2019 में सपा व और बसपा जैसे दो बड़े जातीय क्षत्रपों के साथ रहने के बाद भी भाजपा गठबंधन ने यूपी में 64 सीटें जीत ली थीं। अमेठी व कन्नौज में तो समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी ,कांग्रेस व रालोद सहित पूरा विपक्ष साथ लड़ा था, लेकिन जीत भाजपा को मिली थी। इस बीच मिशन क्लीन स्वीप के लिए भाजपा जहां पश्चिमी उत्तर प्रदेश में प्रभाव रखने वाले रालोद को वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश के दलों को भी एनडीए में शामिल करने के साथ ही प्रभावशाली नेताओं को अपने पाले में लाने में जुटी हुई है। ऐसे में यह तो साफहै कि चुनाव में त्रिकोणीय लड़ाई देखने को मिलेगी। त्रिकोणीय लड़ाई होने से एनडीए को उन सीटों पर भी फायदा होने की उम्मीद है जहां खासतौर से मुस्लिम, दलित व पिछड़ों की आबादी है। सपा-कांग्रेस और बसपा में मतदाताओं के बंटने से एनडीए की जीत की संभावना बढ़ जाएगी। इसलिए, सपा-कांग्रेस को 2024 के लोकसभा चुनाव में जीत के लिए जमीन पर और पसीना बहाना पड़ेगा।

आखिरकार कांग्रेस और सपा के गठबंधन पर मुहर लग ही गई। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के समय शुरू हुई तीखी बयानबाजी और तल्ख रिशतों के बीच तमाम ऐसे मौके आए, जब लगा कि यह गठबंधन सिरे नहीं चढ़ेगा। लेकिन अंत भला तो सब भला। सीटों का बंटवार ऐसे समय हुआ है जब राहुल गांधी की भारत जोड़ों न्याय यात्रा उत्तर प्रदेष में है। ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या सपा कांग्रेस का गठबंधन भाजपा को चुनौती दे पाएगा? क्या कांग्रेस और सपा के साथ से उत्तर प्रदेश की राजनीतिक समीकरण और नतीजे बदलेंगे? क्या सपा कांग्रेस की दोस्ती से बसपा का नुकसान होगा? क्या सपा और कांग्रेस मिलकर भाजपा के चार सौ पार के मिशन को यूपी में रोकने में सफल होंगे?

कांग्रेस और सपा दोनों की जमीनी स्थिति ऐसी है कि मतभेद और मनभेद के बाद भी दोनों को गठबंधन करना पड़ा। दरअसल, उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और सपा का सियासी आधार एक ही वोट बैंक पर टिका है, वो मुस्लिम मतदाता हैं। सपा इस बात को बखूबी जानती है कि अगर एक बार मुस्लिम मतदाता उसे छिटकर कांग्रेस के पाले में चला गया तो उसे दोबारा वापस लाना मुश्किल हो जाएगा। हाल में हुए चुनाव का वोटिंग पैटर्न को देखें तो मुस्लिम वोटर एक बार फिर से कांग्रेस की तरफलौट रहा है, खासकर राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद से सियासी हालात बदले हैं। ऐसे में तमाम दल जो कांग्रेस के कोर वोट बैंक पर काबिज और अपने अपने राज्य में बड़े भाई की भूमिका में हैं. ऐसे में वे कांग्रेस को दोबारा से उभरने का मौका नहीं देना चाहते हैं। सीट बंटवारे में जो देरी हुई उसकी वजह मुस्लिम बहुल सीटें ही बतायी जाती हैं। फिलवक्त सपा प्रमुख पीडीए का फार्मूला जमीन पर उतारने के लिए मेहनत कर रहे हैं।

सीट बंटवारे में कांग्रेस के हिस्से में 17 सीटें आई हैं। जबकि समाजवादी पार्टी 63 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। समाजवादी पार्टी चंद्रशेखर आजाद की 'आजाद समाज पार्टी' समेत कुछ छोटे दलों को अपने कोटे से सीट दे सकती है. यानी अखिलेश यादव और सपा को तय करना है कि गठबंधन में सपा के साथ बाकी कौन सी पार्टियां 63 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। यूपी में 7 साल बाद कांग्रेस और सपा दोबारा एक साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। दोनों दलों ने साथ मिलकर 2017 का विधानसभा चुनाव लड़ा था।

सीट बंटवारे को लेकर हुए समझौते के तहत कांग्रेस अमेठी, रायबरेली, कानपुर नगर, फतेहपुर सीकरी, बांसगांव, सहारनपुर, प्रयागराज, महराजगंज, वाराणसी, अमरोहा, झांसी, बुलंदशहर, गाज़ियाबाद, मथुरा, सीतापुर, बाराबंकी और देवरिया सीट पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। सपा ने कुछ सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। सीट बंटवारा होने के बाद वाराणसी समेत कुछ सीटों पर उम्मीदवारों के नाम वापस लिए जा सकते हैं।

सपा ने वाराणसी सीट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने सुरेंद्र सिंह पटेल को उतारा है। सीट बंटवारे के बाद ये सीट कांग्रेस के कोटे में चली गई है। ऐसे में यहां से उम्मीदवार वापस लिया जाएगा।

कांग्रेस के साथ हाथ मिलाने व उसके कोटे की सीटें बढ़ाने के पीछे दो अहम फैक्टर माने जा रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि रालोद के जाने के बाद सपा के पास उसके कोटे की 7 सीटें खाली थीं। कांग्रेस को पहले ही 11 सीट का वादा किया जा चुका था। इसमें रायबरेली-अमेठी शामिल नहीं थी। इनको मिला लें तो 13 सीटों पर सपा पहले ही तैयार थी। रालोद के जाने के बाद उदारता दिखाना आसान हो गया। अंदरखाने यह भी फीडबैक था कि अल्पसंख्यक वोटरों में कांग्रेस को लेकर रुझान बेहतर हुआ है।

प्रदेश की 25 से अधिक लोकसभा सीटों पर अल्पसंख्यक वोटरों की भूमिका प्रभावी है। ऐसे में कांग्रेस के अलग लड़ने से इन वोटरों के बंटवारे का भी खतरा था, जिसका सीधा नुकसान सपा को हो सकता था। हाल में राज्यसभा के टिकट सहित अन्य मसलों को लेकर भी सपा में मुस्लिमों की भागीदारी को लेकर सवाल उठे थे। इसलिए भी सपा ने वोटरों में एकता का संदेश देने का दांव खेला है। हालांकि, सीटों के बंटवारे में उसके कोर वोटरों को किसी और के पाले में खिसकने का खतरा न हो, इस पर सपा ने खास ध्यान दिया है। कांग्रेस को मिली सीटों में अमरोहा और सहारनपुर ही ऐसी है, जहां अल्पसंख्यक वोटर चुनाव का रुख बदलने की क्षमता रखते हैं।

उत्तर प्रदेष के चुनावी मैदान में कांग्रेस भले 17 सीटों पर उतरेगी, लेकिन जानकारों का मानना है कि गठबंधन में वह अधिक फायदे में है। जो 17 सीटें उसे मिली हैं, उसमें रायबरेली ही उसके खाते में है। जबकि, अमेठी, कानपुर व फतेहपुर सीकरी में कांग्रेस दूसरे नंबर पर थी। बांसगांव में पार्टी ने प्रत्याशी ही नहीं उतारा था। बाराबंकी, प्रयागराज, वाराणसी, झांसी, गाजियाबाद में सपा दूसरे नंबर पर थी। 2019 में कांग्रेस ने 1977 के बाद का सबसे खराब प्रदर्शन किया था और उसके एक सीट मिली थी। वोट 7 प्रतिशत से भी नीचे आ गए थे।

यदि 2014 के लोकसभा चुनाव के आंकड़ों को देखें, बीजेपी ने अकेले दम पर 71 सीटों के साथ 42.63 फ़ीसदी वोट हासिल किए थे। समाजवादी पार्टी को 22.35 फ़ीसदी वोट और पांच सीटें मिली थीं लेकिन बीएसपी को 19.7 फ़ीसदी वोट मिलने के बावजूद वो एक भी सीट नहीं जीत पाई। वहीं कांग्रेस महज़ 7.53 फ़ीसदी मतों के बावजूद दो सीटें जीतने में क़ामयाब हो गई थी। 2022 के विधानसभा चुनाव में वह 2 सीट पर सिमट गई। इसके बाद भी 17 सीटें मिलना उसके लिए फायदे का सौदा है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने 2017 का विधानसभा चुनाव गठबंधन में लड़ा था। लेकिन इस गठबंधन का फ़ायदा होने की जगह दोनों को इसका नुकसान हुआ। कांग्रेस की 2012 के विधानसभा चुनाव में 28 सीटें जीती थीं। गठबंधन के बाद वो 7 सीटों पर सिमट गई। सपा को 2012 के विधानसभा चुनाव में 224 सीटें मिली थीं। वह इस बार 47 सीटों पर सिमट गई। यह पहली बार थी जब सपा की सीटों का आंकड़ा सौ से नीचे चला गया। असल में, कांग्रेस और सपा ने गणित लगाया था कि वे दोनों पार्टियां साथ चुनाव लड़ेंगी तो दोनों का वोट प्रतिशत मिलकर उनकी जीत का कारण बन जाएगा। लेकिन भाजपा ने अभूतपूर्व बढ़त बनाई और पिछली विधानसभा के 15 प्रतिशत के मुक़ाबले 40 प्रतिशत के क़रीब पहुंच गई।

आज का इतिहास

1886 में 23 फरवरी के दिन ही अमेरिका के आविष्कारक और रसायनशास्त्री मार्टिन हेल ने अलम्यूनियम की खोज की थी। 1970 में 23 फरवरी के दिन ही गयाना देश का राष्ट्रीय दिवस घोषित किया गया था। 1940 में आज ही के दिन यूनान के समीप स्थित लासी द्वीप पर रूसी सेनाओं ने कब्जा किया था। 1945 में 23 फरवरी के दिन ही जर्मनी के कलकार क्षेत्र पर कनाड़ा की सेनाओं ने कब्जा जमाया था। 1952 में आज ही के दिन कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम पारित किया गया था। 1967 में 23 फरवरी के दिन ही अमेरिकी सेनाओं ने वियतनाम युद्ध में बड़ा हमला शुरू हुआ था। 2003 में आज ही के दिन कनाडा के डेविसन ने विश्व कप का सबसे तेज शतक लगाकर 1983 में बनाए गए कपिल देव का रिकार्ड तोड़ा था। 2006 में 23 फरवरी के दिन ही ईराक में हुए जातीय हिंसा में लगभग 160 लोगों की जान गई थी। 2010 में आज ही के दिन भारत के मशहूर चित्रकार एम.एफहुसैन को कतर की नागरिकता दी गई थी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

माता पिता प्रभु गुरू समाज से ईधर

मात-पिता, प्रभु, गुरु, समाज से, इधर-उधर से पाऊं मै, इस पाए से थोड़ा देकर, दाता भाव जताऊं मै.. जान रहा हूं किधर न जाऊं, जान रहा हूं राह सही, जाने कौन पिपासा लेकर, निज को फिर भटकाऊं मै.. होय चाकरी नही किसी की, चाह किसी से कोई नही, दीन देवता का सेवक हूं, दीनबंधु का खाऊं मै..

निश्चय बाजपेयी

जो था मेरे दिल में

जो था मेरे दिल में , कभी रहा जाने किस गर्द छिपा वह पल रहा मेरी नज़र से मेरी उम्रें गुज़र रही डूबता वो नज़ारा अब खल रहा क्या बताऊँ खोकर तुम्हे अब जी कर काया में रूह से मर रहा ...

नीरज वर्मा नीर

ख़ास पाती | हां मुझे चुप रहना नहीं आता

हाँ मुझे चुप रहना नहीं आता गलत बात को सहना नहीं आता। करती हूँ विरोध मैं हर बात का, झूठ के आगे मुझे झुकना नहीं आता। मेरे स्वाभिमान को मेरा अहम मान लेते हैं लोग मैं घमंडी हूँ ऐसा वहम पाल लेते हैं लोग। मैंने भी कुछ अपने नियम बनाये हुए हैं, मेरे बड़ों के संस्कार मुझमें समाये हुए हैं। गलत रास्तों पर मुझे रुकना नहीं आता झूठ के आगे मुझे झुकना नहीं आता।

सपना परिहार

ये जो अनचाही बेंटियां बेटों की चाहत में

ये जो अनचाही बेटियाँ (बेटों की चाहत में पैदा हुई बेटियाँ) होती है ना इनके पैदा होने से पहले और पैदा होने के बाद इनके मरने की कितनी दुआएँ की जाती है पर इनकी उम्र रेगिस्तान में खिले किसी आक की तरह होती है जो बिना पानी और प्रेम के भी अडिग रहता है और खिल जाता है.... तेरे बिन तेरे संग

मीना सोनी

तूफाँ उठता दिल के अंदर

तूफाँ उठता दिल के अन्दर और मैं आँसुओं का एक सागर और मैं दर्द-ए-दिल कैसे करूँ बोलो बयाँ याद उसकी जैसे खंज़र और मैं इक बवंडर आया पल भर के लिए थम गई साँसें वो मंज़र और मैं इश्क़ जैसा,आग वैसी ,एक से इश्क़ में जलता समुंदर और मैं कट रही है ज़िंदगी कुछ इस तरह तन्हा तन्हा रातें, बिस्तर और मैं

दिनेश भोपाली

ये सच है और सच से किनारा

ये सच है और सच से किनारा हो नहीं सकता,, तू गैर है सो शरीके दर्द हमारा हो नहीं सकता,, यह मोहब्बत -बोहब्बत तुम्हारे बस का नहीं है,, तू अनापरस्त तुझे इश्क गंवारा हो नहीं सकता,, यह आईने- बाईने तोड़ ताड़ कर फेंक दो तुम,, मेरी नजर से देख तुमसे प्यारा हो नहीं सकता,, कोई कार -ए-रोजगार कर आमदनी के लिए,, इस लिखने लिखाने से गुजारा हो नहीं सकता,, ये किस से उम्मीदे वफा लगाई तुमने अनमोल,, जो मेरा हो न पाया वह तुम्हारा हो नहीं सकता।

अनिल अनमोल शर्मा

भाषा हो कोई मां हर जगह मां हाती है

भाषा हो कोई मां हर जगह मां होती है उसकी बोलियां ही हर बच्चे की जुबां होती है उसको सुन-सुनकर भाषा की समझ बढ़ती है उसके माध्यम से ही हर जानकारी प्राप्त होती है मातृभाषा का सम्मान दिल से करें तो सब एक लगती हैं।

सुश्री इंदु सिंह

आत्मा का दुख जीवन की पीठ पर ढ़ोती

आत्मा का दुख जीवन की पीठ पर ढोती हुई औरत कभी कूबड़ निकलने नहीं देती उस दुख को भी वह अपनी लाज की तरह छुपाकर रखना चाहती है। अपने आँचल के कोने में सबसे छुपकर पोछे गये आसूँओं की तरह

अनामिका चक्रवर्ती

प्रेरक प्रसंग

मंगल मिलन

आज फाँसी लगने वाली है। भगतसिंह ने विचार किया इससे अच्छा दिन कौन-सा आएगा। आज तो किसी महापुरुष का दर्शन करना चाहिए। कहाँ, जेल में ? नहीं, वहाँ कहाँ संभव ? वसीयत के बहाने मुझे लेनिन की जीवनी दे जाना कारागार के भीतर सरदार भगतसिंह ने अपने वकील के पास खबर भेज दी। वकील ने वह पुस्तक भगतसिंह को पहुँचा दी। उधर फाँसी की तैयारी होने लगी, इधर भगतसिंह लेनिन का जीवन वृत्तांत पढ़ने में निमग्न हो गए। जेल अधिकारी उन्हें फाँसी के लिए लेने आए, उस समय वे अंतिम अध्याय पढ़ रहे थे। उन्होंने अपना ध्यान पन्नों में रखे हुए हाथ उठाकर कहा- महाशय, अभी ठहरिए, एक क्रांतिकारी दूसरे क्रांतिकारी से मिल रहा है। अधिकारी स्तब्ध रह गए, मौत के सन्नाटे में भी जीवन की निश्चलता। जहाँ थे, वहीं रुक गए। पुस्तक का अंतिम अध्याय समाप्त कर हर्ष से उछलते भगतसिंह उठ खड़े हुए और फाँसी के लिए झूमते हुए चल पड़े। फाँसी के फंदे में झूमने तक वीरवर भगतसिंह का मनोबल आकाश की भाँति ऊँचा ही उठा रहा।

QUIZ TIME

1) नए संसद भवन का डिजाइन किस कंपनी ने तैयार किया है?

2) कौन-सा खनिज केरल में बहुतायत से मिलता है?

3) मिशन चंद्रयान-3 की थीम का क्या नाम दिया गया है?

4) लघु उद्योग के लिए संयंत्र एवं मशीनरी में निवेश की ऊपरी या उच्चतम सीमा वर्तमान में कितनी निर्धारित की गई है?

5) किसे रेडियो की मखमली आवाज के नाम से जाना जाता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) एचसीपी डिज़ाइन (2) मोनाजाइट (3) शिव शक्ति पॉइंट (4) 5 करोड़ (5) अमीन सयानी

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:02, सूर्यास्त : 06:19, चन्द्रोदय : 16:13, चन्द्रास्त 30:21, अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : वसंत, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : माघ, पक्ष : कृष्ण, तिथि : चतुर्दशी, नक्षत्र : आश्लेशा, योग : शोभन, प्रथम करण : तैतिल (13:21 तक), द्वितीय करण : गर (26:25 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कुम्भ, चंद्र : कर्क, मंगल : मकर (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कुम्भ (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मकर (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (अस्त, पश्चिम, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:08 से 12:53, अमृत काल : 09:40 से 11:26, गुरुपुष्य योग : 06:51 से 16:43, सर्वार्थसिद्धि योग : 06:51 से 16:43, अमृतसिद्धि योग : 06:51 से 16:43, रवियोग : 16:43 से 30:50, विजय मुहूर्त : 14:24 से 15:09, गोधूलि मुहूर्त : 18:08 से 18:33, सायाह्न सन्ध्या : 18:10 से 19:26, निशिता मुहूर्त : 24:05 से 24:55, राहुकाल : 13:55 से 15:20, राहुवास : दक्षिण, यमगण्ड : 06:51 से 08:16।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन आपका मन थोड़ा अशांत रहेगा दिन के आरंभ से ही जिस भी कार्य को करेंगे उसी में विलंब होगा।

वृषः आज के दिन धन लाभ की प्रबल संभावनाए है लेकिन आज आपकी महात्त्वकांक्षाये बड़ी हुई रहेंगी।

मिथुनः आज के दिन से आपको आशाएं काफी रहेंगी दिन भर की व्यस्तता के बाद संध्या बाद इससे संतोष ही होगा।

कर्कः आज का दिन मेहनत वाला रहेगा आरम्भ में थोड़ी सुस्ती दिखाएंगे लेकिन थोड़ी ही देर में कार्य आने से व्यस्त हो जाएंगे।

सिंहः आज का दिन आपके लिये अशुभ फलदायी रहेगा दिन के आरंभ से ही आर्थिक समस्या बेचैन करेगी आज स्वभाव खिन्न रहेगा।

कन्याः आज के दिन आपका कोई लक्ष्य नही होने से अपने उद्देश्य से भटक सकते है। दिन लाभदायक है इसका लाभ उठाने के लिये दृढ़ होकर कार्य करना पड़ेगा।

तुलाः आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा धन संबंधित अथवा अन्य बड़ी योजना आज निःसंकोच होकर बनाये लाभ होने की संभावना अधिक है।

वृश्चिकः आज के दिन आपमे परोपकार की भावना प्रबल रहेगी। आध्यात्म में भी रुचि रहेगी लेकिन टोन टोटको पर ज्यादा विश्वास करेंगे।

धनुः आज के दिन सेहत संबंधित समस्या दिन भर परेशान करेगी काम करने का मन करेगा लेकिन शारीरिक शिथिलता के कारण आलस्य आएगा।

मकरः आज के दिन परिस्थिति आपके पक्ष में रहेगी घर हो या कार्य क्षेत्र सभी जगह अपनी विजय करवाएंगे।

कुंभः आपके लिये आज का दिन खर्चीला रहेगा। घरेलू सुख के साधनों एवं व्यवसाय में वृद्धि के लिये अधिक खर्च करना पड़ेगा।

मीनः आज के दिन आपका व्यवहार मनमाना रहेगा सुनेंगे सबकी लेकिन करेंगे अपने मन की ही फिर भी आज आप जो भी निर्णय करेंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -342

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भूत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

ऊपर से नीचे

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।

1	2	■	3	4	5	■	6	7
■	8	9				■	■	
10			■	11		12	13	■
14		■	15	■	■	16		17
	■	18		19	20	■	21	
22			■	23		■	■	
■	■		■		■	24	25	
26				■	27			■
	■		■	■	28			

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 341 का हल

टे	ढ़ा	मे	ढ़ा	■	म	हा	र	त
क	■	ह	■	■	■	■	ज	न
■	जा	न	की	■	क	म	नी	य
■	■	त	म	क	ना	■	■	■
म	■	■	त	ह	त	■	दा	ब
सी	मा	■	■	ला	■	स	न	द
हा	थ	म	ल	ना	■	वा	■	च
■	■	द	■	■	घा	ल	मे	ल
■	ब	द	ह	वा	स	■	■	न

यू-डाईस पोर्टल पर दो दिनों में स्कूली बच्चों की जानकारी अपलोड करना जरूरी

जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा- दो दिनों में एंट्री नहीं करने पर होगी कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय द्वारा हर वर्ष यूडाईस प्लस पोर्टल के माध्यम से जिले के समस्त विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों एवं विद्यालय के सभी मूलभूत सुविधाओं से संबंधित जानकारी की प्रविष्टि की जाती है। वर्तमान में जिले के अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों का यूडाईस प्लस सत्र 2023-24 का विद्यार्थी प्रोफाइल डाटा एण्ट्री का कार्य चल रहा है। इस संबंध में जिले में संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय को 9 फरवरी तक यूडाईस प्लस पोर्टल में अपने विद्यालय का डाटा प्रविष्ट करने के लिए निर्देशित किया गया था, लेकिन जमा हुई सूची के अनुसार विद्यालयों द्वारा यूडाईस प्लस सत्र 2023-24 में विद्यार्थियों की प्रविष्टि का कार्य पूरा नहीं किया गया है। इस प्रक्रिया में लापरवाही बरतने पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी स्कूलों को सख्त निर्देश देते हुए कहा गया है कि दो दिवस के भीतर कार्य पूर्ण करें। अगर दिये गये समय पर कार्य पूर्ण नहीं होता है तो संबंधित शासकीय विद्यालय के संस्था प्रमुख के विरूद्ध विभागीय कार्रवाई की जायेगी एवं अशासकीय विद्यालयों की मान्यता समाप्त की जाएगी।

एक-दो दिनों में थानों में जमा होगा प्रश्न पत्र

माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा एक मार्च से शुरू हो रही है। परीक्षा के बेहद गोपनीय सामग्री भी परीक्षा केंद्र के नजदीकी थाना, चौकी में पहुंचाने का कार्य एक-दो दिनों में शुरू हो जाएगा। माशिमं के स्ट्रांग रूम से आठ से 10 बसों से गोपनीय सामग्री प्रश्नपत्र समेत अन्य चीजों को जिला मुख्यालय में भेजा जा रहा है। 24 फरवरी को शहरी थाना और 25 को ग्रामीण क्षेत्रों के थानों में जमा किया जाएगा। 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 129 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। जहां, 12वीं बोर्ड परीक्षा में 18839 छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे। उसी तरह 10वीं बोर्ड परीक्षा के लिए 23670 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं एक मार्च से शुरू हो रही हैं। पहले दिन बारहवीं कक्षा का हिंदी विषय का पेपर है। 12वीं की परीक्षा 23 मार्च तक चलेगी। इसी तरह 10वीं का दो मार्च से शुरू हो रही है। 10वीं का भी पहला पर्चा हिंदी है। परीक्षा 21 मार्च तक चलेगी।

जिले में 50 हजार पीएम आवास पूर्ण

जिले में 59 हजार आवासों की मिली है स्वीकृति

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत जिले के गरीब परिवारों के पक्के आवास का सपना साकार हो रहा है। योजना के तहत जिले में अब तक कुल 59 हजार से अधिक मकान स्वीकृत किये गए हैं। जिनमें से अब तक कुल 50 हजार 8 सौ 72 मकान पूर्ण हो चुके हैं। ग्रामीण क्षेत्र के हितग्राहियों ने पक्का मकान मिलने पर खुशी जताते हुए सरकार को धन्यवाद दिया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सरकार की मद्द से पक्के आवास का उनका सपना अब साकार हुआ है। तखतपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत केकड़ार के सुरेश मरकाम ने कहा कि पहले वे कच्चे मकान में रहते थे जिससे बहुत परेशानियां होती थी। योजना के तहत पक्का आवास मिलने से अब परिवार को बड़ी राहत मिली है। कोटा के ग्राम सिलदहा के ग्रामीण राजू प्रसाद यादव ने कहा कि कच्चे मकान में बारिश के समय उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ती थी। योजना के तहत पक्का आवास मिलने से परिवार बेहद खुश है। इसी गांव के हितग्राही चन्द्रशेखर श्यामले ने कहा कि योजना से उनके परिवार को कच्चे मकान से होने वाली दिक्कतों से छुटकारा मिला। पक्के मकान में अब परिवार खुशी-खुशी जीवन व्यतीत कर रहा है। हितग्राहियों ने केन्द्र सरकार का धन्यवाद देते हुए योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। गरीब परिवारों को पक्का आवास देने की केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से जिले के सभी ब्लॉक के ग्राम पंचायतों के हितग्राही लाभान्वित हो रहें है।

कांग्रेस ने देश की विभूतियों को किया याद

बिलासपुर/नवप्रदेश। ज़िला कांग्रेस कमेटी (शहर/ग्रामीण) ने कांग्रेस भवन में स्व. खूबचन्द बघेल, कस्तूरबा गांधी और मौलाना अब्दुल कलाम आजाद की पुण्यतिथि एवं सन्त रैदास जी की जयंती मनाई गई और योगदान को याद किया ।

इस अवसर पर शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र के चार विभूतियों की जयंती -पुण्यतिथि मनाई गई। स्व. खूबचन्द बघेल देश की आज़ादी की लड़ाई लड़ने के बाद पृथक छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के लिए लंबी लड़ाई लड़ी। उन्होंने भातृ संघ के माध्यम से बड़ा आंदोलन खड़ा किया। सामाजिक भेदभाव को मिटाने के लिए नाटक के माध्यम से जनजागरण किया। वे विधायक, सांसद बने,1969 को उनका असामायिक निधन हो गया। 2000 में पृथक छत्तीसगढ़ बनने के बाद पूर्ववर्ती भूपेश सरकार ने उनके सोच के अनुरूप छत्तीसगढ़ का विकास को प्राथमिकता दी। मौलाना अब्दुल कलाम आजाद एक स्वतन्त्रता सेनानी थे और देश के प्रथम शिक्षा मंत्री बने ,उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र बड़े बड़े फैसले लिए। संयोजक ज़फ़र अली, हरीश तिवारी ने कहा कि सन्त रैदास सामाजिक आंदोलन के अग्रदूत सन्तो में से एक थे, तत्कालीन समय मे व्याप्त सामाजिक भेदभाव, छुआ-छूत को दूर करने में अपनी भूमिका निभाई, उनके सिद्धान्त और आदर्श आज भी दोहे के रूप में है। जैसे मन चंगा तो कठौती में गंगा जात पात पूछे नही कोई हरि को भजे सो हरि के होइ आज भी समाज मे अलख जगा रहे है। स्व. कस्तूरबा गांधी जी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की धर्म पत्नी थी ,और उन्होंने हम कदम बनकर उनके राजनीतिक और सामाजिक जीवन मे पूर्ण सहयोग दिया, स्वतन्त्रता आंदोलन में अनेकों बार जेल भी गई। कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, संयोजक ज़फ़र अली, हरीश तिवारी, त्रिभुवन कश्यप, जगदीश कौशिक, दीपक रायचेलवार, राजेश शर्मा, विनोद साहू, सुभाष ठाकुर, रामदुलारे रजक, राजेश ताम्रकार, पुष्पा शर्मा, अंजलि यादव, पुनाराम कश्यप, हेरि डेनिएल, दिनेश सूर्यवंशी, बबलू मगर, मनोज सिंह, मनोज शर्मा, गौरव एरी आदि उपस्थित थे।

सालभर में जमानत पर छूटे आरोपियों की निगरानी

एसपी के निर्देश पर निगरानी, मोबाइल नंबर, वर्तमान निवास की ले रहे जानकारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देश पर सभी ग्रामीण थाना क्षेत्रान्तर्गत रहने वाले विगत एक वर्ष में जेल से रिहा हुए मामूली अपराधों (चोरी, लूट, डकैती) में संलिप्त आरोपियों की सरप्राइज चेकिंग की गई। यह सरप्राइज़ चेकिंग अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अर्चना झा, उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार पटेल, उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) उदयन बेहार, उप पुलिस अधीक्षक (रक्षित केंद्र) मंजुलता केरकेट्टा, एसडीओपी कोटा सिद्धार्थ बघेल, उप पुलिस अधीक्षक (अजाक) डेरहा राम टण्डन, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक ठाकुर गौरव सिंह के पर्यवेक्षण में की गई। चेकिंग के दौरान विगत 1 वर्ष में जेल से रिहा हुए, चोरी, लूट, डकैत जैसे अपराधों में संलिप्त लगभग 160 आरोपियों को सुबह 5 बजे से 9 बजे के मध्य उनके निवास स्थान पर जाकर भौतिक रूप से चेक किया गया। इसमें आरोपियों के वर्तमान में प्रयुक्त मोबाइल नम्बर, उनके आजीविका के साधन, और निवास में हुए परिवर्तन सहित अन्य जानकारियां एकत्र की गई। अपने निवास स्थान पर अनुपस्थित पाए गए आरोपियों की पतासाजी कर उनकी भी गुजर जांच की जा रही है। इस चेकिंग की कार्यवाही में सभी ग्रामीण थानों के प्रभारी मय स्टाफ मौजूद थे।

युवक से एक हजार लीटर महुआ शराब जब्त

सरकंडा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम चिल्हाटी में सैय्यद अली नामक व्यक्ति भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब तैयार कर बिक्री के लिए रखा है व ग्राहकों को बिक्री कर रहा है। इस सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया, जिनके द्वारा तत्काल कार्यवाही करने निर्देश प्राप्त हुआ, जिस पर टीम द्वारा रेड कार्यवाही करते हुये ग्राम चिल्हाटी में आरोपी सैय्यद अली को घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिसके कब्जे से 20 लीटर क्षमता वाली 5 जरीकेन में भरी हुई करीबन 100 लीटर महुआ शराब किमती 10000 रु. का बरामद हुआ। विधिवत् जप्त कर आबकारी एक्ट के प्रावधानों के तहत् कार्यवाही की गई।

सिग्नल और दूरसंचार है रेलवे की जीवनधारा-सोलंकी

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिगनल एवं दूरसंचार विभाग के द्वारा समय-समय पर तकनीकी एवं संरक्षा वर्कशॉप आयोजित किया जाता है, जिससे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तकनीकी कौशल के साथ-साथ स्वयं को सुरक्षित रखने में मदद मिलती है। द.पू.म.रे. के रायपुर में एक कार्यशाला (कार्य के दौरान सुरक्षा एवं आत्मरक्षा) का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, द.पू.म.रे. बिलासपुर, सुरेश कुमार सोलंकी एवं जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, रायपुर, रवि शंकर गोयल के द्वारा किया गया। इसमें भाग लेने वाले उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/गतिशक्ति,अनुज गुप्ता, मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर/रायपुर, चंचल प्रियदर्शी एवं सहायक मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर/रायपुर के अलावा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण बड़ी में उपस्थित थे। सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग रेलवे की जीवनधारा है । ट्रेनें सिग्नल के इशारे पर चलती और रूकती है। आज के दौर में सिग्नलिंग का योगदान हर दिन बढ़ता ही जा रहा है। ऑटोमैटिक सिग्नल का उसमें बहुत ही खास योगदान रहा है। कर्मचारियों को कार्य के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी है और साथ ही साथ स्वयं की रक्षा भी उतना ही आवश्यक है । हाल के दिनों में कुछ अप्रिय घटना घटित हुई जिसे कोई भी नजरअंदाज नहीं कर सकता। इन्हीं तथ्यों को ध्यान में रखते हुए मुख्य अतिथि श्री सोलंकी ने कार्यशाला को संबोधित किया। जिनकी प्रमुख बातें निम्नलिखित है ऑटोमैटिक द्विदिशीय पथ सिग्नलिंग व्यवस्था में ट्रेनों को आवागमन दोनों ओर से लगातार होता रहता है। अतः कर्मचारियों को बहुत ही ध्यानपूर्वक काम करने की आवश्यकता होती है यहां तक की काम के दौरान एक ऐसे व्यक्ति को रखा जाए जो सिर्फ ट्रेनों का परिचालन के बारे में अपने साथी कर्मचारियों को अवगत् कराए। रेलवे कर्मचारी या तो यार्ड में काम कर रहे हैं या सेक्शन में, दिन हो या रात हो उन्हें रेट्रोरिफ्लेक्टिव जैकेट पहनना आवश्यक है । रेलवे कर्मचारी कार्य के दौरान आवश्यकता होने पर ही मोबाईल का उपयोग करें और लाईन से करीब 20-30 मीटर की दूरी बना कर ही बातचीत करें। यही प्रक्रिया आम लोगों को भी अपनानी चाहिए जिससे जानमाल की सुरक्षा हो सके। कार्य के दौरान कोई भी शार्टकट पद्धति का प्रयोग नहीं करें और न ही कार्य के प्रति कोई लापरवाही बरतें। जहां तक संभव हो सके सभी रेलवे कर्मचारी अपने ज्ञान को बढ़ायें और एक दूसरे का सहयोग करें। ज्ञान ही सिग्नल उपकरणों को सही रखने में सहायक हो सकती है। अच्छे ज्ञान के साथ अच्छे रख-रखाव से कम दोषों का मार्ग प्रशस्त होगा जिससे ट्रैक पर आपात कार्य की आवश्यकता कम होगी तथा दुर्घटनाओं/आपदाओं की संभावना न्यूनतम होगी। यह सभी से अपेक्षा की जाती है कि लोग इमानदारी और समझदारी से कार्य करें जिससे किसी भी तरह की दुर्घटना से बचा जा सके। कार्यशाला के अंत में मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर, रायपुर, चंचल प्रियदर्शी ने मुख्य अतिथि को बहुमूल्य सुझाव के लिए धन्यवाद दिया और उम्मीद जताई की सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण इसको आत्मसात् करेंगे।

सिग्नल व दूरसंचार विभाग में संरक्षा वर्कशॉप

रोजगार गारंटी के काम में गड़बड़ी कलेक्टर से कार्रवाई की मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिल्हा विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत खैरखुण्डी में चल रहे रोजगार गॉरन्टी के तहत तालाब गहरीकरण के कार्य में गड़बड़ी की शिकायत ग्रामीणों ने कलेक्टर से की है। उन्होंने कहा है कि सरपंच और अधिकारियों ने मिलकर यह गड़बड़ी की है।

ग्राम पंचायत खैरखुण्डी के गोदीदारों ने बताया कि देवरहा तालाब गहरीकरण के कार्य में सरपंच, उपसरपंच और सहायक सचिव ने मिलीभगत कर भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जा रहा है। फर्जी मस्टररोल तैयार कर पैसे की उगाही की जा रही है। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास, बीपीएल कार्ड और जॉब कार्ड के नाम पर एक-एक हजार रूपए हितग्राहियों से लिए जा रहे हैं। गोदीदारों ने बाताया कि इसका विरोध करने पर उन्हें अपशब्द कहकर डराया धमकाया जाता है।

गड़बड़ी | डीएमएफ से मिले थे 30 लाख, दो साल में नहीं बनी सड़क

विधायक धर्मजीत सिंह ने विधानसभा में सड़कों का मुद्दा उठाया

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में प्रश्न काल के दौरान तखतपुर इलाके में सड़क निर्माण का मामला उठा। भाजपा के वरिष्ठ विधायक धर्मजीत सिंह ने सवाल उठाया कि क्या डीएफ फंड की बंदरबांट हुई है और 30 लाख की 3 सड़कें 2 साल में क्यों पूरी नहीं बन सकी। जवाब में मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सदन में ऐलान किया कि इस मामले की जांच कराएंगे । इस मुद्दे पर चर्चा के दौरान स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने भी चुटकी लेते हुए कहा पूछा कि 30 लाख में सड़क कैसे बनती है।

तखतपुर के वरिष्ठ भाजपा विधायक धर्मजीत सिंह ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत यह सवाल पूछा था कि तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग की कुल कितनी सड़कें हैं । इन सड़कों में से कौन-कौन सी सड़क दिसंबर 2023 की स्थिति में कच्ची, जर्जर और गड्ढेयुक्त हैं। कच्ची सड़कों को कब तक पक्का किया जाएगा और गड्ढे युक्त सड़कों की रिपेयरिंग का काम कब तक पूरा हो जाएगा। उपमुख्यमंत्री और पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा की अनुपस्थिति में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने उनकी ओर से जवाब दिया। जिसमें बताया गया कि तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा पिछले 10 साल में कुल 10 सड़कें बनाई गई है। इसके अलावा वर्तमान में तीन सड़कें निर्माणाधीन है। उन्होंने यह भी बताया कि दिसंबर 2023 की स्थिति में निर्मित कोई सड़क कच्ची, जर्जर या गड्ढे युक्त नहीं है। विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि जवाब में आया है कि 10 साल में इन लोगों ने 10 सड़क बनाई है। अभी तीन सड़क का काम चल रहा है। इन तीन सड़कों के बारे में

जानकारी दी गई है कि 2022-23 में डीएमएफ मद से इसके लिए 30-30 लाख रुपए की मंजूरी की गई है। ये तीन सड़कों का काम पिछले 2 साल में भी पूरा नहीं हो पाया । जवाब में यह भी बताया गया है कि इन अधूरी सड़कों में से मुरूम बिछाई कार्य पूर्ण हो चुका है, शेष कार्य प्रगति पर है या सामग्री एकत्रीकरण का कार्य प्रगति पर है। साथ ही यह भी जानकारी दी गई है कि सड़क के काम की प्रगति को लेकर पिछले 29 सितंबर को ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया है। धर्मजीत सिंह ने कहा कि कुल मिलाकर इस जवाब से यह स्पष्ट दिखाई देता है कि डीएमएफ मद के पैसे को इस तरीके से दिया गया है। जवाब ही बता रहा है कि यह भयंकर अफ़रा-तफ़री का माध्यम बना हुआ है। उन्होंने मंत्री से जानना चाहा कि ये तीनों सड़क की जांच मेरी उपस्थिति में अधिकारियों से कराएंगे क्या। जिससे जाकर देख सकें कि प्रॉब्लम क्या थाज़। वहां क्या बनने वाला था और 2 साल में क्या नहीं बना। उन्होंने कहा कि 30 ङ्क 30 लाख की सड़क अगर 2 साल में नहीं बने तो बड़ी-बड़ी सड़क बनवाने के बारे में हम सोच भी नहीं सकते। उन्होंने कहा कि जवाब में यह बात भी आई है कि तखतपुर इलाके की कोई भी सड़क गड्ढायुक्त, कीचड़युक्त या जर्जर नहीं है। इस तरह से सड़कों का क्लीयरेंस दे दिया गया। उन्होंने कहा कि क्या इन 10 सड़कों का भौतिक सत्यापन कराएंगे। उन्होंने कहा कि डीएमएफ मद के पैसे की बंदर बांट का आरोप लगता रहा है, उसमें इसी तरह का की मिली भगत होती रही है। इस पर मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि कार्यपालन यंत्री स्तर के अधिकारी से इसकी जांच कराएंगे।

वे जनप्रतिनिधियों से सलाह मशविरा करके देखेंगे कि क्या दिक्कत है और इसे कैसे पूर्ण किया जाएगा। इस बीच स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने चुटकी लेते हुए कहा कि 30 लाख में सड़क भी बनती है यह आश्चर्य की बात है। धर्मजीत सिंह ने कहा कि मैं वही तो देखना चाहता हूं.. ऐसी कौन सी सड़क है जो 30 लाख में 2 साल के भीतर भी नहीं बन पाई। उन्होंने जांच की घोषणा से संतुष्टि जताई और मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

अवैध उत्खनन, खनिज विभाग की कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। खनिज अमला द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। विभिन्न माध्यमों से शिकायत/ सूचना प्राप्त होने पर 21 से 22 फरवरी तक खनिजों के अवैध उत्खनन, भण्डारण एवं परिवहन के कुल 07 मामलों पर कार्रवाई की गई।

मंगला, कोनी एवं मस्तुरी क्षेत्रों में जांच के दौरान अवैध रेत भण्डारण के 02 मामलों में कार्रवाई की गई तथा अवैध रेत परिवहन के 01, अवैध मुरूम परिवहन के 01, एवं अवैध चूनापत्थर परिवहन के 03 मामलो पर कार्रवाई करते हुए 05 हाईवा जप्त कर थाना मस्तूरी तथा थाना कोनी में सुरक्षार्थ रखा गया है। इसके अतिरिक्त ग्राम कोपरा क्षेत्र में अवैध मुरूम उत्खनन के प्रकरण का निराकरण करते हुए अर्थदण्ड की राशि एक लाख बहत्तर रूपए जमा कराया गया है। जप्त खनिजमय वाहनों पर खनिज अधिनियम के प्रावधानों के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनिज अमला द्वारा रेत उत्खनन हेतु प्रतिबंधित क्षेत्रों का भी सतत निरीक्षण किया जा रहा है। उक्त क्षेत्र से यदि अवैध रेत उत्खनन, परिवहन के मामले दर्ज होने पर पुनः एफआईआर अथवा न्यायालय में परिवाद दर्ज कराया जावेगा।

न्यूज गैलरी

छत्तीसगढ़ धरोहर रत्न सम्मान से भुवनेश्वरी यादव सम्मानित

सुकमा/नवप्रदेश। विश्व प्राचीन गहना दिवस के अवसर पर रुपाली महतारी गुड़ी बहुउद्देश्यीय संस्था एवं स्वसहायता समूह भिलाई के द्वारा छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति को संजो के रखने एवं समाज के विकास में अपनी अहम भूमिका निभाने के कारण सुकमा भाजपा जिला उपाध्यक्ष भुवनेश्वरी यादव को सम्मानित किया गया। भुवनेश्वरी यादव सुकमा नगर पालिका की पूर्व पार्षद रह चुकी है और वर्तमान में भाजपा जिला उपाध्यक्ष के साथ साथ समाज सेविका भी है। श्रीमती यादव लगातार छत्तीसगढ़ और खासकर बस्तर की संस्कृति के उत्थान के लिए कार्य किया कर रही हैं। भुवनेश्वरी यादव कोरोना काल मे गरीब परिवार को सूखा राशन से लेकर नगर की विभिन्न समस्याओं के समाधान के साथ साथ धार्मिक आयोजनों में बढ़ चढ़कर सभी का सहयोग करती आई हैं। जिसके कारण इन्हें छत्तीसगढ़ धरोहर रत्न सम्मान से रायपुर में सम्मानित किया गया है। भुवनेश्वरी यादव ने कहा कि इस प्रकार के सम्मान से उनका मनोबल और बड़ा है वे आगे भी समाज सुधार के साथ साथ लोगों के हित में कार्य करती रहेंगी।

विद्यार्थियों ने केक काटकर मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिन

कांकेर/नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जन्मदिन जिले के विभिन्न विद्यालयों में पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने स्कूलों में केक काटकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जन्मदिन उत्साह के साथ मनाया और मुख्यमंत्री को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी। जिले के नरहरपुर ब्लॉक के पीएम श्री स्कूल सरोना, सेजेस अंतागढ़, बोगर सहित विभिन्न स्कूलों में मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाया गया।

कांकेर को 2025 तक टीबी मुक्त करने संकल्पित

77 हजार बच्चों को 3 मार्च से पिलाई जाएगी पल्स पोलियो की खुराक

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सक्षाकक्ष में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई, जिसमें राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर 3 मार्च को आयोजित होने वाले पल्स पोलियो अभियान के संबंध में चर्चा की गई। कलेक्टर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पल्स पोलियो अभियान के तहत जिले के कोई भी बच्चा छूटने ना पाए। उन्होंने कहा कि जिले के दूरस्थ अंचलों सहित कई जगहों पर निर्माण कार्यों में लगे मजूदरों, श्रमिकों के बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें पल्स पोलियो की ड्रॉप पिलाना सुनिश्चित करें।

बैठक में विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधि डॉ. नितिन पाटिल द्वारा बताया गया कि भारत देश में आखिरी बार 13 जनवरी 2011 को पोलियो वायरस का मामला प्रकाश में आया था तथा वर्तमान में भारत पोलियो मुक्त देश है, किन्तु भारत के पड़ोसी देशों में पोलियो वायरस का संक्रमण अभी भी जारी है, इसलिए हमारे देश में पोलियो वायरस के संचरण हो सकता है। इससे बचाव हेतु 3 मार्च 2024 को राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के प्रथम दिवस 03 मार्च 2024 को पोलियो बूथ के माध्यम से 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो वैक्सीन की खुराक पिलाई जाएगी तथा 4 एवं 5 मार्च को घर-घर भ्रमण कर बच्चों को पोलियो वैक्सीन की खुराक पिलाई जाएगी। पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान की तैयारी, सूक्ष्म कार्ययोजना निर्माण, हाई रिस्क एरिया का चिन्हांकन किया जा चुका है। यह भी बताया गया कि जिले में लगभग 77 हजार 626 बच्चों को पोलियो वैक्सीन की मौखिक खुराक पिलाई जाएगी। साथ ही मीजल्स-रूबेला के उन्मूलन हेतु सभी पात्र 2 वर्ष आयु तक के शत-प्रतिशत बच्चों को मीजल्स-रूबेला टीका का प्रथम एवं द्वितीय डोज़ लगाकर प्रतिरक्षित किया जाएगा। अभियान के सफलतापूर्वक संचालन तथा 0 से 5 वर्ष आयु समूह के शत-प्रतिशत बच्चों को पोलियो वैक्सीन पिलाने हेतु कलेक्टर ने जिला स्तरीय महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य विभागों के अधिकारियों को आवश्यक सहयोग करने निर्देशित किया गया।

इसके पश्चात राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अन्तर्गत आज कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टी.बी. टास्कफोर्स की बैठक आयोजित की गई, जिसमें टी.बी. मुक्त पंचायत, प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान (निक्षय मित्र) के सम्बंध में विस्तृत में चर्चा की गई। कलेक्टर ने इसके लिए साथ ही टीबी मरीजों को 06 माह तक निक्षय मित्र के रूप में गोद लेने के लिए सभी समाजसेवी संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों, जिला एवं विकासखण्ड स्तर के अधिकारियों से अपील की गई, ताकि मरीजों के इलाज में मदद मिल सके। कलेक्टर ने जिले को 2025 तक टी.बी. मुक्त किये जाने हेतु जिले के सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जैसे ही टीबी रोग के लक्षण आये तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जा कर अपनी बलगम की जांच कराएं।

स्कूलों में सामग्री क्रय करने कलेक्टर ने दी 66 लाख की स्वीकृति

कांकेर/नवप्रदेश। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत कांकेर विधायक आशाराम नेताम एवं भानुप्रतापपुर विधायक श्रीमती सावित्री मंडावी की अनुशंसा पर कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा विद्यालयों में व्यायाम उपकरण सामग्री एवं खेल सामग्री क्रय करने हेतु 66 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। कांकेर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नरहरपुर विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवगांव और बासनवाही में व्यायाम उपकरण सामग्री क्रय हेतु ढाई-ढाई लाख रुपए, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भनसुली, अमोड़ा, भैंसमुण्डी, ठेमा और थानाबोड़ी में खेल सामग्री क्रय हेतु एक-एक लाख रुपए, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरोना, भनसुली, सुरही, बुदेली, चंवाड़ और देवगांव में सार्वजनिक वाचनालयों के लिए फर्नीचर क्रय करने हेतु एक-एक लाख रुपए सहित कुल 16 लाख रुपए, स्वीकृत किया गया है।

6 गांवों में समाधान शिविर आज

कांकेर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों को शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने के लिए जिले के ग्राम पंचायतों में चयनित कलस्टरवार समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 23 फरवरी को चारामा विकासखंड के ग्राम गिरहोला एवं डेढ़कोहका, कांकेर विकासखण्ड के ग्राम सिदेसर और कोदाभाट तथा नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम घोटियावाही और मुसुरपुट्टा में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

मानसिक कमजोर महिला एमपी से भटककर कांकेर पहुंची

- **वृद्ध की समाजसेवी संस्था ने ली सुध, घर पहुंचाने की करेंगे व्यवस्था : पप्पू मोटवानी**

कांकेर/नवप्रदेश। समाजसेवी संस्था जन सहयोग समाजसेवी संस्था प्रमुख अजय पप्पू मोटवानी समाजसेवी कार्यों से विशिष्ट पहचान बना ली है। विगत दिनों दिमागी तौर पर कमज़ोर एक आदिवासी वृद्ध महिला जो पड़ोसी राज्य एमपी से भटककर कांकेर पहुंची मानसिक कमजोर है। मानसिक कमज़ोरी के कारण याददाश्त गँवा बैठी आदिवासी महिला दसोदा मरकाम (उम्र लगभग 60-65)। बेसहारा हालत में कई दिनों से काँकेर ज़िले में ही इधर-उधर भटक रही थी । डोडआई।।।.कावाही चारामा के झाडूराम कुंजाम सामाजिक कार्यकर्ता ने महिला से पूछताछ की लेकिन वह मुश्क़िल से अपना नाम और ग्राम हुल्की, पूरन होटल इतना ही बता सकी। झाडू राम कुंजाम ने महिला कार्यकर्ता चंचल परिहार एवं ललिता राजपूत के साथ वृद्धा को लाकर जन सहयोग संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी से मुलाक़ात की। यहां गूगल सर्च करने पर पता चला कि ग्राम हुल्की मध्य प्रदेश के जिला सिवनी में छपारा तहसील में है। यह मालूम होने के बाद जनसहयोग के अध्यक्ष द्वारा सिवनी जिले की सामाजिक संस्थाओं को महिला की तस्वीर तथा विवरण भेजे और उधर से कोई सकारात्मक संदेश आने तक वृद्धा दसोदा मरकाम को काँकेर के ही समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सखी सेंटर में रखा गया। अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी तथा जन सहयोग के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता प्रवीण गुप्ता ने बताया कि हमारी संस्था द्वारा जो भी हो सकेगा, इस मानसिक कमज़ोर आदिवासी माताजी की सहायता के लिए अवश्य किया जाएगा और किसी भी तरह मालूम कर उनके गांव तक भी पहुंचाना पड़े तो हम लोग यह भी करेंगे क्योंकि कमज़ोर दिमाग वाली महिला को इस तरह बेसहारा इधर-उधर घूमने देना अत्यंत अमानवीय तथा दुख की बात होगी । उनके साथ कोई भी दुर्घटना हो सकती है। अतः फिलहाल सखी सेंटर में वृद्ध महिला सुरक्षित है और शीघ्र ही सिवनी जिले से उचित सूत्र प्राप्त होने पर उसे उसके गांव घर तक पहुंचाया जाएगा ।

सड़क हादसा रोकने कड़े कदम उठाने के निर्देश

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिला कार्यालय के सक्षाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेकर सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कारगर उपाय करने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही 'ड्रिंक एंड ड्राइव' के कारण भी सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं, ऐसे लोगों की गंभीरता के साथ जांच करें। उन्होंने कहा कि जिले में नाबालिग वाहन चालकों की संख्या भी बढ़ी है, जो कि बड़ी समस्या है। उन पर नियमानुसार कार्यवाही के साथ ही उन्हें और उनके पालकों को समझाइश दें।

कलेक्टर ने यातायात जागरूकता के लिए विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रमों में आम नागरिकों की अधिक से अधिक सहभागिता भी सुनिश्चित करने तथा इस आशय की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश जिला परिवहन अधिकारी को दिए। बैठक में उन्होंने नये ब्लैक स्पॉट की पहचान एवं सुधार कार्य, दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्रों में घायलों की त्वरित सहायता के लिए बनाए गए सड़क सुरक्षा मित्र बनाने स्वयंसेवी नागरिकों के चिन्हांकन के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में इसके अलावा प्रमुख मार्गों पर निर्धारित गति सीमा से तेज वाहन चालन तथा शराब या मादक द्रव्य सेवन करने वालों पर रोकथाम, ओव्हरलोडिंग वाले वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही करने, हेलमेट सीट बेल्ट धारण नहीं करने एवं वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का इस्तेमाल करने वालों पर नियमानुसार कार्यवाही, नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन चालन पर अंकुश, सड़क सुरक्षा के संबंध में कार्यशाला का आयोजन के साथ सड़क सुरक्षा संबंधी अन्य विषयों पर चर्चा हुई।

संयुक्त शिक्षक संघ ने परामर्शदात्री समिति के सामने रखी अपनी मांगें

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मधुलिका तिवारी डीएमसी महेन्द्र पांडे, सभी विकास खंड के बीईओ के विशेष उपस्थिति में आयोजित की गई। इसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ जिला कोंडागांव ने अपनी मांग रख कर कहा कि सभी शिक्षक संवर्ग की समय पर वरीयता सूची जारी कर उच्च कार्यालय से मार्गदर्शन में पदोन्नति प्रक्रिया प्रारंभ की जाए, पात्र शिक्षकों को समय मान वेतनमान को लाभ दिया जाए जिन शिक्षकों ने परीक्षा अनुमति हेतु आवेदन किया है और उन्हें अनुमति प्राप्त नहीं हुई उन्हे कार्य उत्तर अनुमति प्रदान की जाय, सर्विस बुक संधारण के लिए विशेष शिविर का आयोजन कर समस्त शिक्षकों का सर्विस बुक संधारित किया जाए, पुरानी पेंशन की देय तिथि से जीपीएफ पासबुक संधारण को विशेष प्राथमिक तथा पूर्ण कराई जाए, अर्जित अवकाश चिकित्सा अवकाश मातृत्व अवकाश चिकित्सा प्रतिपूर्ति एवं अन्य कारणों से वेतन या अन्य राशि का भुगतान नहीं हुआ हो तो उसकी प्रक्रिया को शीघ्र ही पूर्ण करने को समस्त विकासखंड को पत्र प्रेषित किया जावे, पदोन्नति या भर्ती प्रक्रिया में शिक्षक विहीन या एकल शिक्षक की विद्यालय में प्राथमिकता के साथ शिक्षक की व्यवस्था की जाए, सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति को दूर करने के लिए जिला कार्यालय से राज्य कार्यालय का प्रस्ताव भेजने हेतु संगठन की ओर से आग्रह करता है।

स्काउट गाइड एवं यूनिसेफ ने बाल संरक्षण मुद्दे पर किशोर किशोरियों को दिया प्रशिक्षण

कांकेर/नवप्रदेश। भारत स्काउट गाइड्स एवं यूनिसेफ कांकेर के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुंदेली विकासखंड नरहरपुर में 10 वर्ष से 18 वर्ष के बालक बालिकाओं को बाल अधिकार, यौन उत्पीड़न, गुड टच बेड टच, बाल श्रम, बाल विवाह के दुष्परिणाम, जेंडर भेद,चाइल्ड हेल्पलाइन जैसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। तारूण्यवार्ता के मास्टर ट्रेनर वाजिद खान ने जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों में मूल अधिकार की समझ विकसित करने के उद्देश्य से आप प्रशिक्षण जिले के विद्यालय में संचालित किया जा रहा है जिससे किशोर किशोरियों को जागरूकता लाने में अच्छी पहल साबित हो रही है बुंदेली विद्यालय के सैकड़ो बच्चे एवं शिक्षक लाभान्वित हुए साथ ही जिन विद्यालयों में यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया वहां भी प्रशिक्षण से लाभान्वित हुए।

साथ ही स्काउटिंग गाइडिंग आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुंदेली के प्राचार्य आर.आर.भगत जी को प्रशस्ति पत्र स्काउट गाइड एवं यूनिसेफ के द्वारा प्रदान कर सम्मानित किया गया बाल संरक्षण के मुद्दे पर आधारित इस प्रशिक्षण को प्रदान करने के लिए वाजिद खान ,अभिनय ठाकुर (यूनिसेफ) अमित बघेल (चाइल्ड हेल्पलाइन), ममता तारम, राम भजन नेताम,धार्मिक मरकाम ,गौतम सिन्हा ,ज्ञानेश बंधु आर्य, हर्ष डोंगरे लीना कोसमा आदि शामिल हुए।

जिला स्तरीय गुरूशाला प्रशिक्षण संपन्न

कांकेर/नवप्रदेश। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार शिक्षकों के आइडेंटिफाई एवं ब्रिजिंग लर्निंग गैप कौशल को विकसित करने दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शिक्षक क्षमता निर्माण के उद्देश्य से आयोजित इस विशेष कार्यक्रम 'गुरुशाला' में कंटीन्यूअस प्रोफेशनल डेवलमेंट प्रोग्राम के अन्तर्गत प्रशिक्षण केन्द्र के सभागार में 482 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में इंडस टावर्स लिमिटेड और वोडाफोन आइडिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'गुरूशाला' के लिए सभी प्रकार के संसाधन व प्रशिक्षण निःशुल्क रूप से प्रदान किये जाते हैं। प्रशिक्षकों द्वारा शिक्षण एवं प्रशिक्षण को अधिक प्रभावी और आकर्षण बनाने में सहायता करने वाले आधुनिक उपकरणों के उपयोग करने के लिए, 21वीं सदी के शिक्षकों के नए कौशल के साथ शिक्षकों को निपुण बालक, कक्षा, विद्यालय, ब्लॉक एवं जनपद बनाने के उद्देश्य से गुरूशाला ने वृहद सत्र योजना पर कार्य शुरू किया है। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को स्कूलों में पाठ्यक्रम और शिक्षण माहौल तैयार करने, मूल्यांकन करने और सूचना संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) को ध्यान में रखते हुए छात्रों के लिए एक तकनीकी अनुकूल कक्षा वातावरण विकसित करने में सहायता करना है। एपीसी (पेडागॉजी) श्री दिनेश नाग, जिला कार्यालय, समग्र शिक्षा द्वारा जानकारी दी गई कि इस प्रशिक्षण में शिक्षकों को विभिन्न प्रकार की पेडागॉजी और खेल पर आधारित सीखने-सिखाने की शैलियों और कक्षाओं में सीखने में आ रहे अवरोधों को दूर करने की रणनीतियों पर विशेष जानकारियों को प्रदान करने की रणनीतियों पर विशेष जानकारियों को प्रदान करने पर भी ध्यान केन्द्रित किया गया।

नशेड़ी सहायक शिक्षक को कलेक्टर ने किया निलंबित

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राथमिक शाला पीव्ही 20 के शिक्षक सुनील करभाल को कार्य में लापरवाही बरतने पर निलंबन आदेश जारी किया गया है। कोयलीबेड़ा विकासखण्ड अंतर्गत प्राथमिक शाला पी.व्ही. 20 के सहायक शिक्षक सुनील करभाल का नशे की हालत में शाला आने का वीडियो वायरल हुआ था, जिस पर कलेक्टर द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को उन पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी अंतागढ़ नियत किया गया है।

न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना
जिला-मुंगेली (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. ब-121/2023-24
क्र./22/वाचक/तह./2023-24
लालपुर थाना दिनांक 19.02.24

सर्वसाधारण/आम जनता ग्राम परसाकापा को सूचित किया जाता है कि आवेदक भागवत प्रसाद पति/पिता श्री आशाराम जाति सतनामी साकिन परसाकापा तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता/ माता/ पुत्री/ पुत्र/ दादा/दादी/भाई/बहन राज बघेल आ. श्री भागवत प्रसाद के जन्म दिनांक 22.05.1982 ग्राम परसाकापा को हो जाने के कारण जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 04.03.24 समय प्रातः 11.00 बजे दिन को स्वयं/अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 19.02.24 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।

सील

तहसीलदार
थाना-लालपुर
जिला-मुंगेली (छ.ग.)

प्रथम पृष्ठ का शेष

शाह की अपील - आप लोग...

और एक नाकारा सरकार, जिसने न तो नक्सलवाद पर लगाम कसी और न ही छत्तीसगढ़ के लोगों के साथ न्याय किया, उसे उखाड़ फेंका। श्री शाह गुरुवार को जांजगीर-चाँपा में भाजपा की विजय महासंकल्प रैली में महती जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने 10 साल में देश के 60 करोड़ गरीबों का कल्याण करने का काम किया है। इन 10 वर्षों में मोदी जी ने देश के 60 करोड़ गरीबों को घर में नल से जल देने का काम किया, छत्तीसगढ़ में 38 लाख से ज्यादा घरों में पीने का अपनी आजादी के 75 साल बाद पहली बार पहुंचा है। देश के 60 करोड़ लोगों को 5 लाख तक के उपचार का पूरा खर्चा मोदी सरकार उठा रही है। पूरे छत्तीसगढ़ में 2 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल रहा है, 10 करोड़ से ज्यादा शौचालय बनाए गए, उसमें से 38 लाख शौचालय छत्तीसगढ़ में बने। 75 साल के बाद छत्तीसगढ़ की बहनों को शौचालय मिला। छत्तीसगढ़ के 2 करोड लोगों को 5 किलो अनाज प्रति व्यक्ति प्रतिमाह मुफ्त में मिलता है। मुफ्त में गरीब का चूल्हा जलाने का काम मोदी सरकार ने किया है। 36 लाख माताओं को गैस का सिलेंडर दिया,10 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास दिया और पूरे छत्तीसगढ़ में सभी लोगों को कोरोना का निःशुल्क का टीका लगाया। देश के 130 करोड़ लोगों को कोरोना का टीका लगाकर भारत और छत्तीसगढ़ को कोरोना से मुक्त बनाने का काम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा, मैं तो आज राम के ननिहाल में आया हूँ। छत्तीसगढ़ राम का ननिहाल है। 500 साल से रामलला अपने घर में नहीं विराज पाए थे, मंदिर नहीं बना था, कांग्रेस ने साढ़े 500 साल से लटके हुए मसले को 75 सालों में समाप्त नहीं किया जबकि मोदी जी ने 22 जनवरी को रामलला के मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कर राम मंदिर का संकल्प पूरा किया। श्री शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय की सरकार अभी-अभी बनी है। गुजरात में कहावत है पूत के लक्षण पालने से ही मालूम पड़ते हैं। 2 महीने में ही लगभग लगभग 30 प्रतिशत मोदी गारंटी को विष्णु देव साय की सरकार ने पूरा कर दिया है, चाहे धान का बोनस देना हो, चाहे अगले महीने महतारियों को प्रणाम करने के लिए हर महीना 1000 रुपए भेजना हो ,हर वादे को छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री शाह ने विश्वास दिलाया कि जो वादा मोदी जी ने किया है, वह पत्थर की लकीर है।

सीएम साय : ये मोदी जी ...

दिशा में भाजपा की प्रदेश सरकार ने कदम बढ़ा दिया है। प्रधानमंत्री आवास का निर्णय ले लिया गया है, 2 साल के धान के बकाया बोनस 3716 करोड रुपए का भुगतान कर दिया गया है, 3716 करोड रुपए में किसानों के खाते में भेजा जा चुका है। 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी हुई है, धान का प्रति क्विंटल 3100 रूपए कीमत दे रहे हैं अंतर की राशि भी बहुत जल्द किसानों के खाते में भेज दी जाएगी। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत आने वाले मार्च से सभी विवाहित महिलाओं को खाते में 12 हजार रूपए सालाना मिलने लगेगा। इसी तरह मोदी की गारंटी में जो भी वादा है उन सभी वादे को पूरा करेंगे। यह मोदी जी का चुनाव है, इस चुनाव में जांजगीर क्षेत्र सहित छत्तीसगढ़ की सभी 11 की 11 सीटों में कमल खिलाकर केंद्र में नरेंद्र मोदी जी की सरकार बनानी है।

हम सरकार बनाने के ...

लिए काम करते हैं। भारतीय जनता पार्टी देश में सरकार बनाने के लिए काम नहीं करती, अपितु यह पूरे वर्ष देश की सेवा करने के लिए कार्य करती है। केंद्र में भाजपा की सरकार बनने से पहले देश में जगह-जगह बमबारी होती थी लेकिन पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में ऐसी कोई घटनाएँ नहीं हुई है। आज ब्रह्मोस मिसाइल दूसरे देश भारत से खरीद रहे हैं। देश में आज मिसाइल भी निर्यात किया जा रहा है। धारा 370 को खत्म करके भारत में कश्मीर का पूर्ण विलय किया गया। पूर्वोत्तर के सातों राज्यों में आज विकास की गंगा बह रही है और पूर्वोत्तर में अभूतपूर्व शांति हो गई है। ।

भारत आज दुनिया में ...

और किसान की तरक्की का काम हुआ है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने हर गरीब के घर में शौचालय का निर्माण कराया, उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिया, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को आवास देने का काम किया है, किसानों के सम्मान के लिए किसान सम्मान निधि योजना की शुरुआत भी किसानों को सशक्त करने के लिए की है। दुनिया में भारत का मान-सम्मान और गौरव बढ़ाने का काम प्रधानमंत्री श्री मोदी ने किया है। आज दुनिया में भारत एक सशक्त समृद्ध और शक्तिशाली देश के रूप में जाना जाता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के कार्यकाल में आज 25 करोड़ जनता गरीबी रेखा से बाहर आ गई है।

केंद्र और राज्य की ...

को साकार करने वाले देश के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का स्वागत करते हुए कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के विचारों और नीतियों तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनकी गारंटी पर विश्वास जताकर छत्तीसगढ़ की मातृ शक्ति ने, युवाओं ने, हमारे सभी सर्व समाज धर्म जाति के संप्रदाय के लोगों ने भाजपा को सम्मान दिया, भाजपा की सरकार बनाई। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही मोदी जी की सभी गारंटीयों को पूरा करने का काम शुरू कर दिया गया है।

सत्यपाल मलिक के ...

अध्यक्ष नवीन कुमार चौधरी, पूर्व अधिकारियों एम एस बाबू, एम के मित्तल और अरुण कुमार मिश्रा तथा पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड के खिलाफमामला दर्ज किया था।

सत्यपाल मलिक 23 अगस्त, 2018 से 30 अक्टूबर, 2019 तक जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल रहे थे। उनका कहना था कि इसी दौरान इस प्रोजेक्ट की फाइल उनके पास आई थी, जिस पर उन्हें मंजूरी के लिए 300 करोड़ रुपये की रिश्वत का ऑफर मिला था।

विधानसभाः सदन में ...

जांच की घोषणा की जानी चाहिए। संसदीय कार्यमंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा- जो लोग सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं उन्हें खुद सीबीआई पर भरोसा नहीं है।

भूपेश बघेल ने कहा- सीबीआई को बैन हमने नहीं किया है। हमारे पूर्व सरकार ने ये व्यवस्था कर ली थी। हम जब आये तब हमने सिर्फ़ नोटिफिकेशन जारी किया था। आज भाजपा सत्ता में है लेकिन अब तक सीबीआई की एंट्री को लेकर नोटिफ़िकेशन जारी नहीं किया है। सरकार की अनुमति से किसी जांच पर राज्य की सहमति पहले भी थी।

हमारा फोकस है ...

भी हमारी डेयरी सहकारी समितियों में महिलाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। मुझे याद है जब मैं गुजरात में था तो हमने डेयरी सेक्टर से जुड़ी महिलाओं के लिए एक और बड़ा काम किया था। हमने ये सुनिश्चित किया कि डेयरी का पैसा हमारी बहनों-बेटियों के बैंक खातों सीधे जमा हो। मैं आज इस भावना को विस्तार देने के लिए भी अमूल की प्रशंसा करुंगा।

देश में बहुत से ब्रांड बने ...

जनभागीदारी, अमूल यानि किसानों का सशक्तिकरण, अमूल यानि समय के साथ आधुनिकता का समावेश, अमूल यानि आत्मनिर्भर भारत की प्रेरणा, अमूल यानि बड़े सपने, बड़े संकल्प और उससे भी बडी सिद्धियां बन चुका है। दुनिया के 50 से ज्यादा देशों में अमूल के प्रॉडक्ट को निर्यात किया जाता है।

दिल्ली हाईकोर्ट ने महुआ ...

जॉन ने कहा कि ईडी फेमा उल्लंघन की जांच से संबंधित गोपनीय सूचना लीक कर रही है.

स्वामी प्रसाद मौर्य ने किया ...

साहेब सिंह धनगर ने अलीगढ़ में किया था, लेकिन दलित और ओबीसी नेताओं के नेतृत्व वाली यह पार्टी चुनावी राजनीति में अपनी छाप नहीं छोड़ पाई है. फिलहाल, मौर्य के कमान संभालने से संगठन को फिर से पार्टी में नई जान आने की उम्मीद है. इतना ही नहीं, आगामी लोकसभा चुनावों में यह पार्टी अखिलेश यादव के लिए भी चुनौती पैदा कर सकती है.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

दिव्यांगों को बांटे गए सहायक उपकरण

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर चन्दन कुमार के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग हितग्राहीयों को सहायक उपकरण प्रदाय किया गया। जिसमें विकासखण्ड भाटापारा अंतर्गत ग्राम टिकुलिया निवासी शिवकुमारी निषाद को बैसाखी,सतरुपा ध्रुव को स्मार्ट केन, विकासखण्ड कसडोल अंतर्गत ग्राम सेल निवासी किशन साहू को व्हील चेयर, सुरेश कुमार जायसवाल को श्रवण यंत्र, ग्राम सुकली निवासी नीतु टण्डन को स्मार्ट केन एवं संतोष कुमार कर्ष को मोट्राईज्ड सायकल प्रदान किया गया। इस अवसर पर उपसंचालक समाज कल्याण अरविन्द गेडाम सहित विभाग के समस्त कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

न्योता भोज कर मनाया गया मुख्यमंत्री का जन्मदिवस

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित जिले के सभी हॉस्टलों में न्योता भोज कर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पोस्ट मैट्रिक अनु. जनजाति कन्या छात्रावास कसडोल के विद्यार्थियों द्वारा केक भी काटा गया। साथ ही मुख्यमंत्री को जन्मदिवस की बधाई देते हुए संदेश प्रेषित किए। न्योता भोज के तहत हॉस्टलों में आज विशेष रूप से हलवा, खीर, पुड़ी एवं कुछ हॉस्टलों में पुलाव भी बनाये गये थे जिसका आनंद सभी बच्चों ने उठाया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों सहित आदिवासी विकास के सभी अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत बच्चों को पूरक भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से न्योता भोजन की शुरूआत की गई है। जिसके तहत आज मुख्यमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर प्रदेश के आदिवासी विकास विभाग द्वारा सभी हॉस्टलों में न्योता भोज का आयोजन किया गया।

अंकुरा चिकित्सालय ने भुवनेश्वर में 120 बिस्तरों वाला महिला एवं बाल अस्पताल किया शुरू

भुवनेश्वर/नवप्रदेश। हैदराबाद स्थित महिलाओं और बच्चों के अस्पतालों की अग्रणी श्रृंखला अंकुरा हॉस्पिटल, भुवनेश्वर में स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य में क्रांति लाने के लिए तैयार है। उच्च जोखिम वाले प्रसव, बाल चिकित्सा गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, बाल चिकित्सा नेफ्रोलॉजी, बाल चिकित्सा एंडोक्रिनोलॉजी, बाल चिकित्सा न्यूरोलॉजी, आर्थोपेडिक्स, कैंसर देखभाल और आपातकालीन देखभाल जैसे विभिन्न क्षेत्रों में विशेष देखभाल प्रदान करने की प्रतिबद्धता के साथ, अस्पताल ने अपनी 120 बिस्तरों वाली सुविधा का उद्घाटन किया। यह अत्याधुनिक अस्पताल महिलाओं की विशिष्ट जरूरतों को पूरा करने और बच्चों के लिए विशेष सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है, जो खुद को इस क्षेत्र में उत्कृष्टता के प्रतीक के रूप में स्थापित करता है।

उद्घाटन समारोह में सम्मानित अतिथि उपस्थित थे, जिनमें मुख्य अतिथि- श्री अशोक चंद्र पांडा - माननीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी सार्वजनिक उद्यम, सामाजिक सुरक्षा और विकलांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण मंत्री; सम्मानित अतिथि - श्री अनंत नारायण जेना - माननीय विधायक, मध्य भुवनेश्वर; श्री. अमर पटनायक, माननीय सांसद, राज्यसभा (ओडिशा) श्री सुशांत कुमार राउत - माननीय विधायक, उत्तरी भुवनेश्वर; श्रीमती सुलोचना दास - माननीय महापौर, बीएमसी, भुवनेश्वर; श्रीमती कबिता स्वैन - माननीय नगरसेवक, वार्ड नंबर-41, बीएमसी, भुवनेश्वर, श्री निखिल पवन कल्याण- आईएएस, माननीय निदेशक, ग्रामीण विकास, ओडिशा, लावु श्री कृष्ण देवरायलू- माननीय सांसद और डॉ. कृष्ण प्रसाद वुन्नम - संस्थापक और प्रबंध निदेशक, महिलाओं और बच्चों के लिए अंकुरा हॉस्पिटल और अंकुरा हॉस्पिटल्स द्वारा 9एम।

एक दशक से अधिक के अनुभव और भारत के तीन राज्यों में 14 केंद्रों के साथ, अंकुरा अस्पताल महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष स्वास्थ्य देखभाल में एक विश्वसनीय नाम के रूप में उभरा है। भुवनेश्वर में 120 बिस्तरों वाली नई सुविधा महिलाओं

और बच्चों के लिए अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर, लेवल ढ्ढढ्ढढ्ढ बाल गहन देखभाल इकाई (क्कढ्ढष्ट), लेवल ढ्ढढ्ढढ्ढ नवजात गहन देखभाल इकाई (हृढ्ढष्ट), आपातकालीन देखभाल सेवाओं से सुसज्जित है। सुसज्जित एम्बुलेंस, मरीजों के लिए परिवहन सेवाएं, एक ही छत के नीचे फार्मेसी, प्रयोगशाला और रेडियोलॉजी सेवाएं आदि के साथ उच्च कुशल डॉक्टरों की एक टीम, जिसमें बाल रोग और स्त्री रोग के सभी विशेषज्ञ और सुपर विशेषज्ञ और विशेषज्ञ नर्सिंग देखभाल शामिल हैं। आपातकालीन देखभाल के लिए केंद्र में चौबीसों घंटे विशेषज्ञों की उपलब्धता रहेगी। तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र में महिलाओं और बच्चों की देखभाल में एक नाम, अंकुरा अपनी विशेषज्ञ देखभाल के माध्यम से ओडिशा में महिलाओं और बच्चों के लिए स्वास्थ्य देखभाल में क्रांति लाने के लिए तैयार है।

नए अंकुरा अस्पताल के लॉन्च के दौरान बोलते हुए, संस्थापक और प्रबंध निदेशक, डॉ. कृष्ण प्रसाद वुन्नम, एक भारतीय उद्यमी, नियोनेटोलॉजिस्ट और बाल रोग विशेषज्ञ ने कहा, ÷अंकुरा अस्पताल व्यक्तिगत ध्यान, उन्नत चिकित्सा प्रौद्योगिकी तक पहुंच और अनुभवी पेशेवरों की एक टीम पर जोर देता है। यह इसे विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों की विविध स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करने वाले वन-स्टॉप सेंटर के रूप में स्थापित करता है। स्वास्थ्य सेवा उद्योग में हमारी दीर्घकालिक उपस्थिति महिलाओं और बच्चों को असाधारण देखभाल प्रदान करने की हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

डॉ. कृष्णा प्रसाद वुन्नम ने आगे कहा, रोगी-केंद्रित देखभाल के लिए अस्पताल की प्रतिबद्धता इसकी नैदानिक उत्कृष्टता पहल के माध्यम से दिखाई गई है। अंकुरा का लक्ष्य जीवंत और युवा आबादी वाले शहरों में महिलाओं और बच्चों की स्वास्थ्य देखभाल संबंधी जरूरतों को पूरा करना है। ओडिशा एक प्रगतिशील राज्य है जिसने पिछले कुछ वर्षों में काफी प्रगति की है, हालांकि यहां नवजात मृत्यु दर अभी भी देश में सबसे ज्यादा है। ओडिशा के लोगों की अनूठी जरूरतों को समझकर, अंकुरा अपनी सेवाओं को तदनुसार अनुकूलित कर सकता है। अस्पताल महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष देखभाल का शीर्ष प्रदाता बनने और अपनी विशेषज्ञ देखभाल के माध्यम से इस मौजूदा अंतर को भरने का प्रयास करता है।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी सार्वजनिक उद्यम, सामाजिक सुरक्षा और विकलांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण मंत्री श्री अशोक चंद्र पांडा ने भुवनेश्वर में नए महिला और बच्चों के अस्पताल की स्थापना के लिए अंकुरा अस्पताल की गहरी सराहना की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह विशेष सुविधा सिर्फएक भौतिक इमारत से कहीं अधिक का प्रतिनिधित्व करती है; यह उच्च जोखिम वाले प्रसव और बाल रोगियों के लिए असाधारण देखभाल प्रदान करने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। लक्ष्य एक ऐसा वातावरण बनाना है जहां हर महिला प्रसव के दौरान सशक्त महसूस करे और प्रत्येक बच्चे को व्यक्तिगत देखभाल मिले, जिससे अंततः समुदाय के लिए एक स्वस्थ और उज्जवल भविष्य बन सके।

न्योता भोज, कलेक्टर ने अपने हाथों से बच्चों को परोसा भोजन

■ **स्वर्गीय दामोदर प्रसाद गुप्ता की स्मृति में पत्नी श्रीमती कृष्णा देवी गुप्ता ने कराया बच्चों को भोजन**

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। हमारे संस्कृत सुभाषित वाक्यों में शुभस्य शीघ्रम की बात कही जाती है अर्थात शुभ कार्य में शीघ्रता की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने न्योता भोजन के लिए दिशा निर्देश जारी किए थे कि अपने जन्मदिन पर स्कूली बच्चों के साथ समय बताएं। उनके साथ भोजन करें। इस शुभ कार्य के लिए पहल करते हुए स्वर्गीय दामोदर प्रसाद गुप्ता के जन्मदिवस की स्मृति में उनकी पत्नी श्रीमती कृष्णा देवी गुप्ता ने आज ऐतिहासिक स्कूल शासकीय रघुनाथ प्रसाद केसरवानी उत्तर बुनयादी प्राथमिक शाला स्कूली बच्चों को न्योता भोज दिया। इस अवसर पर कलेक्टर चंदन कुमार ने अपने हाथों से बच्चों को भोजन परोस कर जिले में इस योजना का विधिवत शुभारंभ किया। बच्चों को पंगत में बैठाया गया और वन बाई वन थाली लगाई। उसके बाद पूडी, सब्जी, दाल,पुलाव और खीर परोसा,यहीं नहीं वे बच्चों के पास जाते रहे और उनकी पसंद पूछकर व्यंजन को फिर से परोसा और अंत में बच्चों को केला भी खिलाया गया। उनके साथ समाजसेवी विजय केसरवानी जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन,जिला शिक्षा अधिकारी बी एल देवांगन, सहायक सूचना अधिकारी नितेश चक्रधारी,सीएमओ भोला ठाकुर ने भी भोजन परोसा। साथ ही कलेक्टर एवं सभी अधिकारी एवं अतिथि ने इन स्कूली बच्चों के बीच बैठकर भोजन किया। भोजन करते समय बच्चों के चेहरे पर खुशियां झलक रही थी।

कलेक्टर ने अधिकारीगण और आम नागरिकों से आग्रह करते हुए कहा कि वे अपने जीवन के महत्वपूर्ण दिन क्षण इत्यादि को स्कूल के बच्चों के साथ मनाएं। उन्हें इसी प्रकार से न्योता भोज दें। उन्हें इस प्रकार का भोजन करा सकते है या उनके भोजन में पौष्टिक भोज्य पदार्थ शामिल कर सकते है। यदि कोई इच्छुक हो तो हमसे संपर्क करें हम हर महीने में उनका पंजीयन कर एक सिस्टम बना देंगे,उन्हें बच्चों के साथ अपनी खुशी बाटने का मौका मिलेगा और हम उन्हें सम्मानित भी करेंगे। इस अवसर पर कलेक्टर चंदन कुमार ने बच्चो को भोजन कराने वाले स्वर्गीय श्री दामोदर प्रसाद गुप्ता जी की पत्नी श्रीमती कृष्णा देवी गुप्ता का शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान कराया। यह प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर यह आयोजन किया गया। सामुदायिक सहयोग से स्कूली बच्चों के खानपान में पोषण आहार की मात्रा बढ़ाने योता भोजन'' की अभिनव पहल की जा रही है।

केसरवानी परिवार प्रत्येक माह के दूसरे शुक्रवार को कराएगा भोजन

योजना से प्रभावित होकर विजय केसरवानी के परिवार ने बताया कि शासकीय रघुनाथ प्रसाद केसरवानी उत्तर बुनयादी प्राथमिक शाला में प्रत्येक माह के दूसरे शुक्रवार को हमारे परिवार द्वारा बच्चों को पूरक भोजन प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर स्कूल के समस्त शिक्षक सहित शिक्षा विभाग के आला अधिकारी गण उपस्थित थे।

नगरी/नवप्रदेश। प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय के जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं धमतरी जिला भाजपा के मंत्री राजेंद्र गोलछा ने पहुना पहुंचकर उन्हें गुलाब फूल भेंटकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इस दौरान सिहावा विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की।

एमसीएल का आकांक्षी जिला विकास के लिए जिला प्रशासन के साथ समझौता

संबलपुर/नवप्रदेश। महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने बलांगीर जिला प्रशासन के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। यह समझौता ज्ञापन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की संकल्पना- केन्द्रीय उपक्रमों द्वारा आकांक्षी जिलों के उत्थान की दिशा में कार्य करने को रेखांकित करता है। इस समझौता ज्ञापन के तहत, एमसीएल बालंगीर जिले के विभिन्न स्थानों पर 33 सामुदायिक केंद्रों के निर्माण के लिए बलांगीर जिला प्रशासन को एक करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। इससे पहले भी एमसीएल ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत बलांगीर जिले में कुल 9.20 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाएं सफलतापूर्वक क्रियान्वित की है।

निपनिया में विधायक इंद्र साव ने की क्रिकेट स्पर्धा की शुरुआत

भाटापारा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत निपनिया में एम एल ए कप रात्रिकालीन क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ भाटापारा विधायक इन्द्र साव के द्वारा किया गया। इस स्पर्धा का यह दूसरा सीजन है। मैच का फाइनल 1 मार्च को होगा ।विजेता टीम को 41 हजार नकद और शील्ड तथा उप विजेता टीम को 25 हजार नकद और शील्ड प्रदान की जाएगी।

ग्राम निपनिया में होने वाली इस क्रिकेट स्पर्धा को लेकर गांव में अच्छा माहौल है और इस स्पर्धा में भाग लेने दूरस्थ अंचल की टीम भी भाग ले रही है। स्पर्धा में शामिल होने के लिए 2500 रुपए प्रवेश शुल्क रखा गया है। 20 फरवरी से चालू हुई प्रतियोगिता 1 मार्च तक चलेगी। मैच के शुभारंभ अवसर पर विधायक इंद्र साहू ने दोनों टीमों के मध्य टास कराकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने सभी को खेल भावना से खेलने और हार से कभी निराश ना होकर और अच्छे से भविष्य की तैयारी में लगने की बात कही। इस दौरान सुशील शर्मा पूर्व मंडी अध्यक्ष,नगर पालिका उपाध्यक्ष त्रिलोक सलूजा, शैली भाटिया, शहर अध्यक्ष अरूण यादव ग्रामीण अध्यक्ष अशोक ध्रुव, ईश्वर सिंह ठाकुर, नानू सोनी,दिनेश तिवारी ,निपनिया सरपंच कामता रावत ,जीतू ठाकुर ,अमर मंडावी सहित आसपास के ग्रामीण खेल प्रेमी युवा और गांव वासी उपस्थित थे।

भटगांव में शाकंभरी महोत्सव आयोजित

भटगांव/नवप्रदेश। मरार पटेल समाज ट्रांस महानदी मंदिर समिति शिवरीनारायण के द्वारा दो दिनी शाकंभरी महोत्सव एवं वार्षिक अधिवेशन का आयोजन मंगलवार 20 फरवरी को भटगांव में किया गया। इसके मुख्य अतिथि सारंगढ़ कलेक्टर के एल चौहान थे। साथ ही पटेल समाज के प्रदेश अध्यक्ष देवचरण पटेल सहित प्रदेश के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत सुंदर कांड पाठ के साथ की गई। भटगांव के सामाजिक भवन से कलश शोभायात्रा निकाली गई। इसमें भटगांव परिक्षेत्र की महिलाएं शामिल हुई। शोभायात्रा में कीर्तन भजन सहित राउत नाचा पार्टी के साथ सामाजिक पदाधिकारी नाचते झूमते चल रहे थे। शोभायात्रा में पटेल समाज की इष्ट देवी मां शाकंभरी की झांकी निकाली गई थी। जो रथ पर सवार होकर कलश यात्रा के संग कार्यक्रम स्थल पहुंची।

समाज के प्रतिभावान छात्रों जिन्होंने कक्षा 10वि / 12वी , स्नातक सहित ऊपरी कक्षाओं में प्रथम , द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त किए हैं। सभी को प्रशस्ति पत्र और ट्राफी देकर सम्मान किया। पिछले 22- 25 वर्षों के बाद नगर भटगांव में पटेल मरार समाज का महासभा वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया।

इसके पहले मुख्य अतिथि के एल चौहान सारंगढ़ जिला कलेक्टर, पटेल मरार समाज के प्रदेश अध्यक्ष देवचरण पटेल व सारंगढ़ जिला अध्यक्ष सुरेंद्र पटेल ने संयुक्त रूप से माता शाकंभरी, सावित्री बाई फुले और ज्योतिबा फुले के छायाचित्र की पूजा अर्चना कर माता शाकंभरी की आरती की गई। सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ व फूल माला के साथ स्वागत किया गया। उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। भटगांव के सामाजिक पत्रकारों का सम्मान कलेक्टर के एल चौहान ने किया। संदीप पटेल,के पी, कमलेश पटेल को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। वार्षिक महाअधिवेशन में आए लोगों के लिए भंडारे की व्यवस्था की घई थी। इसमें अनेकों विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही सामाजिक प्रकरणों का समाधान भी किया गया।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग मनेन्द्रगढ़ जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-877/NIT-8/2023-2024/व.ले.लि. दिनांक : 19/02/2024

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 28/02/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक

ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 06/03/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि :- 07/03/2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम/ NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु. में) बैंक साल्वेंसी (रु. में)	निविदा प्रपत्र की कीमत (रु.में)	निविदाकारों की श्रेणी	कार्य की अवधि
1	2	3	4	5	6
8 T0093	जिला एमसीबी के अंतर्गत अनुविभाग मनेंद्रगढ़/जनकपुर अंतर्गत आवासीय गैर आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत कार्य प्रथम आमंत्रण	20.00 15000.00 300000.00	A 750.00	ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक	05 माह वर्षा ऋतु सहित
8 T0094	जिला एम सी बी अंतर्गत विभिन मार्गो में हेक्टोमीटर, गार्ड स्टोन, पुल पुलियो में पेंटिंग फिरिंग रोड सेफ्टी का कार्य प्रथम आमंत्रण	9.00 6750.00 135000.00	A 750.00	ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक	02 माह वर्षा ऋतु सहित
8 T0095	जिला कोरिया अंतर्गत उप संभाग बैकुंठपुर के आवासीय गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत कार्य प्रथम आमंत्रण	19.50 A 14630.00 292500.00	750.00	ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक	05 माह वर्षा ऋतु सहित
8 T0096	शासकीय कुक्कुट हेचरी परिसर में बटेर पालन हेतु कक्ष निर्माण हेतु चतुर्थ आमंत्रण	18.87 A 14160.00 283050.00	750.00	ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक	03 माह वर्षा ऋतु सहित

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.pwd.cg.nic.in में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-07955/3

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग मनेन्द्रगढ़
जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)

लगातार अनुपस्थित भृत्य को कलेक्टर ने किया निलंबित

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। लगातार शिकायतों के आधार पर शास.उ.मा.वि. तेलासी में पदस्थ भृत्य रेशम लाल कुर्रे को आज कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा निलंबित कर दिया गया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला शिक्षा अधिकारी बी. एल देवांगन ने बताया कि प्राचार्य शास. उ.मा .वि.तेलासी के पत्र 6 नवम्बर 2023 के द्वारा संस्था में पदस्थ रेशम लाल कुर्रे भृत्य की शाला में अनियमित उपस्थिति एवं संस्था के प्राचार्य से अभद्र शब्दों के साथ गाली गलौज किये जाने, इसी तरह 3 नवम्बर 2023 को भी अभद्र शब्दों के साथ गंदी गाली गलौज करते हुए कुल्हाड़ी लेकर प्रभारी प्राचार्य को मारने हेतु दौडने किन्तु प्रभारी प्राचार्य की सजगता से उक्त घटना टल जाने इससे शाला में दहशत और असुरक्षा की भावना पैदा होने का लेख करते हुए उन्हे अन्यंत्र संस्था में पदस्थ करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया था। प्राप्त शिकायत की जांच विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पलारी से कराई गई। प्राप्त प्रतिवेदन 14 फरवरी 2024 अनुसार रेशम लाल कुर्रे मृत्य के विरुध्द विद्यालय में अनियमित उपस्थित होने, शराब पीकर आने एवं गाली गलौज करने, विद्यार्थियों से गुटखा मंगवाने और नही लाने पर अपशब्द कहे जाने की घटना प्रमाणित पायी गई। जिसके अनुरूप रेशम लाल कुर्रे भृत्य शास.उ.मा.वि. तेलासी वि.ख.पलारी जिला बलौदाबाजार- भाटापारा का उपरोक्त कृत्य सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत होने से छग सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत् तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

हत्या के आरोपी को उम्रकैद

गरियाबंद/नवप्रदेश। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय ने हत्या के एक मामले में सुनवाई करते हुए आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश तजेश्वरी देवी देवांगन द्वारा गरियाबंद के छुरा थाना के प्रकरण में 20 फरवरी मंगलवार को अपना फैसला सुनाते हुए मृतक करण कुंजाम की टंगिया से सिर को धड़ से अलग कर सिर को लेकर जंगल की ओर ले जाने वाले आरोपी माधो राम उर्फ माधव गोड़, पिता-पदमन गोड़ (36) साकिन- घोटपानी, थाना- छुरा को आजीवन कारावास एवं 2,000/ रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

अतिरिक्त लोक अभियोजक जनक राम साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रार्थी भगवानी राम कुंजाम पिता करण सिंग कुंजाम ने थाना छुरा में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि घटना दिनांक 12 जुलाई 2021 की शाम 4 बजे वह अपने घर पर था। उसी समय पड़ोस में रहने वाले आरोपी माधव गोड़ अपने हाथ में टंगिया लेकर आज जान से मार डालूंगा कहते हुए उसके पिता करण कुंजाम के घर में घुसकर आरोपी माधव गोड़ उनके पिता करण कुंजाम पर ताबड़तोड़ टंगिया से हमला कर दिया। आरोपी ने बीच बचाव करने वालों को भी जान से मारने की धमकी दी। इससे वह डरकर घर से बाहर निकल गया और घटना के बारे में अपनी पत्नी पुत्र एवं गाँव के लोगों को बताया कुछ देर बाद आरोपी माधव गोड़ उसके पिता का कटा हुआ सिर एवं टंगिया को लेकर जंगल की ओर चला गया। घर के अंदर उसके पिता करण का सिरकटा शव आंगन में पड़ा था। आसपास खून फैला हुआ था। बताया गया कि आरोपी द्वारा पाले हुए जानवर जो कि मृतक की बाड़ी में लगे सब्जी फसलों को नुकसान पहुंचाते थे, जिसे लेकर मृतक करण कुंजाम द्वारा आरोपी माधव को जानवरों को बांधकर रखने के लिए कहते थे। इसी बात पर आरोपी उनके पिता की टंगिया से गला काटकर हत्या कर दिए है।

कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

ऑन लाईन निविदा संशोधन सूचना

जिला जल एवं स्वच्छता मिशन जांजगीर-चांपा की ओर से कार्यपालन अभियंता जल एवं सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा एकीकृत पंजीयन व्यवस्था के अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नांकित कार्यों हेतु प्रपत्र ''अ'' (प्रतिशत दर) ऑन लाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

कार्य का नाम :- जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रोफिटिंग, सोलर एवं एकल ग्राम योजनाओं में पर्याप्त स्त्रोत हेतु नलकूप खनन कार्य एवं उससे संबंधित समस्त कार्य।

क्र.	निविदा क्र.	सिस्टम निविदा क्र.	विकासखण्ड	कार्य की अनुमानित लागत (रु. लाख में)
1	97/23.01.2024	152113	बम्हनीडीह	72.28
2	98/23.01.2024	152114	नवागढ़	69.50
3	99/23.01.2024	152115	अकलतरा	59.77
4	100/23.01.2024	152116	बलौदा	47.26
5	101/23.01.2024	152117	पामगढ़	44.48
6	102/23.01.2024	152118	सक्ती	58.38
7	102/23.01.2024	152119	जैजैपुर	58.38
8	104/23.01.2024	152120	मालखरौदा	69.50
9	105/23.01.2024	152121	डभरा	69.50
10	106/23.01.2024	152201	नवागढ़	52.82
11	107/23.01.2024	152202	मालखरौदा	37.53
12	108/23.01.2024	152203	डभरा	47.26

उपरोक्त कार्यों की निविदा के समय सारिणी में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-

1	Bid due date	26.02.2024
2	pysical Doc Submission End Date	28.02.2024
3	Bid Open Date (Scheduled)	28.02.2024

निविदा की अन्य नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी।

जी-07970/3

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

रामायण भक्ति में शक्ति, विश्वास की देती हैं शिक्षा - आशीष छाबड़ा

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम निनवा में आयोजित श्री रामचरित मानस सतसंग नवधा सम्मेलन समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में आशीष छाबड़ा पूर्व विधायक बेमेतरा शामिल हुए। प्रभु श्री रामचंद्र के छाया चित्र पर पुष्प माल्यार्पण कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि रामायण का प्रत्येक पात्र हमे बेहतर जीवन जीने का मार्ग बताता है, ऐसे धार्मिक आयोजन के होने हमारी आने वाली पीढ़ी भी इस आधुनिकता के दौर में भी संस्कारवान हो।

रामायण की सबसे बड़ी सीख हैं कि बुराई पर हमेशा अच्छाई की जीत होती है, बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों ना हो लेकिन अच्छी नियत एवं गुणों के कारण सच्चाई की ही जीत होती है, इसीलिये हमें सदैव सच्चाई के रास्ते पर ही चलना चाहिए। रामायण हमें भाईचारा की शिक्षा देता है, एक ओर जहां लक्ष्मण ने 14 साल भाई राम के साथ वनवास किया वहीं दूसरे भाई कैकेयी के पुत्र श्री भरत ने राजगद्दी के अवसर को ठुकरा दिया।

रामायण का प्रत्येक चरित्र भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, भरत, हनुमान, सुमित्रा सभी निःस्वार्थ भाव से त्याग, समर्पण बलिदान एवं अनन्य भक्ति की शिक्षा देते हैं।

विकसित भारत संकल्प शिविर कबीर कुटी, नपा परिषद में आज

बेमेतरा/नवप्रदेश। ज़िला मुख्यालय बेमेतरा में जिले में केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं को लेकर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के दूसरे चरण में कल 22 फ़रवरी गुरुवार को प्रातः 10 बजे से कबीर कुटी में और दोपहर 2.30 से शाम 5.30 तक नगर पालिका परिषद बेमेतरा में शिविर आयोजित होगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि इस दौरान केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं के संबंध में लोगों को जानकारी जाएगी। इसके साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न योजनाओं के लोगों से आवेदन भी लिया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, आधार कार्ड, प्रधानमंत्री जनधन योजना ,प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना प्रकिया के सभी लोगों को इन योजनाओं का लाभ मिलेगा।

8 लाख की आर्थिक सहायता मंजूर

कवर्धा/ कलेक्टर जनमेजय महोबे ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत दो विपत्तिग्रस्त परिवारों को 08 लाख रुपए की आर्थिक अनुदान सहायता राशि की स्वीकृति प्रदान की है। इस प्रकरण के तहत विपत्तिग्रस्त परिवारों के चार-चार लाख रुपए दी जाएगी। इसके तहत पंडरिया तहसील के ग्राम माठपुर निवासी रमौतिन की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता जामुन बौगा और ग्राम भैंसाडबरा निवासी प्यारेलाल की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनकी पत्नी श्रीमती शामबाई (श्यामबाई) को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

भारतीय सेना साहस, वीरता और त्याग के साथ राष्ट्र रक्षा के लिए समर्पित

कलेक्टर ने भारतीय थल सेना में अग्निवीर पदों पर भर्ती के लिए जिले के युवाओं को प्रेरित कर आवेदन कराने के दिए निर्देश

कवर्धा/नवप्रदेश। भारतीय सेना साहस, वीरता और त्याग के मूलभूत आदर्शों पर अडिग रहते हुए राष्ट्र की रक्षा के लिए सदा समर्पित है। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने बताया कि सेना में शामिल होने वाले युवाओं को कड़ी प्रशिक्षण, नैतिकता और अनुशासन सीखने की महत्वपूर्ण अवसर मिलता है, जो आजीवन उस युवक के साथ रहता है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए भारतीय थलसेना में अग्निवीर पदों में भर्ती होने का सुनहरा अवसर है। भारतीय थलसेना में अग्निवीर पदों के लिए ऑनलाईन पंजीयन, आवेदन 13 फरवरी 2024 से प्रारंभ हो गया है। पंजीयन, आवेदन की अंतिम तिथि 22 मार्च 2024 निर्धारित की गई है।

कलेक्टर श्री महोबे ने जिले के सभी नगरीय निकायों के अध्यक्ष, ग्राम पंचायत के सरपंचों और ग्राम पंचायत सचिवों को आदेश जारी कर भारतीय थल सेना में अग्निवीर पदों पर भर्ती के लिए जिले के युवाओं को प्रेरित कर आवेदन कराने निर्देशित किया है।

कलेक्टर ने कहा कि व्यक्तिगत रूचि लेते हुए अपने क्षेत्र के युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में इसमें शामिल होने के लिए प्रेरित करें एवं नगरीय क्षेत्र से कम से कम 50 से 100 तथा ग्राम पंचायत क्षेत्र से 10 से 20 अभ्यर्थियों को इस भर्ती प्रक्रिया में आवेदन कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिनके आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है, उनके विवरण, जानकारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत को प्रतिदिन उपलब्ध कराएं।

कलेक्टर श्री महोबे ने बताया कि ऐसे सभी अविवाहित आवेदक जिनकी जन्मतिथि 01 अक्टूबर 2003 से 01 अप्रैल 2007 (दोनों तिथि शामिल) है तथा 8वीं, 10वीं, 12वीं, आई.टी.आई., इंजीनियरिंग डिप्लोमा उत्तीर्ण है, वे अग्निवीर के विभिन्न पदों जैसे सामान्य ड्यूटी, ट्रेडसमेन, ऑफिस असिस्टेंट, स्टोर कीपर, तकनीकी वर्ग के लिए आवेदन कर सकते है। आवेदकों की न्यूनतम ऊँचाई 162 से.मी. से 168 से.मी. होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि अग्निवीर में चयन के पश्चात् आकर्षक वेतन के साथ सेवा अवधि में राशन, ड्रेस, यात्रा भत्ता आदि जैसी सुविधाओं के अतिरिक्त जीवन बीमा कवरेज, 30 दिनों के वार्षिक अवकाश एवं चिकित्सा अवकाश आदि की पात्रता होती है। इसके अतिरिक्त भारतीय सेना में कार्यरत अग्निवीर को सामाजिक प्रतिष्ठा, अच्छी जीवन शैली तथा देश की सेवा करने का अवसर प्राप्त होता है।

भाजपा सरकार में महिलाओं को मिल रहा सम्मान

भावना बोहरा ने पंडरिया में मिलेट कैफ़े खोलने की मांग की, कहा महिला सशक्त होगी तो समाज भी प्रगति करेगा

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज महिला एवं बाल विकास विभाग पर चर्चा के दौरान पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने अपनी बात सदन के समक्ष रखा। उन्होंने वर्तमान में महिला सशक्तिकरण के लिए केंद्र व छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा किये जा रहे सार्थक प्रयासों, योजनाओं एवं उनके सशक्तिकरण हेतु संचालित योजनाओं पर विस्तार से अपनी बात रखी और कहा कि छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी और भाजपा सरकार कितनी संवेदनशील है इस बात का अनुमान वर्ष 2024-25 के बजट में महिला एवं बाल विकास विभाग हेतु किये गए 5,683 करोड़ रुपये के बजट से लगाया जा सकता है। पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा 2675 करोड़ का बजट आवंटन किया गया था जिसके मुकाबले इस वर्ष हमारी सरकार ने लगभग दोगुना बजट प्रदेश की महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य व सुपोषण के लिए किया गया है, यही है छत्तीसगढ़ में सुशासन का सूर्योदय।

भावना बोहरा ने कहा कि यह मेरे लिए गौरव का क्षण है कि अपने पंडरिया क्षेत्र की महिलाओं की बात मुझे प्रदेश की सबसे बड़ी पंचायत विधानसभा में रखने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि पंडरिया विधानसभा की बहुत सी माताएं बहनें हैं जो आज अपने परिवार की मुखिया होने का दायित्व निभा रहीं हैं। हमारी स्वसहायता समूह की बहनें भी विभिन्न क्षेत्रों

में उत्कृष्ट कार्य कर रहीं हैं। ऐसे में उन्हें प्रोत्साहित करना और उनके लिए रोजगार के नए अवसर दिलाने हेतु पंडरिया में गढ़ कलेवा की तर्ज पर मिलेट कैफ़े खोलने की मांग करती हूं जिसका संचालन स्व-सहायता समूह की महिलाएं करेंगी।

उन्होंने आगे कहा कि इस मिलेट कैफ़े का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के लोक व्यंजनों को मोटे अनाज में उपलब्ध करवाना होगा जैसे की रागी दोसा, ज्वार रोटी आदि। इसमें महिला स्व-सहायता समूह की भागीदारी से सीधे तौर पर क्षेत्र की महिलाओं को आर्थिक लाभ मिलेगा साथ ही मोटे अनाज उगाने वाले किसानों को भी फायदा होगा। इस कैफ़े के माध्यम से न सिर्फ हमारे किसान और महिलाएं लाभान्वित होंगे बल्कि हमारे छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजन जो आज खोने की कगार पर है उनके प्रति नई पीढ़ी और सचेत होगी उसे आगे बढ़ाने में अपनी सहभागिता निभाएगी। "उन्होंने निराश्रित महिलाओं हेतु बने नारी निकेतन एवं अनाथ व गरीब बच्चों के संरक्षण के लिए बाल संरक्षण केंद्र में हो रही लापरवाही, अव्यवस्था व अनियमितता को दुरुस्त करने की बात कही और मानसिक रूप से शोषित एवं पीड़ित महिलाओं के लिए पुनर्वास केंद्रों की स्थापना करने की मांग की। इसके साथ ही भावना बोहरा ने पंडरिया विधानसभा में महिलाओं के लिए समर्पित व्यापारिक परिसर खोलने की भी मांग की है जहां पूर्ण रूप से व्यापारी महिलाएं अपने उत्पादों व विभिन्न चिजों को बेचकर आत्मनिर्भर बन सकें।

सड़क हादसा रोकने सभी तिहारा-चौहारे में बनाई जाएगी रंबल स्ट्रीप, हेलमेट लगाने पर जोर

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में शहर और राष्ट्रीय राजमार्गों सहित अन्य स्थलां पर होनी वाली सड़क हादसे और दुर्घटनों को रोकने के लिए बनाई गई कलेक्टर

श्री जनमेजय महोबे की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लगातार हो रहे सड़क दुर्घटनाओं एवं हादसों पर काफी चिंता जताई गई है। बैठक में दोपहिया वाहनों स्कूटी, बाईक या कार या अन्य वाहनों के साथ होने वाली सड़क दुर्घटनों की तीन प्रमुख कारण सामने आई है।

इन तीन प्रमुख वजहों में पहला शराब या अन्य नशे के सेवन में वाहन चलाना, दूसरा स्कूटी व अन्य वाहनों की हाई स्पीड और तीसरा प्रमुख कारण स्कूली विद्यार्थियों को उनके माता-पिता व अन्य अभिभावकों द्वारा स्कूटी या अन्य भारी दुपहियां वाहनों की चलाने की अनुमति देना। साथ ही बिना हैलमेट के वाहन चलाना सड़क हादसे के शिकार होना भी प्रमुख कारणों में शामिल है। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में इस नए वर्ष 2024 की जनवरी से लेकर बहुत कम समय में अधिक सड़क दुर्घटना और हादसें के शिकार पर गंभीर चिंता जताते हुए सड़क हादसे और दुर्घटनाओं पर नियंत्रण करने के लिए रोड मैप तैयार किया गया है। कलेक्टर ने जिले के भीतर सभी ऐसे शैक्षणिक स्थान स्कूल, आश्रम-छात्रावास या आंगनबाड़ी केन्द जो प्रमुख मार्गों पर संचालित है, ऐसे प्रमुख मार्गों में सावधान बोर्ड लागने के लिए निर्देशित किया है। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आईपीएस श्री विकास कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरिश राठौर, जिला परिवहन अधिकारी श्री मोहन साहू सहित समिति के अन्य पदाधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में एक-एक सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा की गई है। समीक्षा में सड़क हादसें और दुर्घटना के तीन प्रमुख कारण ज्यादातर घटनाओं में सामने आई है।

एसपी अचानक निकले रात में गस्त पर

बेमेतरा/नवप्रदेश। एसपी रामकृष्ण साहू 20 फरवरी को अचानक निकले रात गस्त पर जहां उन्होंने बेमेतरा के चौकी/चौराहों पुराना बस्टैण्ड, कोबिया चौक, गस्ती चौकी, सिंघौरी सितला मंदिर, नवीन बाजार रोड, बस्टैण्ड, मोहभट्ठा रोड बिजली आफिस, नवागढ़ तिराहा, सहित सराफा मार्केट एवं अन्य जगहो का पेट्रोलिंग कर भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने सराफा मार्केट में तैनात आरक्षक बजरंग पुरबिया एवं लेखराम सिन्हा को डियूटी पर मुस्तैद पाया। जिन्हें पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने उनके उत्साहवर्धन हेतु नगद ईनाम पुरस्कृत किया है। इस दौरान उन्होंने डियूटी पर तैनात पुलिस जवानों एवं अन्य अधिकारियों को वाहनों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग करने व हमेशा सतर्क एवं सुरक्षित ड्यूटी करने के संबंध में हिदायत तथा सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण आवश्यक निर्देश दिये।

साइबर क्राइम आज की ज्वलंत समस्या- डॉ. मीणा

बालोद/नवप्रदेश। शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर, महाविद्यालय बालोद के विधि विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वन वीक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के दूसरे दिन मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. मनोज मीणा जयपुर विश्व विद्यालय जयपुर राजस्थान रहे थे। उन्होंने साइबर विधि और साइबर अपराध के मुख्य समसामयिक विषयों पर अपने व्यापक विचार रखें। उन्होंने इस संबंध में कहा कि, साइबर क्राइम के मामले में मामले में भारत विश्व के दूसरे स्थान पर है, अर्थात साइबर अपराध भारत में लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। इसका मुख्य कारण भारत के सभी नागरिकों का इंटरनेट सेवाओं से जुड़ा होना हैं, और साइबर सुरक्षा से संबंधित जानकारी न होना अपराध का मुख्य कारण है। साइबर अपराध को रोकने के लिए भारत में बनाए गए सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 के बारे में भी विस्तृत जानकारियां प्रदान की एवं डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन एक्ट 2023 के विषय में भी प्रतिभागियों को वृहद एवं सारगर्भित जानकारी से अवगत कराया।

उन्होंने प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का भी संतोषजनक ढंग से उत्तर दिया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण डॉ. एचएल मानकर विभागाध्यक्ष गणित विभाग एवं आभार प्रदर्शन विभागाध्यक्ष कम्प्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक एवं विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राघवेश पांडेय ने इस कार्यक्रम को प्रतिभागियों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि, साइबर अपराध को रोकने में साइबर विधि एवं उसका असर जगरूकता के रूप में लोगों तक पहुंचना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन पूजा ठाकुर अतिथि प्राध्यापक द्वारा किया गया।

वेटलिफ्टर ज्ञानेश्वरी ने 49 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर पुलिस को किया गौरवान्वित

राजनांदगांव/नवप्रदेश। 26 अक्टूबर से 9 नवंबर 2023 तक गोवा में राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता वेटलिफ्टर गेम हुआ था, जिसमें राजनांदगांव पुलिस विभाग से सउनि ज्ञानेश्वरी यादव द्वारा वेटलिफ्टर गेम प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर रही थी। कुल 177 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीत कर प्रथम स्थान प्राप्त की गई। ज्ञात हो की सउनि ज्ञानेश्वरी यादव सउनि के पद पर दिनांक 4.8.2023 को जिला राजनांदगांव में भर्ती हुई है तथा भर्ती होने के पूर्व से ही वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में भाग ले चुकी है, जिसके आधार पर छग शासन द्वारा उन्हें सउनि के पद पर दिनांक 4.8.2023 को भर्ती किया गया। सउनि ज्ञानेश्वरी यादव द्वारा लगातार अपने खेल के माध्यम से अच्छा प्रदर्शन करते हुये छग शासन को 3 गोल्ड, 1 सिल्वर एवं 1 ब्राउन मेडल दिया है। इसी प्रकार भारत से बाहर उजबेकिस्तान में कराये जा रहे ओलंपिक क्वालिफाइंग राउड में टॉप 8 में स्थान प्राप्त किया गया है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद सरायपाली, जिला-महासमुन्द (छ.ग.)

Email id- cmonppsaraipali@gmail.com

क्र./1301/न.पा.प./नि.नि./2023-24 सरायपाली, दिनांक 21/02/2024

// सूचना //

नगर पालिका परिषद सरायपाली क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 14 शिवमंदिर बड़ा तालाब सौंदर्यीकरण कार्य हेतु आमंत्रित निविदा सिस्टम टेण्डर क्र. 153061 को अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सरायपाली

मोहल्लों में पुलिस की विशेष रात्रि, कॉबिंग गश्त

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल व एसडीओपी डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया द्वारा शहर के सभी थाना-चौकी प्रभारी एवं उनके स्टाफ तथा रक्षित केन्द्र के बल को थाना कोतवाली में फालीन कर अपराधियों पर नकेल कसने एवं चोरी की घटना बढ़ने के संभावनाओं को देखते हुए अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु रात्रि पेट्रोलिंग, पाइंट ड्यूटी एवं कॉबिंग गश्त के संबंध में विस्तार से ब्रीफ कर शहर भ्रमण कर संदिग्धों से पूछताछ करना, गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश व असामाजिक तत्वों तथा चोरी लूट की नीयत से घूमते संदिग्धों पर सतत् निगाह रखने व प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा द्वारा स्वयं थाना प्रभारी कोतवाली, बसंतपुर, लालबाग, ओपी चिखली, यातायात थाना तथा रक्षित केन्द्र व उनके बल के साथ शहर के एक-एक गली-मोहल्लें, चौक-चौराहों में कॉबिंग गस्त किया तथा गुंडा बदमाश, रात्रि में मोटर सायकल से घूमते लड़कों, निगरानी बदमाश व असमाजिक तत्वों को रोक कर उनसे पूछताछ एवं तलाशी की गई संदिग्धों को हिरासत में लेकर थाना लाकर पूछताछ कर आवश्यक कार्यवाही की गई। वाहनों को चेकिंग, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालें के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

एसपी ने की हमर पुलिस हमर बाजार की शुरुआत

बेमेतरा /नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के लिए एक नया अभियान ÷हमर पुलिस हमर बाजार÷ की शुरुआत किया गया हैं। जिसके माध्यम से आमजनों को जिलें के हॉट/बाजारों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं, जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में 20 फरवरी को ÷हमर पुलिस हमर बाजार÷ के माध्यम से थाना साजा, नवागढ़, पुलिस कंडरका एवं खण्डसरा पुलिस द्वारा साजा, खण्डसरा,

कंडरका के हॉट/बाजार में आसपास के ग्रामीण अंचल से आये आम नागरिकगणो को चौपाल लगाकर जागरूक किया। ग्रामवासियों को साइबर अपराध, चिटफंड, फर्जीकाल ठगी की जानकारी देते हुए बताया कि आजकल तेजी से हो रहे एटीएम फ्रॉड से बचने की सख्त जरूरत हैं। ग्रामीण जनता भोली भाली होती हैं और इसी का फायदा उठाते हुए फ्रॉड करने वाले लोग ग्रामीणों को अपने निशाना बनाते हैं साथ ही कहा कि राशि दुगनी करने के नाम पर गांव में घूम रहे बिचौलियों से भी बचने की बहुत जरूरत है अपनी जीवन की जमा पूंजी को ऐसे अपराधियों के पास जाने से बचाने के लिए आपको भी जागरूक होना पड़ेगा। किसी भी तरह की संदेह होने पर तत्काल पुलिस को इसकी जानकारी दें। साथ ही कहा कि पुलिस आपकी सहायता के लिए हर है।

और आप पुलिस को अपना मित्र ही समझे आपकी थोड़ी सी सजगता से कई गंभीर अपराध होने से बच सकता हैं।

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कोटा, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

निविदा निरस्तीकरण आदेश

आदेश क्र./1078/व.ले.लि./2023-24 कोटा, दिनांक 15.02.2024

निविदा सूचना क्र. 12/व.ले.लि./2023-24 दिनांक 19.12.2023 सिस्टम नं. 150102 (प्रथम आमंत्रण) ''अरपा भैंसाझार बैराज परियोजना के शीर्ष स्थल में आर.डी. 0.00 मी. से 2500 मी. तक पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य '' अनुमोदित लागत राशि रु. 203.73 लाख की निविदा को प्रमुख अभियंता (निविदा प्रकोष्ठ) जल संसाधन विभाग रायपुर (छ.ग.) के पत्र पृ.क्र. 4262962/निविदा प्रकोष्ठ/2023/नवा रायपुर दिनांक 06.02.2024 एवं निविदा सूचना क्र. 14/व.ले.लि./2023-24 दिनांक 16.12.2023 सिस्टम नं. 150308 (प्रथम आमंत्रण) ''बहेरामुड़ा जलाशय योजना का जीर्णोद्धार एवं नहर मरम्मत कार्य'' अनुमोदित लागत राशि रु. 249.02 लाख की निविदा को प्रमुख अभियंता (निविदा प्रकोष्ठ) जल संसाधन विभाग रायपुर (छ.ग.) के पत्र पृ. क्र. 4262990/ निविदा प्रकोष्ठ/2023 11294/नवा रायपुर दिनांक 14.02.2024 तथा निविदा सूचना क्र. 18/व.ले.लि./2023-24 दिनांक 08.01.2024 सिस्टम नं. 151026 (प्रथम आमंत्रण) ''दवनपुर जलाशय परियोजना का जीर्णोद्धार एवं नहर मरम्मत कार्य'' अनुमोदित लागत राशि रु. 217.17 लाख की निविदा को प्रमुख अभियंता (निविदा प्रकोष्ठ) जल संसाधन विभाग रायपुर (छ.ग.) के पत्र पृ.क्र.4263014/ निविदा प्रकोष्ठ/ 2024/ नवा रायपुर दिनांक 07.02.2024 के परिप्रेक्ष्य में उक्त निविदा निरस्त की जाती है।

जी-07953/7

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग कोटा
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

सीईओ ने अनेक ग्रामों में पहुंचकर विकास कार्यों का किया निरीक्षण

बालोद/नवप्रदेश। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने आज जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में पहुँचकर प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत चल रहे कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत रूपुटोला, बड़ा जुंगेरा, माटरी, रेंगाडबरी एवं नंगुटोला में पहुँचकर विकास कार्यों का जायजा लिया। डॉ. कन्नौजे ने मौके पर उपस्थित ग्रामीणों एवं लाभार्थियों से भी चर्चा कर विकास कार्यों के प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्माण कार्य में गति लाते तथा सभी निर्माण कार्यों को गुणवत्तायुक्त ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जनपद पंचायत कार्यालय डौण्डीलोहारा में अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक ली एवं जनपद पंचायत कार्यालय का निरीक्षण भी किया। उन्होंने अधिकारियों को सभी ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों के लिए पर्याप्त रोजगार सृजन हेतु मनरेगा के तहत पर्याप्त कार्य स्वीकृत करने तथा श्री रामलला के दर्शन हेतु 65 से 75 वर्ष की आयु के लोगों को चिन्हांकन करने के निर्देश भी दिए।

डीजे, कलेक्टर, एसपी ने जानी जिला जेल की स्थिति

कवर्धा/नवप्रदेश।जिला न्यायाधीश श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे, कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक पल्लव एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अमित प्रताप चन्द्रा द्वारा वर्तमान जेल के विस्तार या नई जेल स्थापित किए जाने के संबंध में जिला जेल कबीरधाम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के बाद जेल परिसर में ही बैठक की गई। जिला न्यायाधीश श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे ने जिला जेल में कैदियों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रतिदिन कराए जाने के निर्देश दिए गए थे। पिछले कुछ दिनों से उक्त कार्यक्रम नहीं हो पा रहे थे, जिसे तत्काल उनके द्वारा संज्ञान लेते हुए उनके द्वारा पुनः प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बंदियों को खेलकूद के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के संबंध में भी जेल प्रशासन को निर्देशित किया गया। कैदियों के कौशल विकास के संबंध में गतिविधियाँ प्रारंभ किए जाने के संबंध में भी निर्देश दिए गए है। अन्य सभी सुविधाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गई। निरीक्षण के दौरान सहायक जेल अधीक्षक श्री राजेन्द्र बंजारे उपस्थित

थे।निरीक्षण एवं बैठक में जेल का भ्रमण, बैरकों की स्थिति, पंकशाला आदि का निरीक्षण किया गया। बैठक के दौरान जिला जेल के लिए निकट भविष्य में भूमि की आवश्यकता के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में वर्तमान जेल को विस्तारित करने के संबंध में भी चर्चा हुई। वर्तमान में प्रतिदिन निरूद्ध बंदियों की संख्या एवं उपलब्ध बैरकों की संख्या को देखते हुए वर्तमान में अतिरिक्त भूमि के अधिग्रहण की आवश्यकता नहीं पाई गई। दो नए बैरकों, जिनकी क्षमता 50-50 बंदियों की होगी, इसके निर्माण के संबंध में चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त चिकित्सा सुविधा, टेली मेडिसीन की सुविधा, जेल स्टॉफ के संबंध में कमी, की चर्चा आदि के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की गई।माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रिट पिटिशन (सिविल) क्रमांक 406/2013 त्मरूप्दीनउंद ब्वदकपजपवदे पद 1382 चतपेवदे में पारित में निर्णय 30. जनवरी 2024 के आदेशानुसार वर्तमान तथा भविष्य में आवश्यता के आधार पर जेलों के विस्तार तथा नई जेले स्थापित किए जाने के संबंध में समीक्षा के लिए एक समिति गठित की गई है। इस समिति के अध्यक्ष जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा सदस्य के रूप में कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जेल अधीक्षक होते है।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, ब्लॉक बलरामपुर (छ.ग.)

E-mail : eebalram-pher-cganic.in

निविदा क्र. /73/ले.शा./ज.जी.मि. /का.अ./ लो.स्वा.यां.वि./2024 बलरामपुर, दिनांक 19.02.2024

ऑन लाईन प्रथम निविदा आमंत्रण

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल प्रदाय योजना के विभिन्न कार्यों के लिए प्रतिशत दर फार्म 'अ' में निम्नानुसार निविदा आमंत्रित की जाती है :-

सि. नि. क्र.	कार्य की अनुमानित लागत (रू.लाख में)
153054	302.46
153055	14.00
153056	110.10

निविदा एवं कार्य का विस्तृत विवरण यथा धरोहर राशि, बिड वैद्यता की तिथि, कार्य की अवधि, निविदाकार की श्रेणी एवं कार्यों तथा स्थल संबंधी जानकारी ऑन लाईन ई-प्रोक्युरमेंट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 26.02.2024 से देखी जा सकती है तथा निविदा दिनांक 15.03.2024 तक बिड डाली जा सकती है। निविदा में आगामी संशोधन पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किए जायेंगे। अतः निविदाकार ऑन लाईन निविदा प्रक्रिया में सतत् संपर्क में रहें। अन्य विवरण कार्यालयीन समय पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड बलरामपुर में देखे जा सकते है।

जी-07949/8

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
खण्ड -बलरामपुर (छ.ग.)

आज से मैनपाट महोत्सव

पलक, अल्ताफ, हास्य कवि डॉ. सुरेंद्र दुबे आएंगे, छत्तीसगढ़ी कलाकार बिखेरेंगे जलवा

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन सरगुजा द्वारा आयोजित भव्य मैनपाट महोत्सव 2024 में देश के नामचीन एवं स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम के पहले दिन 23 फरवरी को प्रसिद्ध बॉलीवुड गायक अल्ताफ रजा, मशहूर बॉलीवुड गायक रूपकुमार राठौर, हास्य कवि पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे, अबूझमाड़ मलखम्भ समूह, गायिका आंचल मंदिलवार गायिका मनाली सांखला, नृत्यांगना रित्विका बैनर्जी सहित स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी। कार्यक्रम के दूसरे दिन 24 फरवरी को भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल, प्रसिद्ध गजल गायक कुमार सत्यम, छत्तीसगढ़ी गायिका आरु साहू, सम्बलपुर के दुलदुली डांस ग्रुप द्वारा पारम्परिक नृत्य प्रस्तुति, सहित स्थानीय कलाकार प्रस्तुतियां देंगे। वहीं कार्यक्रम के अंतिम दिन 25 फरवरी को प्रसिद्ध बॉलीवुड गायिका पलक मुच्छल, संगीत निर्देशक पलाश मुच्छल, छत्तीसगढ़ी गायक संजय सुरीला, प्रसिद्ध गायिका स्तुति जायसवाल एवं गायक स्वप्निल जायसवाल, अमनदीप, सूफी गायक नासिर निन्दर सहित स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसके साथ ही स्कूली बच्चों द्वारा भी कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

स्पर्धाओं का होगा आयोजन

महोत्सव के दौरान विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 23 फरवरी को ओपन बहुरूपिया प्रतियोगिता एकल एवं समूह दोनों श्रेणी में होगी, 24 फरवरी को ओपन कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के बीच भिड़ंत होगी। वहीं प्रतिदिन तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

विभिन्न गतिविधियां होंगी आकर्षक का केंद्र

महोत्सव स्थल पर विशाल मेला लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेगा, वहीं फूड जोन की भी उत्तम व्यवस्था होगी। एडवेंचर स्पोर्ट्स पैरासेलिंग, पैराग्लाइडिंग, कैम्पिंग, फैंसी पतंग उत्सव, बोटिंग आदि का भी आयोजन किया जाएगा।

शराब पीकर स्कूल आने वाला शिक्षक निलंबित

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी जी.एल. चतुर्वेदी द्वारा जिले के लोरमी विकासखंड के ग्राम नवलपुर प्राथमिक शाला के सहायक शिक्षक (एलबी) दुर्गेश राठौर को निलंबित किया गया। कलेक्टर जनदर्शन में सहायक शिक्षक दुर्गेश राठौर के विरुद्ध नशे की हालत में विद्यालय आने और अध्यापन कार्य में रुचि नहीं लेने की शिकायत प्राप्त हुई थी। कलेक्टर ने तत्काल जांच के लिए डीईओ को निर्देशित किया। जिसके परिपालन में लोरमी में विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा जांच की गई। आरोप सही पाए जाने पर सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत निलंबन की कार्यवाही की गई। निलंबन अवधि में श्री राठौर को विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय लोरमी में संलग्न करते हुए जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।

श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम निरजाम में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के पांचवे दिन कथा व्यास पंडित विरेन्द्र कुमार तिवारी बछेरा वाले समुद्र मंथन, श्रीराम एवं श्रीकृष्ण अवतार की कथा रसपान कराया। श्रद्धालुजन श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया। श्रीमद् भागवत कथा रसपान करने श्रद्धालुजन दूर-दूर से पहुंच रहे हैं। संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ महोत्सव आयोजक आत्माराम साहू हैं।

विभिन्न परीक्षाओं के मद्देनजर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग प्रतिबंधित

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने आदेश जारी कर विभिन्न परीक्षाओं के मद्देनजर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पूर्ण रूप से निषिद्ध किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल के 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाएँ तथा विश्वविद्यालयीन परीक्षाएँ 01 मार्च से प्रारंभ हो रही है। क्षेत्र में वैवाहिक कार्य, जुलूस, आमसभा रैली प्रचार माध्यमों आदि के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग किया जाता है। क्षेत्र के सड़क, गलियों, बस्तियों, मोहल्लों, कालोनियों में बहुत ऊंची आवाज पर लाउडस्पीकर, डी.जे. के माध्यम से ऊंची आवाज में प्रयोग से विद्यार्थी वर्ग का अध्ययन कार्य बाधित होता है।

लाउडस्पीकर पर अबाध रूप से किए जाने वाले शोर-गुल से वृद्ध, दुर्बल, बीमार व्यक्तियों पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इसे दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम और ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के प्रावधानों के तहत मुंगेली जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पूर्ण रूप से निषिद्ध किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने जारी आदेश में कहा है कि ध्वनि विस्तारक यंत्रो का प्रयोग सक्षम अधिकारी के समक्ष अनुमति प्राप्त कर सामान्यतः किया जा सकता है, परन्तु शैक्षणिक संस्थाओं, रिहायशी क्षेत्रों, चिकित्सालय, नर्सिंग होम, न्यायालय परिसर, शासकीय कार्यालय, छात्रावास, नगर पालिका परिषद, जनपद पंचायत एवं अन्य किसी स्थानीय निकाय के कार्यालयों-बैंक, पोस्ट आफिस, दूरभाष केन्द्र आदि से 200 मीटर की दूरी के भीतर ध्वनि विस्तारक यंत्रो का प्रयोग सामान्य स्थिति में भी प्रतिबंधित रहेगा। अतिसंवेदनशील क्षेत्रों जैसे अस्पताल, शिक्षण संस्थाएं, अदालत, धार्मिक संस्थाएं आदि के कम से कम 100 मीटर दूरी तक पटाखे न फोड़े जाएं। इसी प्रकार इनमें 100 मीटर की दूरी तक प्रेशर हॉर्न या म्यूजिकल हॉर्न या अन्य किसी प्रकार के साउंड एम्प्लीफायर का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। सशर्त अनुमति के तहत लाऊडस्पीकर या ध्वनि विस्तारक यंत्र या अन्य ध्वनि उत्पन्न करने वाले यंत्र का उपयोग सार्वजनिक स्थलों पर किया जा रहा हो तो उसकी सीमा उस क्षेत्र के परिवेशीय ध्वनि पैमाना से 10 डीबी(ए) से अधिक नहीं होना चाहिए या 75 डीबी (ए) से अधिक नहीं होनी चाहिए। अथवा इनमें से जो कम है, से अधिक नहीं होना चाहिए। लाऊडस्पीकर एवं माईक सेट का उपयोग सक्षम अधिकारी के लिखित अनुमति बिना नहीं किया जाएगा। अत्यंत आवश्यक परिस्थितियों में सक्षम अधिकारी जिला मुख्यालय पर अनुविभागीय दण्डाधिकारी मुंगेली एवं मुख्यालयों पर अनुविभागीय दण्डाधिकारी, तहसील मुख्यालयों में तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, उप तहसील मुख्यालयों में अतिरिक्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी तथा जहां उपरोक्त मुख्यालय ना हो वहां ग्रामीण क्षेत्रों के लिए संबंधित थाना प्रभारी की सशर्त लिखित अनुमति प्राप्त कर धीमी गति में ध्वनि यंत्रों का प्रयोग किया जा सकेगा।

न्यूज गैलरी

10वीं और 12वीं परीक्षा की सामग्री का वितरण आज

अंबिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा वर्ष 2024 हेतु 75 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। कक्षा 10 वीं में 10097 एवं कक्षा 12वीं 8662 कुल पंजीकृत परीक्षार्थी हैं। परीक्षा हेतु गोपनीय सामग्री वितरण 23 फरवरी को निर्धारित की गई है। मंडल पार्टी द्वारा समन्वय संस्था शासकिय बहुद्देश्यीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर में प्रातः 10 बजे से गोपनीय सामग्री का वितरण संबंधित परीक्षा केन्द्र के केन्द्राध्यक्ष एवं प्राचार्य को किया जायेगा। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की गोपनीय सामग्री अलग-अलग पेटी में रखकर थाने या चौकी में रखी जायेगी।

शिविर में 15 यूनिट रक्तदान

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जन्मदिन के पर भाजयुमो प्रदेश युवा मोर्चा के आहवान पर जिला भाजपा कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 15 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। रक्तदान महादान माना जाता है, क्योंकि हम अपना रक्त देकर किसी दूसरे की जान बचा सकते हैं। इससे बड़ा पुण्य का काम क्या हो सकता है। इसी लिए युवाओं को तो समय समय पर रक्तदान करना बहुत जरुरी है। शिविर में कुल 15 यूनिट रक्तदान रक्त दाताओं द्वारा किया गया। शिविर में जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एमके राय एवं पैथोलॉजिस्ट डॉ. केएस कंवर की उपस्थिति में युवाओं ने ब्लड डोनेट किया।

निधन

कावेरी बाई पाण्डेय

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम बीरगांव निवासी भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व. मुरली प्रसाद पांडेय जिनका मृत्यु 22 जनवरी को हो गया था जिनकी धर्म पत्नी कावेरी बाई पाण्डेय उम्र 75 वर्ष का 20 फरवरी को स्वर्गवास हो गया। वे प्रमोद कुमार पाण्डेय की माता एवं संगीता पाण्डेय, सविता पाण्डेय की सास एवं ओम, साक्षी, शिवम की दादी थी। उनका अंतिम संस्कार 21 फरवरी को गृहग्राम बिरगांव में किया गया।

शरदचंद्र सोनी

मुंगेली/नवप्रदेश। सुभाष वार्ड सोनार पारा निवासी शरदचंद्र सोनी उम्र 70 वर्ष का 21 फरवरी बुधवार को निधन हो गया। वे डॉ. सुनील सोनी, अनिल एवं डॉ. देवेन्द्र सोनी के बड़े भाई थे। उनका अंतिम यात्रा सुभाष वार्ड स्थित उनके निवास से 22 फरवरी गुरूवार को प्रातः 10 बजे प्रारंभ होगी। उनका अंतिम संस्कार खर्राघाट स्थित मुक्तिधाम में किया जायेगा।

विद्यार्थियों को दी गई साइबर, यातायात और नशामुक्ति अभियान की जानकारी

कॉलेज में जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

लखनपुर/सरगुजा/नवप्रदेश। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई एवं थाना लखनपुर के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन नवीन महाविद्यालय लखनपुर में आयोजित हुई। आयोजित कार्यक्रम में थाना प्रभारी प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक शुभम तिवारी उपस्थित रहे। उपपुलिस अधीक्षक ने समझाइश देते हुए कहा युवाओं और आम लोगो के मन में पुलिस प्रशासन के प्रति एक अलग धारणा है। समाज में पुलिस पब्लिक के बीच एक अनदेखी सी फासले की दीवार खड़ी है यही वजह है कि पीड़ित लोग पुलिस के पास जाने में संकोच ही नहीं अपितु कतराते हैं। आम तौर पर पुलिस और आम जनता के बीच दूरियां की एक अनदेखी दीवार खड़ी है। आम नागरिक और पुलिस के बीच के इस फासले को कम करने के लिए हम सबको मिलकर काम करना पड़ेगा। प्रशिक्षु डीएसपी ने कालेज में अध्ययनरत छात्रों को यातायात जागरूकता , साइबर जागरूकता, विधिक जागरूकता, नशामुक्ति, महिला एवं बच्चों से जुड़े आपराधिक गतिविधियों के रोकथाम को लेकर आम लोगों में जागरूकता लाने जैसी विधिसंगत कई विषयों पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। कार्यक्रम में अभाविप लखनपुर के नगर मंत्री अमन साहू , प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पलाश पाण्डेय, नगर सह मंत्री क्षितिज अग्रवा , सोशल मीडिया प्रमुख आर्यन गुप्ता, नगर कार्यकारिणी सदस्य राहुल साहू, कैंपस उपाध्यक्ष प्रिंस साहू, अरबाज खान, रवि यादव कैंपस सहमंत्री संजय यादव, प्रिंस यादव, सुनील यादव एवं अन्य कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल थे।

साढ़े पांच क्विंटल गांजा के साथ 6 गिरफ्तार

सक्ती/नवप्रदेश। अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा पदार्थ ले जाने वाले 6 आरोपियों को मालखरौदा पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके पास 7.560 किलो गांजा तथा परिवहन करने में प्रयुक्त एक बलेनो कार जब्त कर कानूनी कार्रवाई करते हुए 6 आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज दिया है।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गायत्री सिंह के पर्यवेक्षण में पुलिस की लगातार कार्रवाई जारी है, इसी तारतम्य में मूखबीर से सूचना मिला कि, कुछ लोग नीले रंग के उड़ीसा पासिंग वाले बलेनो कार में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा लेकर छपोरा से सक्ती की ओर जाने वाले हैं, सूचना पर प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक चंद्रहास सिन्हा तथा थाना मालखरौदा के संयुक्त टीम आरोपियों के घेरा बंदी में लगे, रात्रि करीब 10 बजे मुखबिर सूचना के आधार पर एक नीले रंग के बलेनो को पोता मेन रोड में महराज चाय, नाश्ता दुकान के पास घेराबंदी कर रोक कर उसमें सवार लोगों से पूछताछ कर अधिनियम के प्रावधानों के तहत तलाशी लिया गया जिसमें कार की डिक्की में 07 पैकेट में अवैध रूप से गांजा बरामद किया गया । उक्त गांजा को विधिवत कार्यवाही करते हुए कुल 7.560 चत्त कीमत 38000/- तथा गांजा परिवहन करने में प्रयुक्त बलेनों कार 08 लाख, कुल कीमती 8,38,000/- रू को विधिवत जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 20(ङ्) के तहत कार्यवाही कर 06 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया । गिरफ्तार आरोपियों में धनेश्वर चंद्रा, निवासी बोड़सरा थाना जैजैपुर द्य सुरेश कुमार चंद्रा, निवासी किरकार थाना मालखरौदाद्यअजय कुमार निषाद, निवासी रायगढ़द्य मोहम्मद फैजान निवासी झारसुगुड़ा द्य अमन कुर्रे निवासी छोटे रबेली थाना मालखरौदाद्य प्रकाश कुमार चौहान निवासी भुतहा थाना मालखरौदा के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की गई है द्य साथ ही उक्त मामले में गांजा परिवहन करने में शामिल और लोगो की पतासाजी की जा रही है । इस संपूर्ण कार्यवाही में प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक चंद्रहास सिन्हा, थाना प्रभारी मालखरौदा राजेश चंद्रवंशी, उप निरीक्षक चंद्रप्रकाश कंवर,ंस्ढ्ढ राधे राठौर, प्र.आ. अश्वनी जायसवाल, आरक्षक - शत्रुघन जांगड़े, डमरूधर गबेल, रोहित सिदार, विरेंद शांडिल, दीपेंद्र मधुकर, वेश जाटवर, संजीव राठौर और महिला आरक्षक अपशा परवीन की सराहनीय भूमिका रही।

रामकथा पर कलश यात्रा निकाली गई

लखनपुर/सरगुजा/नवप्रदेश। ब्लाक क्षेत्र के ग्राम नवापारा में रामकथा को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। भगवान श्री राम अवतार के मनोरम परिदृश्य की प्रस्तुति के साथ 23 फरवरी दिन शुक्रवार को बाल लीला एवं यज्ञ रक्षा का व्याख्यान तथा 24 फरवरी दिन शनिवार को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जानकी विवाह की झांकी के साथ 25 फरवरी दिन रविवार को महायज्ञ हवन पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारा का आयोजन दशहरा मैदान कुन्नी चौक में आयोजित होगी। जहां अयोध्या धाम से पधारे कथा वाचक श्री राम जन्मभूमि विभूषित श्री 108 परम पूज्य नृत्य गोपाल दास महाराज के परम शिष्य देवकीनंदन दास महाराज के मुखारविंद से श्रोताओं को राम कथा का रसपान कराया जाएगा । राम कथा में आयोजन समिति के अजीत सिंह, विक्रम सिंह, संतोष विश्वकर्मा, आर्केश यादव, सर्वेश्वर सिंह, गिरीश सिंह, हरीश सोनी, छोटेलाल, लाला राघवेंद्र, सनी सिंह, रुपेन्द् सिंह, सुरेंद्र सिंह, सुरेश प्रभात बसोड के अलावा आसपास ग्रामीण क्षेत्रों के राम भक्त उपस्थिति दर्ज करायेंगे ।

सशिमं में आर्शीवाद समारोह आयोजित

मुंगेली/नवप्रदेश। सशिमं विवेक विहार में आशीर्वाद समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व छात्र चंद्रशेखर साहू, सहायक कोषालय अधिकारी तथा कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व छात्र डॉ. पूर्णेश साहू, जिला नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत जिला आयुर्वेदिक अस्पताल थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विवेकानंद बाल कल्याण समिति अध्यक्ष प्रकाश लोढा, उपाध्यक्ष पंडित दीनानाथ उपाध्याय, सचिव मीहालाल शिवनाणी, जेठमल कोटड़िया, अभय चोपड़ा, महावीर जैन, अशोक तिवारी, मुकेश उपाध्याय आदि समस्त समिति पदाधिकारीगण उपस्थित थे। अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्राचार्य चंद्रभान तिवारी द्वारा तथा स्वागत किशोर भारती अध्यक्ष हिमाचल बंजारा तथा कन्या भारती अध्यक्ष नेहा साहू तथा स्वागत गीत काव्या पटेल के द्वारा एवं एकल गीत आचार्य संबोध श्रीवास द्वारा किया गया। सर्वप्रथम बहिन भूमि महिपाल द्वारा अनुभव कथन कहा गया कि इस विद्यालय से हम सभी ने जो भी संस्कार हमें प्राप्त हुये वे हमे अपने व्यक्तित्व निर्माण में एवं प्रगति में सहायक सिद्ध होंगे। मुख्य अतिथि चंद्रशेखर साहू ने कहा कि इस भूमि को वंदन है जिसके कारण आज मै इस पद पर पहुंचा हूं जहां मै हिंदी मीडियम में पढ़ा किंतु साथ ही साथ अंग्रेजी की पढाई भी बहुत ही अच्छे ढंग से हुई। कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्णेश साहू ने कहा कि इस विद्यालय में पढाई के साथ-साथ हमें जो संस्कार प्राप्त हुआ है वो आज भी हमारे व्यवहारों में झलकता है और लोगों के पूछने पर हम उन्हे गर्व से बतातें है कि हमारे व्यवहार में विनम्रता के पीछे सरस्वती शिशु मंदिर बहुत बडा योगदान है।

अब पत्थरों का भी हो रहा अवैध उत्खनन

सक्ती/नवप्रदेश। जैजेपुर क्षेत्र अकलसरा सहित अनेकों स्थानों पर अवैध उत्खनन में लिप्त माफियाओं का जमावड़ा है।, शासन एवं कलेक्टरों के निर्देश के बावजूद जिला खनिज विभाग के लोग इन माफियाओं से मोटी रकम वसूल रहें है।

ऐसा क्षेत्रीय लोग बताते हैं। किंतु दुर्भाग्य यह है की शक्ति जिले की कलेक्टर आईएएस श्रीमती नूपुर राशि पन्ना प्रत्येक सप्ताह होने वाली समय सीमा की बैठकों में माईनिंग अधिकारियों को ऐसे अवैध उत्खनन पर कार्रवाई करने की बात कहती है, किंतु माइनिंग अधिकारी सिर्फ कागजों पर ही औपचारिकता पूरी करते हैं। खान पूर्ति के लिए कभी कभार छोटे- मोटे प्रकरण बनाकर राजस्व की तिजोरी में सेंध मारी करने वालों से अवैध खनन के एवज में एक मोटी रकम वसूल करते हैं। लोगों का कहना है की जैजैपुर क्षेत्र के अकलसरा सहित अनेकों स्थानों पर ऐसे अवैध उत्खनन धड़ल्ले से चल रहे हैं।जरुरत है ऐसे अवैध उत्खनन कार्यों पर भी माइनिंग विभाग को कार्रवाई करनी चाहिए।

योजना | महतारी वंदन योजना के 2 लाख आवेदन जमा

ऑनलाइन सत्यापन के बाद मोबाइल पर आएगा मंजूरी का मैसेज

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में शासन की महतारी वंदन योजना अंतर्गत फार्म भरने महिलाओं में खासा उत्साह बना रहा। जिले में महतारी वंदन योजना का फार्म भरवाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग, नगरीय निकाय एवं पंचायत स्तर पर निरंतर कार्य किया जा रहा है। जिले में अब तक कुल 2 लाख 16 हजार 192 आवेदन जमा किए गए हैं। जिसमें से 2 लाख 4 हजार 140 का सत्यापन किया गया है। शेष बचे आवेदनों का तेजी से सत्यापन का कार्य भी जारी है। सबसे महत्वपूर्ण यह रहा की महतारी वंदन योजना का प्रदेश मे पहला फार्म जिले से ही श्यामलता जर्नादन के रूप मे हुआ था,और सत्यापन का कार्य भी पहले कर प्रदेश मे पहला स्थान बनाया। शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में आर्थिक स्वावलंबन, उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार, परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका सुदृढ़ करने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना की शुरुआत की गई है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में इस योजना के प्रति महिलाओं में उत्साह दिखा। योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से प्रदान की जाएगी। योजनांतर्गत आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी रखा गया। पात्र महिला हितग्राही को राशि का अंतरण 8 मार्च को किया जाएगा। महतारी वंदन योजना का लाम लेने के लिए विभाग द्वारा महतारी वंदन वेबसाईट और मोबाइल ऐप जारी किया गया। इस वेबसाईट और एप्प पर महिलाएं ऑनलाइन आवेदन करती रही। इसके अलावा महिलाएं अपने क्षेत्र के आगंनबाड़ी केन्द्र, ग्राम पंचायत सचिव, बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) और वार्ड प्रभारी से संपर्क कर उनके लोगिन यूजर आईडी से आवेदन करती रही। योजना के नोडल अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश सिंह के निर्देशन में 1116 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, 48 सुपरवाईजर एवं जिले के 5 परियोजना अधिकारी के अलावा आईसीपीएस, नवा बिहान, सखी सहित नगरीय निकाय, पंचायत के कर्मचारी लगातार आवेदन भरवाने एवं अपलोड करने से सत्यापन तक जुटे रहे। जिले में अब तक कुल 2 लाख 16 हजार 192 महिलाओं ने आवेदन जमा किए हैं। जिसमें से 2 लाख 4 हजार 140 का सत्यापन किया गया है। शेष बचे आवेदनों का तेजी से सत्यापन का कार्य भी जारी है। इसी तरह मुंगेली में 80 हजार 426 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 76 हजार 487 आवेदन अपलोड किया गया। जिसमें से 72 हजार 491 आवेदनों को सत्यापन किया गया है। पथरिया में 53 हजार 833 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 52 हजार 696 आवेदन सत्यापन किये गये। लोरमी में 81 हजार 933 आवेदनों में से 82 हजार 116 आवेदनों को अपलोड किया गया है। 78 हजार 953 आवेदनों का सत्यापन किया जा चुका है।सबसे महत्वपूर्ण यह रहा की महतारी वंदन योजना का प्रदेश मे पहला फार्म जिले से ही श्यामलता जर्नादन के रूप मे हुआ था,और सत्यापन का कार्य भी पहले कर प्रदेश मे पहला स्थान बनाया। आवेदन के पश्चात अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद आपत्तियों का निराकरण कर अंतिम सूची जारी की जाएगी। अपात्र हितग्राहियों की भी सूची पोर्टल पर प्रदर्शित की जाएगी। पात्र हितग्राही को स्वीकृति पत्र ग्राम सचिव और वार्ड प्रभारी द्वारा जारी किया जाएगा।

मतदान के लिए कर रहे जागरुक

अंबिकापुर/नवप्रदेश। मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने जिले में लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में होली क्रॉस कॉन्वेंट उ. मा. विद्यालय की छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर लोगों को शत-प्रतिशत मतदान का आह्वान करते हुए एक विशाल 100 एन का चिन्ह बनाया गया। इस दौरा विद्यालय के प्राचार्य सिस्टर सबीना केरकेट्टा, शिक्षक एवं छात्राएं उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

सेनानी डॉ खूबचन्द बघेल को पुण्यतिथि पर मनवा कुर्मी समाज ने दी श्रद्धांजलि

अर्जुनी/नवप्रदेश। महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ,छत्तीसगढ़ राज्य के स्वप्नद्रष्टा डॉ खूबचन्द बघेल की 54 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर गुरुवार 22 फरवरी को छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज अर्जुनीराज नगर इकाई भाटापारा के द्वारा पटपर चौक स्थित खूबचन्द बघेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके द्वारा किए गए समाज के प्रति योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर अर्जुनीराज के राजप्रधान हरिराम वर्मा उपस्थित थे। वहीं नगर इकाई भाटापारा अध्यक्ष दीपक टिकरिहा, जितेंद्र नायक, तेजराम वर्मा, रमेश वर्मा, सुरेश वर्मा, राधेश्याम नायक, रविकांत वर्मा, महेश वर्मा, कृष्णकुमार वर्मा व सेवकराम वर्मा ने आदि श्रद्धासुमन अर्पित किए।

अपूर्ण आवासों को शत प्रतिशत जल्द से जल्द पूरा करें : सीईओ

बीजापुर/नवप्रदेश। जिला पंचायत सभागार में मंगलवार को जिले में चल रहे प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने जनपद सीईओ, एसडीओ आरईएस, पीएम आवास समन्वयक सहित मैदानी अमले को अपूर्ण आवासों को शत प्रतिशत जल्द से जल्द पूरा करने निर्देशित किए। जिले में 4449 पीएम आवास के लक्ष्य के विरुद्ध 2925 आवास पूर्ण है, शेष 1524 बचे आवासों को 31 मार्च तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। समीक्षा बैठक में ग्राम पंचायत वार प्रत्येक आवास की अप्रारंभ, प्लिंथ गैप ,छत स्तर जिओ टैगिंग, पूर्ण लेवल की जिओ टैगिंग की वस्तु स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में तकनीकी सहायक, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक भी उपस्थित रहे।

सीईओ ने बच्चों संग केक काटकर मनाया सीएम का जन्मदिन

बीजापुर/नवप्रदेश। आज 21 फरवरी का दिन जिले के विद्यार्थियों के लिए विशेष दिन रहा प्रदेश के मुखिया के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में जिले के शैक्षणिक संस्थान आश्रम-छात्रावासों में हर्षोल्लास के साथ केक काटकर मुख्यमंत्री का जन्म दिन मनाया गया। यह अवसर इसलिए भी विशेष रहा क्योकि इसी दिन सभी आश्रम-छात्रावासों में न्यौता भोज का आयोजन किया गया। बीजापुर के ज्ञानगुड़ी (एजुकेशन सिटी) स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के बच्चों के साथ सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने केक काटकर मुख्यमंत्री जी का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया गया। सीईओ ने बच्चों के संग बैठकर न्यौता भोजन का आनंद लिया, इस अवसर पर बच्चों ने अपनी खुशी जाहिर करते हुऐ मुख्यमंत्री को जन्म दिन की शुभकामनाएं दी।इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री कौशल वर्मा, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री केएस मशराम, डिप्टी कलेक्टर श्री जागेश्वर कौशल, उप संचालक पंचायत श्री गीत कुमार सिन्हा सहित अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षकगण उपस्थित थे।

माइक्रोवाटरशेड कमेटी के सचिव पदों की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

गरियाबंद/नवप्रदेश। कार्यालय उप संचालक कृषि सह परियोजना प्रबंधक, जलग्रहण प्रकोष्ठ सह डाटा केन्द्र द्वारा वर्ष 2021-22 अंतर्गत विकासखण्ड देवभोग में स्वीकृत परियोजना पीएमकेएसवाय और डब्ल्यूडीसी में 09 एवं गरियाबंद विकासखंड में स्वीकृत परियोजना पीएमकेएसवाय और डब्ल्यूडीसी में 07 माइक्रोवाटरशेड कमेटी है। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि इन परियोजनाओं में परियोजना अवधि तक के लिए प्रत्येक माइक्रोवाटरशेड कमेटी के सचिव के पदों के लिए 19 मार्च को कार्यालयीन समय अवधि तक संविदा भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किये गए है।

बैगा आदिवासियों की गई थी हत्या, 14 गिरफ्तार

- **खुलासा, जमीन विवाद के चलते पति-पत्नी और बच्चे की हत्या**
- **बैगा आदिवासियों की जली हालात में मिली थी लाश**
- **कांग्रेस ने प्रदर्शन कर की थी जांच की मांग**

कवर्धा/नवप्रदेश। नागाडबरा में तीन बैगा आदिवासियों की मौत के मामले में पुलिस ने गुरुवार को बड़ा खुलासा किया है. इस मामले में एक नाबालिग समेत 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. दरअसल 14 जनवरी को कुकदुर थाना अंतर्गत नागाडबरा में पति पत्नी और बच्चे समेत तीन बैगा आदिवासियों की जली हालात में लाश मिली थी. इस मामले में कांग्रेस ने थाने का घेराव किया था. वहीं प्रदर्शन कर न्यायिक जांच कराने की मांग की थी.

कांग्रेस ने घटना को लेकर ने आरोप लगाया था कि मौत जलकर नहीं हुई है बल्कि हत्या की गई है. कांग्रेस के हंगामे के बाद पुलिस हरकत में आई. फिलहाल पुलिस ने इस मामले में 14 लोगों को हत्या करने के शक में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया है.

इस कारण उतारा मौत के घाट

वहीं पुलिस ने बैगा आदिवासियों की मौत आग लगने से होना बताया था. मौके पर कुल्हाड़ी और खून के छीटें भी मिले थे. जिस पर जांच की जा रही थी. घटना के 34 दिन बाद फॉरेंसिक जांच में खुलासा हुआ कि तीनों की हत्या की गई है. एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि जमीन विवाद के चलते पति-पत्नी और बच्चे को मौत के घाट उतारा गया था. जिसमें एक नाबालिग समेत 14 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है.

महिला की अर्धनग्न लाश मिलने से फैली सनसनी

जशपुर। कोतबा चौकी अंतर्गत महिला की अर्धनग्न लाश मिली है. प्रथम दृष्टया दुष्कर्म के बाद गला घोंटकर महिला की हत्या करना प्रतीत हो रहा है. सूचना मिलने पर पुलिस घटना स्थल के लिए रवाना हो गई हैं. ग्राम पंचायत पतराटोली अटल चौक के समीप एक खेत में अर्धनग्न महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई. कयास लगाये जा रहे हैं कि महिला के साथ पहले दुष्कर्म किया गया होगा, उसके बाद उसकी गला घोंटकर हत्या की गई है. महिला की पहचान नहीं हो पाई है. घटना की सूचना मिलने पर कोतबा चौकी प्रभारी अमले के साथ घटना स्थल के लिए रवाना हो गए हैं।

ट्रेलर पलटने से चालक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

खदान में एक बार फिर से दर्दनाक हादसा

घटना के बाद खदान में राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई

कोरबा/नवप्रदेश। दीपका खदान में एक बार फिर से दर्दनाक हादसा हुआ है. यहां एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर तालाब में जा गिरा. हादसे में चालक की मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद खदान में राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई. वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है.

जानकारी के अनुसार, दीपका थाना अंतर्गत साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड दीपका एरिया में बीती रात पांच नंबर कांटा गोदावरी फेस के पास अनियंत्रित ट्रेलर तालाब में पलट गया. जहां केबिन के नीचे दबने से ट्रेलर चालक की मौके पर ही मौत हो गई. मृतक चालक प्रेम सिंह मरावी उम्र 35 वर्ष बक्साही पाली निवासी था.

खदान के अंदर दुर्घटना में चालक की मौत की खबर सुबह 5 बजे पता चली. जब लोगों ने घटनास्थल पलटे हुए ट्रेलर को देखा

और उसके केबिन के नीचे चालक दबा हुआ था. घटना की सूचना पुलिस को दी गई. पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कार्रवाई शुरू की. जहां शव की पहचान कार्रवाई करते हुए मृतक के परिजनों को मौके पर बुलाया गया. वहीं वाहन मालिक और कंपनी को भी जानकारी दी गई है.बताया जा रहा है कि एसईसीएल के रोड सेल विभाग में हिंद वॉशरी के नाम पर कोयले का उठाव किया जा रहा था. तभी ये दर्दनाक हादसा हुआ. मृतक प्रेम सिंह की एक 5 वर्ष पुत्री है और पत्नी बिलासपुर के निजी अस्पताल में स्टाफ नर्स है।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अध्यक्षता में मॉनिटरिंग सेल की बैठक हुई

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। आज जिला एवं सत्र न्यायालय में जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री विजय होता की अध्यक्षता में जिला मॉनिटरिंग सेल बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में कलेक्टर दंतेवाड़ा श्री मयंक चतुर्वेदी, बीजापुर कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय, सुकमा कलेक्टर श्री हरिस एस, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्रवीण प्रधान, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रश्मि नेताम, जिला विधिक प्राधिकरण सचिव श्री संजय सोनी, उपरोक्त तीनों जिलों के एडिशनल एसपी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के पालन में दंतेवाड़ा सुकमा, बीजापुर, के वर्तमान जेलों की क्षमता, 50 वर्षों की आवश्यकता के आधार पर भविष्य की आवश्यकता का परीक्षण कर अधोसंरचना विकसित जाने के हेतु ठोस कार्य को, जेल में कैदियों द्वारा मुलाकात हेतु व्ही.सी. सुविधा उपलब्ध कराये जाने एवं कैदियों के लिये टेली मेडिसिन सुविधा उपलब्ध कराये जाने के संबंध में निर्देश दिये गये। इसके साथ ही जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने आगामी 9 मार्च को होने वाले नेशनल लोक अदालत के संबंध में प्रीलिटिगेशन के प्रकरणों में वृद्धि करने के लिए भी कहा। इसके साथ ही बैठक में माननीय उच्च न्यायालय के वर्क प्लान, न्यायालय कक्ष एवं न्यायिक अधिकारियों के लिये पात्रता अनुसार न्यायिक पुल के शासकीय आवास की उपलब्धता, उपलब्ध न होने की स्थिति में निर्माण एवं निर्माण हेतु जमीन की उपलब्धता सुनिश्चित करने, 05-10 वर्ष पुराने प्रकरणों, नक्सली मामलों के प्रकरणों एवं विचाराधीन बंदियों से संबंधित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण बाबत समंस, वारंट की तामीली के निराकरण में एवं तामील रिपोर्ट आवश्यक रूप से पेश किये जाने, समय पर रिमांड लिये जाने, विचाराधीन बंदियों से संबंधित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण करें।

जंगल में लगी तार की फेंसिंग में फंसा भालू निकालने में वन अमले का छूटा पसीन

राजधानी से रेस्क्यू टीम रवाना

महासमुंद/नवप्रदेश। गुरुवार सुबह पिथौरा वन परिक्षेत्र में स्थित सुखीपाली के जंगल पहुंचे ग्रामीण उस वक्त हैरान रह गए जब उन्होंने एक भालू को कटीले तारों की फेंसिंग में बुरी फंसा हुआ देखा. इसके बाद ग्रामीणों ने आनन-फानन में इसकी सूचना पिथौरा वन परिक्षेत्र की टीम दी. ग्रामीणों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने भालू के रेस्क्यू की कोशिश की लेकिन कामयाब नहीं हो सके जिसके बाद अब इस चुनौतीपूर्ण कार्य के लिए राजधानी रायपुर से रेस्क्यू टीम को बुलाया गया है. मौके पर मौजूद रेजर मोती साहू ने बताया कि भालू का गाला कटीले तारों की फेंसिंग में बुरी तरह से फंसा हुआ है. रायपुर से टीम आ रही है, टीम के आने के बाद ट्रैकुलाइजर गन से भालू को बेसुध करने के बाद उसे

तारों से बाहर निकला जाएगा. अगर भालू को कीसी भी प्रकार से चोट आई होगी तो उसे वन अमला अपनी निगरानी में रखकर उसकी देखभाल करेगा. लेकिन अगर वह स्वस्थ हुआ तो उसे जंगल में छोड़ दिया जाएगा. बता दें कि फेंसिंग में भालू के फंसने की खबर के बाद मौके पर काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुटी गई है. ग्रामीणों के मुताबिक भालू सुबह से फंसा हुआ है लेकिन अब तक रायपुर से रेस्क्यू टीम वहां नहीं पहुंची है।

पूरी-पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य का 2 दिवसीय प्रवास 28 से

खरोरा/नवप्रदेश। ग्राम मुरा,28 फरवरी को हिंदू राष्ट्र प्रणेता पूरी-पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य श्रीनिश्चलानंद सरस्वती जी की गरिमामयी उपस्थिति से अंचल के प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी पं लखनलाल मिश्र का ग्राम मुरा सुशोभित होने वाला है। शंकराचार्य द्वारा आह्वानित राष्ट्रोत्कर्ष अभियान के प्रदेश संयोजक पूर्व आईएएस गणेश शंकर मिश्र ने बताया कि भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने के उद्देश्य की प्रतिपूर्ति के लिए शुरू हुई राष्ट्रोत्कर्ष यात्रा के अन्तर्गत इस अभियान के परिकल्पनाकार परम पूज्य शंकराचार्य स्वामी श्रीनिशचालानंद सरस्वती जी का राज्य के ग्रामीण क्षेत्र में आगमन एवं प्रवास का कार्यक्रम बना है, जिससे सनातन संस्कृति के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में महाजागरण का उद्घोष हो सके।

इस कार्यक्रम के आयोजक पूर्व आईएएस गणेश शंकर मिश्रा ने बताया कि 28 फ़रवरी को शंकराचार्य नियमित विमान से सुबह 10-30 बजे रायपुर एयरपोर्ट आयेंगे जहां उनका श्रद्धालुओं द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा, और उनका क़ाफ़िला सीधे मिश्र के ग्राम मूरा स्थिति निवास के लिए रवाना होगा। फिर अपराह्न 2 बजे शंकराचार्य जी स्थानीय पत्रकारों से वार्ता करेंगे और सायं 5 बजे उनके दर्शन एवं संगोष्ठी का कार्यक्रम नियत है। दोनों ही कार्यक्रम गणेश शंकर मिश्र के पैतृक निवास- पं लखनलाल मिश्र सेवा परिसर- में संपन्न होंगे।29 फ़रवरी की सुबह 11 बजे शंकरायचार्य जी की विशाल

धर्मसभा का आयोजन किया गया है जो पं लखनलाल मिश्र पूर्व माध्यमिक शाला, ग्राम मूरा में संपन्न होगी। पूरी पीठाधीश्चर शंकराचार्य जी के प्रवास के अंतिम दिन 1 मार्च को सुबह 11 बजे एक संगोष्ठी का आयोजन है जिसमें श्रद्धालु महाराजश्री का दर्शनलाभ ले सकेंगे और तत्पश्चात् गुरुदीक्षा का कार्यक्रम भी रखा गया है। तत्पश्चात् दोपहर 3-30 बजे शंकराचार्य जी मिश्र निवास से तिल्दा रेल्वे स्टेशन हेतु अपनी आगे की यात्रा के किए प्रस्थान करेंगे। क्षेत्रवासी सभी धर्मप्रेमी जन सनातन संस्कृति के ध्वजवाहक श्रद्धेय शंकराचार्य जी के ज्ञान और मार्गदर्शन प्राप्त करने उत्सुक हैं। मुरा गांव में शंकराचार्य की आगामी यात्रा पहले से ही क्षेत्र में काफी उत्साह और श्रद्धा पैदा कर रही है। आध्यात्मिक प्रकाशमान महाराजश्री का सभी स्वागत करने की तैयारी में जूटे हैं, उनकी धर्मसभा में भाग लेने और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए क्षेत्रवासी उत्साहित हैं। मिश्र ने बताया कि शंकराचार्यजी द्वारा उद्घोषित भारतवर्ष को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने की घड़ी नजदीक आ रही है तथा महाराज श्री द्वारा विचारित सनातन हिन्दू संस्कृति एवं परंपराओं द्वारा जब राष्ट्र संचालित होगा तभी सही मायनों में हमारे राष्ट्र में रामराज्य स्थापित हो सकेगा।

राजिम कुंभ कल्प मेला 24 से तैयारी अंतिम चरण में

प्रतिवर्ष हजारों के संख्या में नागा साधु सहित अन्य संत विशेष पर्व स्नान तथा संत समागम में होते हैं शामिल

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले में स्थित पवित्र धार्मिक नगरी त्रिवेणी संगम राजिम में प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक 15 दिनों का मेला लगता है। राजिम में तीन नदियों का संगम है इसलिए इसे त्रिवेणी संगम भी कहा जाता है, यहाँ मुख्य रूप से तीन नदियां बहती है, जिनके नाम क्रमशः

महानदी, पैरी नदी तथा सोंढूर है। संगम स्थल पर कुलेश्वर महादेव जी विराजमान है। राज्य शासन द्वारा वर्ष 2001 से राजिम मेले को राजीव लोचन महोत्सव के रूप में मनाया जाता था, वर्ष 2005 से इसे और भव्य रूप के साथ राजिम कुंभ कल्प मेला के रूप में मनाया जा रहा है। यह आयोजन छत्तीसगढ़ शासन धर्मस्व एवं पर्यटन विभाग एवं स्थानीय आयोजन समिति के तत्वाधान में होता है। मेला की शुरुआत कल्पवाश से होती है। पखवाड़े भर पहले से श्रद्धालु पंचकोशी यात्रा प्रारंभ कर देते हैं। पंचकोशी यात्रा में श्रद्धालु पटेश्वर, फिंगेश्वर, ब्रम्हनेश्वर, कोपेश्वर तथा चम्पेश्वर नाथ के पैदल भ्रमण कर दर्शन करते है तथा धुनी रमाते है। 101 कि?मी? की यात्रा का समापन होता है और माघ पूर्णिमा से मेला का आगाज होता है। राजिम कुंभ कल्प मेला में विभिन्न जगहों से हजारों साधू संतो का आगमन होता है, प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में नागा साधू सहित अन्य संत आदि आते है।

मानस मोती चुनना है, तो भरत जैसा बनें : रामज्ञानी दास

डोंगरगांव/खुज्जी/नवप्रदेश। रामायण यदि हमें पूरी याद है, तो उसका कोई मूल्य नही अगर रामायण हमारी जीवनशैली बन जाये तो वह बहुत महत्वपूर्ण है,रामायण केवल उनके लिए काम की है,जिनके अंदर राम बनने की प्यास है, जिस प्रकार सागर में पानी हो,और हम सागर किनारे खड़े हैं यदि हमारे अंदर प्यास है तो सागर का पानी पानी है अन्यथा उस पानी का कोई मूल्य नही जिस प्रकार पानी का मूल्य प्यास से है ,उसी प्रकार रामायण का मूल्य राम के विस्वास में है।

उक्त गूढ़ बातें दर्री शिवनाथ नदि तट स्थित ब्रम्ह चारी आश्रम में संत त्रिलोचन ब्रम्ह चारी के सानिध्य में चल रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के तहत चल रहे श्री राम कथा में तिरखेड़ी आश्रम (महारष्ट्र) से पधारे संत रामज्ञानी दास महात्यागी ने कही उन्होंने भरत चरित्र का सटीक बखान करते हुए कहा कि जो श्री सीता राम को ह्दय में धारण करके श्री भरत चरित्र का गायन व श्रवण करेगा उसे भव रस से विरक्त होकर भव सागर से पार हो जाएगा,उन्होंने कहा कि भरत जी रामायण के ऐसे पात्र हैं ,जिनके जीवन मे राम की आगाध भक्ति है, जिनके जीवन मे श्री राम की भक्ति का दर्शन तो है, प्रदर्शन नही,क्योंकि सच्चे सन्तों के जीवन मे केवल दर्शन होते हैं प्रदर्शन नही।

मनरेंगा कार्य में लापरवाही, दो सचिव सहित रोजगार सहायक निलंबित

बीजापुर/नवप्रदेश। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमन्त रमेश नंदनवार ने महात्मा गांधी नरेगा योजना के स्वीकृत निर्माण कार्य में लापरवाही एवं प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत आवास को प्रारंभ नहीं किए जाने के कारण जनपद पंचायत भैरमगढ़ की ग्राम पंचायत केशकुतुल के सचिव महादेव वट्टी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं ग्राम पंचायत फुल्लोड़ के सचिव जोगेंद्र हेमला पर मनरेगा के कार्यों में प्रतिदिन नियोजित श्रमिक कम होने के साथ आधार बेस्ड पेमेंट सिस्टम में वृद्धि, अपूर्ण कार्यों को कराने में अपेक्षित कार्य नहीं कराने के कारण निलंबन को कार्रवाई की गई है।

दोनो सचिव उच्च अधिकारियों के निर्देशों की लगातार अवहेलना एवं कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरत रहे थे। छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा नियम 1998 के प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई की गई है।

ग्राम पंचायत बेंगलूर के 89 दिवस हेतु कार्यरत रोजगार सहायक अर्जुन कश्यप की ग्राम पंचायत में मनरेगा के कार्य में प्रतिदिन नियोजित श्रमिक कम होने एवं आधार बेस्ड पेमेंट सिस्टम में अपेक्षित प्रगति नहीं होने के चलते सेवा सम्माप्त करने हेतु नियोक्ता सरपंच, सचिव को निर्देशित किया गया है।

श्रम विभाग ने 729 हितग्राहियों को 1 करोड़ 28 लाख से अधिक की राशि वितरित की

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर श्रम विभाग द्वारा संचालित योजना अंतर्गत जिले के 729 श्रमिकों को राशि 1 करोड़ 28 लाख 33 हजार 250 रूपये की राशि से लाभान्वित किया गया है।

श्रमपदाधिकारी श्री एलन मिंज ने बताया कि श्रम विभाग के अधीन संचालित छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल अंतर्गत जिले में पंजीकृत असंगठित कर्मकार, ठेका श्रमिक, घरेलु महिला कामगार एवं हमाल श्रमिक एवं सफाई कर्मकार जैसे कार्यरत श्रमिकों के परिवार को गरिमामय और सम्मानपूर्वक जीवन यापन करने के लिए सहायता के लिए विभिन्न योजनाएं जैसे ÷असंगठित श्रमिक सुरक्षा एवं कल्याण मण्डल÷ अंतर्गत बच्चों के पढाई हेतु असंगठित कर्मकार के बच्चों हेतु छात्रवृत्ति योजना के तहत 129 श्रमिकों को 1 लाख 12 हजार 750 रूपये, सफाई कर्मकार के बच्चों हेतु छात्रवृत्ति योजना के तहत 39 श्रमिकों को 60 हजार 500 रूपये, ठेका श्रमिक, घरेलु महिला कामगार एवं हमाल श्रमिक के बच्चों हेतु छात्रवृत्ति योजना के तहत 105 श्रमिकों को एक लाख रूपये, शिशु जन्म के बाद स्वास्थ्य और सेहत के लिए असंगठित कर्मकार प्रसूति सहायता योजना के तहत 315 श्रमिकों को 63 लाख रूपये, सफाई कर्मकार प्रसूति सहायता योजना के तहत 7 श्रमिकों को एक लाख 40 हजार रूपये, ठेका श्रमिक, घरेलु महिला कामगार एवं हमाल श्रमिक प्रसूति सहायता योजना के तहत 91 श्रमिकों को 18 लाख 20 हजार रूपये एवं मृतक परिवार को सहारा के लिए असंगठित कर्मकार मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के तहत 17 श्रमिकों को 17 लाख रूपये बीमा के रूप में सहायता राशि से श्रमिकों को लाभान्वित किया गया है।

मासूम की गला रेतकर हत्या, इलाके में मचा हड़कंप

कोरबा/नवप्रदेश। जिले से हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. यहां मासूम बच्चे की गला रेतकर हत्या कर दी गई है. घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गई है. मामले की सूचना मिलते ही पुलिस कप्तान सहित आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं. पुलिस घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए मृत बच्चे की शिनाख्ती का प्रयास कर रही है.

यह मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है. जानकारी के अनुसार, खरमोर निवासी गंगाराम नामक ग्रामीण अपने परिजनों के साथ सागौन बड़ी में लकड़ी एकत्रित करने गया था. जहां उसकी नजर सूखे पत्ते से ढके करीब 3 साल के मासूम की लाश पर पड़ी. वह परिजनों के साथ भाग कर घर आ गया और इस घटना की जानकारी बस्ती वासियों को दी. उसके बाद

घटना की जानकारी पुलिस को दी गई. सूचना मिलते ही कप्तान सिद्धार्थ तिवारी,स्क्रअभिषेक वर्मा, ष्टस्क्रभूषण इक्का सहित तमाम आला अधिकारी मौके पर पहुंचे हुए हैं.

पुलिस ने घटनास्थल पर मौजूद बस्ती वासियों से मृत मासूम की पहचान कराइ लेकिन बच्चे की पहचान नहीं हो पाई है. जिससे संभावना जताई जा रही है कि मासूम के साथ किसी अनजान व्यक्ति ने वारदात को अंजाम दिया गया होगा. इस पूरे मामले में दुखद पहलू यह है कि बच्चे की गला रेत कर हत्या की गई है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है.

चौथे टेस्ट के लिए इंग्लैण्ड की टीम घोषित

वुड और रेहान बाहर, शोएब बशीर को मौका

स्पोर्ट्स डेस्क। इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट के लिए अपनी प्लेइंग-11 घोषित कर दी है। तेज गेंदबाज ओली रोबिनसन को मार्क वुड की जगह शामिल किया गया। लेग स्पिनर रेहान अहमद भी बाहर हुए, उनकी जगह शोएब बशीर चौथा टेस्ट खेलेंगे।

जेम्स एंडरसन और टॉम हार्टले टीम में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहे। टीम ने अपने बैटिंग ऑर्डर में कोई बदलाव नहीं किया। दोनों टीमों के बीच 5 टेस्ट की सीरीज का चौथा मुकाबला 23 फरवरी से रांची में खेला जाएगा।तेज गेंदबाज ओली रोबिनसन को मार्क वुड की जगह शामिल किया गया। वुड ने पहला और तीसरा टेस्ट खेला था। पहले मैच में उन्हें कोई विकेट नहीं मिला लेकिन दूसरे मुकाबले में उन्होंने 4 विकेट लिए थे। रोबिनसन के साथ 41 साल के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन लगातार तीसरा टेस्ट खेलेंगे। वह पहला टेस्ट नहीं खेल सके थे, वहीं बाकी 2 टेस्ट में उन्हें 6 विकेट मिले। एंडरसन टेस्ट करियर में 700 विकेट पूरे करने से महज 4 विकेट दूर हैं।

इंग्लैंड टीम चौथे टेस्ट में भी 2 ही स्पेशलिस्ट स्पिनर्स के साथ उतरेगी। लेफ्ट आर्म स्पिनर टॉम हार्टले अपनी जगह बनाने में कामयाब रहे, वह सीरीज में टीम के टॉप विकेट टेकर भी हैं। वहीं लेग स्पिनर रेहान अहमद की जगह ऑफ स्पिनर शोएब बशीर शामिल हुए। बशीर ने दूसरे टेस्ट में डेब्यू किया था, तीसरे में उन्हें मौका नहीं मिला। वहीं अब वह चौथा टेस्ट खेलते नजर आएंगे।

इनके अलावा पार्ट टाइम ऑफ स्पिनर जो रूट टीम के तीसरे स्पिनर रहेंगे। इंग्लैंड ने अपने बैटिंग ऑर्डर में कोई बदलाव नहीं किया। जैक क्रॉले और बेन डकेट ओपनिंग करेंगे। ओली पोप, जो रूट और जॉनी बेयरस्टो मिडिल ऑर्डर में रहेंगे। बेन फोक्स विकेटकीपिंग करेंगे, वहीं बेन स्टोक्स ही कप्तान रहेंगे। स्टोक्स प्रैक्टिस सेशन में बॉलिंग करते हुए नजर आए थे। ऐसे में संभव है कि वह टीम के तीसरे गेंदबाज बनें। वह सीरीज के शुरुआती 3 मैचों में बॉलिंग नहीं कर सके थे।

रांची टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग-11- जैक क्रॉले, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स (कप्तान), बेन फोक्स (विकेटकीपर), टॉम हार्टले, ओली रोबिनसन, जेम्स एंडरसन और शोएब बशीर।

25 जनवरी से शुरू हुई 5 टेस्ट की सीरीज में भारत 2-1 से आगे है। हैदराबाद में पहला मुकाबला इंग्लैंड ने 28 रन से जीता था। विशाखापट्टनम में दूसरे मुकाबले में भारत को 106 रन से जीत मिली। वहीं राजकोट में तीसरा टेस्ट भी भारत ने ही 434 रन से जीता। राजकोट में चौथा मुकाबला होगा। वहीं 7 मार्च से धर्मशाला में पांचवां टेस्ट खेला जाएगा।

रांची टेस्ट के लिए भारत की टीम- रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, देवदत्त पड्डीकल, सरफराज खान, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार और आकाश दीप।

श्रीलंका ने 2-1 से जीता टी-20 सीरीज

अफगानिस्तान ने आखिरी मुकाबला 3 रन से जीता गुरबाज की फिफ्टी

स्पोर्ट्स डेस्क।अफगानिस्तान ने श्रीलंका को 3 टी-20 मैचों की सीरीज के आखरी मुकाबले में 3 रन से हराया। इसी के साथ टीम का वाइट वॉश नहीं हुआ और श्रीलंका सीरीज 3-0 के बजाय 2-1 से जीता। दांबुला के मैदान पर बुधवार को अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 209 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका 20 ओवर में 6 विकेट पर 206 रन ही बना सका।

अफगानिस्तान के लिए रहमनुल्लाह गुरबाज ने 70 रन की पारी खेली। वहीं, मोहम्मद नबी ने 2 विकेट लिए।अफगानिस्तान ने पारी की शानदार शुरुआत की। ओपनिंग करने उतरे हजरतुल्लाह जजई और रहमनुल्लाह गुरबाज के बीच 44 बॉल में 88 रन की साझेदारी हुई। जजई 45 रन बना कर आउट हुए। वहीं, रहमनुल्लाह गुरबाज 70 रन बना कर आउट हो गए। इस साझेदारी की बाद अफगानिस्तान की पारी में कोई बड़ी पार्टनरशिप नहीं हो सकी।इब्राहिम जादरान 10 रन और करीम जनत पहली ही बॉल पर बिना खाता खोले आउट हो गए। आखिर में ओमरजई और मोहम्मद नबी के बीच 41 रन की साझेदारी हुई, जिसने टीम को 200 के करीब पहुंचाया।ओमरजई 31 रन बना कर आउट हुए। वहीं, मोहम्मद नबी 16 रन और मोहम्मद ईशाक 16 रन बना कर नाबाद रहे।श्रीलंका की ओर से मथीश पथिराना और अकीला धनंजया को 2-2 विकेट मिले। धनंजय ने जादारान और जजई के शुरुआती विकेट दिलाए। वहीं, पथिराना ने ओमरजई और जनत के विकेट लिए। वानिंदु हसरंगा को एक विकेट मिला।श्रीलंका का मिडिल ऑर्डर पूरी तरह फेल हो गया। पारी की शुरुआतच पथुम निसांका और कुसल मेंडिस ने की। मेंडिस 16 रन बना कर आउट हुए। वहीं, कुसल परेरा भी 0 रन पर आउट हो गए। निसांका फॉर्म में थे और 60 रन बना चुके थे, लेकिन 9वें ओवर की तीसरी बॉल पर सिक्स मारने के बाद वे हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बाहर हो गए। वे रिटायर्ड आउट हो गए।इसके बाद वानिंदु हसरंगा 13 रन, सदीरा समरविक्रमा 23 रन और एंजेलो मैथ्यूज 4 रन बना कर आउट हुए।समरविक्रमा के बाद छठे नंबर पर आए कामिंडु मेंडिस आखिर तक खड़े रहे,उन्होंने नाबाद 65 रन की पारी खेली और मैच में जान ला दी। आखिरी ओवर में 21 रन की जरूरत थी। हालांकि मेंडिस पूरी कोशिश के बावजूद मैच अपनी ओर नहीं कर सके।

सीके नायडू में खिलाड़ी ने एक ओवर में जड़े 6 छक्के

स्पोर्ट्स।आंध्र प्रदेश के बल्लेबाज वामसी कृष्णा ने सीके नायडू ट्रॉफी के एक ओवर में 6 छक्के जड़ दिए। वह घरेलू क्रिकेट में यह कारनामा करने वाले रवि शास्त्री और ऋतुराज गायकवाड के बाद तीसरे भारतीय बने। इंटरनेशनल क्रिकेट में युवराज सिंह 6 गेंदों पर 6 छक्के लगाने वाले एकमात्र भारतीय हैं। कृष्णा ने रेलवे के स्पिनर दमनदीप सिंह के खिलाफ ये रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 64 बॉल पर 110 रन बनाए। कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी अंडर-23 प्लेयर्स का स्टेट लेवल मल्टी-डे टूर्नामेंट है। वामसी कृष्णा की विस्फोटक पारी के बावजूद आंध्र की 378 रन ही बना सकी। विशाखापट्टनम के डॉ. वायएस राजशेखर रेड्डी स्टेडियम में टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। रेलवे ने अपनी पारी 231 ओवर बाद 865/9 के स्कोर पर डिक्लेयर की। मैच ड्रॉ रहा और रेलवे ने पहली पारी में बढ़त के आधार पर एक्स्ट्रा पॉइंट हासिल किया।

पूर्व दिग्गज बल्लेबाज रवि शास्त्री ने 19 जनवरी 1985 को बड़ौदा के बॉलर तिलक राज के खिलाफ 6 बॉल पर 6 सिक्स लगाए थे। वहीं 2022 में महाराष्ट्र के ऋतुराज गायकवाड ने विजय हजारे ट्रॉफी में यह कारनामा किया था। गायकवाड ने उत्तर प्रदेश के खिलाफ 6 नहीं बल्कि 7 सिक्स लगाने का कारनामा किया था। गेंदबाज शिवा सिंह ने एक नो-बॉल फेंकी थी, जिस पर भी ऋतुराज ने सिक्स लगाया था। उन्होंने अपनी पारी में 220 रन बनाए थे।

मैच मुंबई में नहीं, बिना डबल हेडर का है टूर्नामेंट

मुंबई। देश की घरेलू महिला टी20 लीग वीमेंस प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन का शुक्रवार को आगाज होगा। टूर्नामेंट में कुल 5 फ्रेंचाईजी; मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू, गुजरात जाएंट्स, दिल्ली कैपिटल्स और यूपी वॉरियर्ज की टीमें हिस्सा लेंगी। ये टीमें ट्रॉफी के लिए कुल 22 मुकाबलों में शिरकत करेंगीं, जिनमें 20 लीग मैच, एक एलिमिनेटर और एक फाइनल मुकाबला होगा। पहले मुकाबले में मौजूदा चैम्पियन टीम मुंबई इंडियंस के सामने पिछले सीजन की उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स होगी। मैच से पहले रंगारंग ओपनिंग सेरेमनी भी होगी, जिसमे बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान, कार्तिक आर्यन, सिद्धार्थ मल्होत्रा, टाइगर श्रॉफ, शाहिद कपूर और वरुण धवन के परफॉर्म करने की पुष्टि हो चुकी है। वीमेंस प्रीमियर लीग का दूसरा सीजन कहां-कहां खेला जाएगा? टूर्नामेंट का दूसरा सीजन दो शहरों; बेंगलुरू और दिल्ली में खेला जाएगा। बेंगलुरू का एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पहले चरण के 11 मैचों की मेजबानी करेगा, जिसके बाद कारवां नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में शिफ्ट होगा। वहीं पर प्लेऑफ और फाइनल के निर्णायक मैच भी खेले जाएंगे। पिछली बार पूरा सीजन मुंबई में हुआ था, लेकिन इस बार वहां एक भी मैच नहीं होना है।

नहीं। पहले सीजन की तरह ही 5 टीमें कुल 22 मैच खेलेंगी। ग्रुप स्टेज के अपने 8 मैचों में सभी टीमें आपस में दो-दो बार भिड़ेंगी। लीग राउंड के बाद टॉप पर रही टीम सीधे फाइनल में पहुंचेगी, जबकि दूसरे और तीसरे नंबर की टीम फाइनल में जगह बनाने के लिए एकमात्र प्लेऑफ मैच में भिड़ेंगी। अंतिम-2 टीमें सीधे बाहर हो जाएंगी। गुजरात जाएंट्स ने अनकैप्ड ऑलराउंडर काशवी गौतम को 2 करोड़ रुपए में खरीदकर चौंका दिया था, जबकि वृंदा दिनेश पर यूपी वॉरियर्ज ने 1.3 करोड़ रुपए खर्चे थे। हालांकि, काशवी इंजरी के चलते टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड 2 करोड़ में दिल्ली कैपिटल्स, पेसर शबनिम इस्माइल 1.2 करोड़ में मुंबई, ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज फीबी लिचफील्ड 1 करोड़ में गुजरात से जुड़ी। इसके अलावा केट क्रॉस आरसीबी, डैनी व्याट यूपी और टूर्नामेंट की इकलौती एसोसिएट खिलाड़ी कैथरीन ब्रायस गुजरात की टीम में खेलेंगी।

बिजनेस

बीएसई का सेंसेक्स 300 अंक लुढ़का

नई दिल्ली। बीएसई का सेंसेक्स सुबह के कारोबार में 300 अंक से अधिक लुढ़क गया। सेंसेक्स दोपहर से पहले 386.15 अंक टूटकर 72,236.94 अंक पर कारोबार कर रहा था। भारती एयरटेल और टाइटन के शेयर सेंसेक्स में सबसे ज्यादा दो फीसदी टूट गए। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के रिटेल रिसर्च प्रमुख दीपक जसानी ने वैश्विक ब्रोकरेज जेफरीज के हवाले से कहा कि लगातार सकारात्मक जीडीपी विकास दर, सहायक भू-राजनीति, बढ़ती बाजार पूंजी, निरंतर सुधार और मजबूत कॉर्पोरेट संस्कृति की बदौलत भारत 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नीति में बदलाव को मंजूरी दे दी, जिससे कुछ गतिविधियों के लिए स्वचालित मार्ग के तहत 100 प्रतिशत तक विदेशी निवेश की अनुमति मिल जाएगी। इनमें उपग्रहों के लिए घटकों और प्रणालियों और उप-प्रणालियों का निर्माण शामिल है। उन्होंने कहा कि एनवीडिया कॉर्प द्वारा उम्मीद से बेहतर राजस्व पूर्वानुमान जारी करने के बाद वैश्विक इक्विटी में नई गति का संकेत देते हुए गुरुवार को एशियाई शेयर बाजारों में तेजी आई।

एनवीडिया कॉर्प के ठोस नतीजों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता उन्माद में आत्मविश्वास बढ़ने के बाद बिग टेक रिबाउंड के लिए तैयार दिख रहा है, जिससे शेयर बाजार में दोबारा भावना सकारात्मक बनी है। एनवीडिया कॉर्प ने बुधवार को अपनी नवीनतम आय के साथ एक उच्च स्तर को पार कर लिया, जिससे विस्तारित सत्र में उसके शेयर में नौ प्रतिशत की वृद्धि हुई। उन्होंने कहा कि कंपनी ने हालिया तिमाही में शीर्ष स्तर की उम्मीदों को लगभग दो अरब डॉलर से अधिक कर दिया है।

प्रचंड अशोक में विषकन्या के रूप में नजर आएंगी एक्ट्रेस मायरा मिश्रा

शो प्रचंड अशोक में शामिल होने को लेकर एक्ट्रेस मायरा मिश्रा बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक प्रेम कहानी का हिस्सा बनकर वह खुद को सौभाग्यशाली मानती हैं। वह शो में कैमियो भूमिका निभाएंगी। इस शो में मायरा एक विषकन्या के रूप में नजर आएंगी। एमटीवी स्प्लिट्सविला और उड़ान में दिखाई देने वाली एक्ट्रेस मायरा ने शो के बारे में कहा, मैं एक ऐसे शो में शामिल होकर बेहद खुश हूं, जिसने अपने शानदार दृश्यों और सम्मोहक कहानी के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। मैं इस ऐतिहासिक प्रेम कहानी का हिस्सा बनकर सौभाग्यशाली महसूस कर रही हूं। मैं लंबे समय से ऐसी भूमिका का इंतजार कर रही थी। मायरा ने कहा, हालांकि, विषकन्या के रूप में मेरी भूमिका छोटी है लेकिन यह जबरदस्त है। मैं दर्शकों को अपनी भूमिका से शो में होने वाले उतार-चढ़ाव का अनुभव कराने के लिए इंतजार नहीं कर सकती। सम्राट अशोक के रूप में अदनान खान और राजकुमारी कौरवकी के रूप में मल्लिका सिंह अभिनीत, यह शो एक ऐतिहासिक प्रेम कहानी को दिखाता है।

इफको दुनिया की नं. 1 सहकारी संस्था

नई दिल्ली। इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड (इफको) को पुनः दुनिया की शीर्ष 300 सहकारिताओं में पहला स्थान मिला है। यह रैंकिंग प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पर कारोबार के अनुपात पर आधारित है। यह दर्शाता है कि इफको राष्ट्र के सकल घरेलू उत्पाद और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इंटरनेशनल कोआपरेटिव एलायंस की 12वीं वार्षिक वर्ल्ड कोआपरेटिव मॉनीटर रिपोर्ट के 2023 संस्करण के अनुसार यह देश के सकल घरेलु उत्पाद एवं आर्थिक विकास में इफको के कारोबारी योगदान को दर्शाता है। कुल कारोबार के मामले में इफको पिछले वित्तीय वर्ष के अपने 97वें स्थान के मुकाबले 72वें स्थान पर पहुंच गया है। अपनी 35,500 सदस्य सहकारी समितियों, 25,000 पैक्स और 52,400 प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों के साथ इफ्को 'आत्मनिर्भर भारत' और 'आत्मनिर्भर कृषि' की ओर अग्रसर सहकार से समृद्धि का सशक्त उदाहरण है। इफ्को ने पिछले कई वर्षो से अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है जो इफ्को और इसके प्रबंधन के सहकारी सिद्धांतों में अटूट भरोसे का प्रमाण है। इसे देश में मजबूत सहकारी आंदोलन के प्रतीक के रूप में भी देखा जा सकता है।

केंद्र ने एक्स पर ब्लॉक कराए पोस्ट और अकाउंट

नई दिल्ली। एलन मस्क के नेतृत्व वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने दावा किया है कि उसे केंद्र सरकार की ओर से कुछ खास अकाउंट्स और पोस्ट्स पर रोक लगाने का आदेश मिला था। पूर्व में ट्विटर कहे जाने वाले एक्स ने गुरुवार को यह दावा किया है। अब तक इस पर भारत सरकार की प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। एलन मस्क की कंपनी ने यह भी कहा कि भले ही सरकार से हमें ऐसा आदेश मिला था, लेकिन हम अभिव्यक्ति की आजादी के पक्षधर हैं। हम ऐसी रोक लगाने के खिलाफ हैं। हालांकि कंपनी ने यह भी कहा कि हम सरकार के आदेश से असहमत हैं, लेकिन उसका पालन भी कर रहे हैं। ट्विटर के ग्लोबल गवर्नमेंट अफेयर्स अकाउंट की ओर से गुरुवार को तड़के ही ट्वीट किया गया, 'भारत सरकार ने आदेश दिया है कि एक्स कुछ खास अकाउंट्स और पोस्ट्स पर ऐक्शन ले। यदि ऐसा नहीं किया गया तो पेनल्टी लगेगा और कैद तक की सजा होगी।

भारत में व्यापारियों के बीच पेटीएम का प्रचलन ज्यादा

नई दिल्ली। वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) को देश भर के व्यापारी समुदाय से अपार समर्थन मिला है। कंपनी द्वारा आयोजित एक सोशल मीडिया लाइवस्ट्रीम में मुंबई, पुणे, नोएडा, हैदराबाद, चेन्नई, अहमदाबाद और बेंगलुरु सहित पूरे भारत के व्यापारियों ने अपनी पेटीएम यात्रा के बारे में बात की।

इस दौरान, व्यापारियों ने क्यूआर कोड स्कैनर, साउंडबॉक्स तकनीक और कार्ड मशीनों सहित पेटीएम के उपकरणों पर संतुष्टि व्यक्त की, जिनका वे 4-5 वर्षों से उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए आश्वासन दिया कि वे पेटीएम के प्रतिष्ठित उपकरणों का उपयोग करना जारी रखेंगे। मध्यम और छोटे उद्यमों सहित व्यापारी अपने ग्राहकों को परेशानी मुक्त खरीदारी का अनुभव प्रदान करने के लिए नए जमाने की भुगतान तकनीक को तेजी से अपना रहे हैं।कंपनी ने क्यूआर कोड, साउंडबॉक्स और ऑनलाइन वित्तीय सेवाओं की शुरुआत की, इससे स्ट्रीट वेंडरों और छोटे व्यवसायों को मोबाइल भुगतान स्वीकार करने में सक्षम बनाकर उनकी वृद्धि को सुविधाजनक बनाया गया। नई दिल्ली के योगेश ने कहा कि वह 3-4 वर्षो से पेटीएम का उपयोग कर रहे हैं और उपकरणों का उपयोग करना जारी रखेंगे।उन्होंने कहा, मुझे उपकरणों के माध्यम से भुगतान प्राप्त करने में कभी किसी समस्या का सामना नहीं करना पड़ा। पेटीएम ने हर उपयोगकर्ता को सुविधा दी है।उन्होंने कहा कि डिवाइस उपयोग में सुविधाजनक हैं और प्लेटफ़ॉर्म बेहतरीन ग्राहक सेवा प्रदान करता है।व्यापारियों ने इस बात पर भी जोर दिया कि उन्हें निपटान संबंधी किसी समस्या का सामना नहीं करना पड़ा, उन्होंने पेटीएम के प्रति अपना लगाव यह कहकर व्यक्त किया, पेटीएम करते रहो, आगे बढ़ते रहो।पुणे के एक अन्य व्यापारी यासीर शेख ने कहा कि वह कई वर्षों से पेटीएम क्यूआर और साउंड बॉक्स का उपयोग कर रहे हैं और दोनों निर्बाध रूप से काम कर रहे हैं।साथ ही, मुंबई के कार्तिक ने कहा, हमारे जैसे युवा उद्यमियों के लिए, पेटीएम के उत्पाद उपयोगकर्ता के अनुकूल, लागत प्रभावी हैं।

केनरा बैंक Canara Bank
सिंडिकेट Syndicate

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

ई-नीलामी दिनांक : 12.03.2024

स्थायी संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया गया है। निम्न वर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **12.03.2024** को **12.30** बजे से दोपहर **2.30** बजे तक **केनरा बैंक सुरक्षित लेनदार** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु **"जैसा है जहां है, जो है जैसा है"** एवं **"जो कुछ भी है"** के आधार पर किया जा रहा है।

ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा सूचना दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	शाखा का नाम / खाता संख्या व आईएफएससी कोड
1. **मेसर्स इचकदाना रेस्टोरेन्ट** प्रोपराईटर **श्री फिरोज इब्राहिम शेख** (ऋणी), मकान नं. 107/23, कुंदरापारा, गुढ़ियारी, वृंदावनगढ़, रायपुर, 2. **श्री मोहम्मद साबिर खान** (जमानतदार), मकान नं. 51, वार्ड 14, मुसलमान मोहल्ला, ग्राम- थान खमरिया, तहसील- थान खमरिया, जिला-बेमेतरा-491338.	खसरा नं. 555/3, पीसी.नं. 07, ग्राम- थान खमरिया, तहसील थान खमरिया, जिला- बेमेतरा, छ.ग., क्षेत्रफल- 23672 वर्गफीट में स्थित परिवर्तित भूमि एवं आवासीय भवन के समस्त भाग व अंश। **चौहद्दीः उत्तर**- खसरा नं. 532, **दक्षिण**- खसरा नं. 555/2, **पूर्व**- खसरा नं. 532, 553, **पश्चिम**- खसरा नं. 552/2.	13.11.2018 05.02.2019 ₹ 35,34,814.00 13.10.2018 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 41,20,000/- ₹ 4,12,000/- ₹ 10,000/-	Mr. Ritesh Kumar Kawle (Mo. 9326911967) Raipur GE Road Branch A/c No 209272434 IFSC Code: CNRB0002555 E-mail: cb2555@canarabank.com
अ. **श्री अमरजीत रेखी**, पिता- स्व. देवेन्दर सिंह, 15एडी पॉकेट, मरोदा सेक्टर, सिविक सेंटर, भिलाई-490006 (ऋणी) ब. **श्रीमती जसमीत कौर पति- अमरजीत रेखी**, 15एडी पॉकेट, मरोदा सेक्टर, सिविक सेंटर, भिलाई-490006 (सह-ऋणी).	फ्लैट नं. 01, ब्लॉक-ए, भूतल, खसरा नं. 44/5, न्यू पलाश टावर, ग्राम- रिसाली, प.ह.नं. 19/22, आरआईसी- दुर्ग-1, तहसील व जिला-दुर्ग, क्षेत्रफल-668.32 में स्थित आवासीय अपार्टमेंट सहित संपत्ति के समस्त भाग तथा अंश। **चौहद्दीः उत्तर**- चारदीवारी, **दक्षिण**- फ्लैट नं.6 ब्लॉक-बी, **पूर्व**- फ्लैट नं. 2,3, ब्लॉक-ए, **पश्चिम**- फ्लैट नं.6 ब्लॉक-बी.	19.05.2021 02.09.2021 ₹ 28,12,741.90 16.12.2022 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 18,30,000/- ₹ 1,83,000/- ₹ 10,000/-	Mr. Kumar Gaurabh (Mo. 9523549655) Bhilai GE Road Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0017765 Email: cb17765@canarabank.com
मेसर्स दीपज्योति एजेंसी प्रोप. स्व. श्री प्रशांत गुप्ता, डीसीएच के सामने रायपुर रोड धमतरी (ऋणी) 2. **श्रीमती भावना गुप्ता पति- स्व. श्री प्रशांत गुप्ता**, एसवी भाई पटेल वार्ड, गोयल ऑटो गली, वार्ड नंबर 5, धमतरी छत्तीसगढ़- 493773 (कानूनी उत्तराधिकारी) 3. **श्री आदित्य गुप्ता पिता- स्व. स्वर्गीय श्री प्रशांत गुप्ता**, एसवी भाई पटेल वार्ड गोयल ऑटो गली, वार्ड नंबर 5, धमतरी छत्तीसगढ़- 493773 (कानूनी उत्तराधिकारी)	सर्वे नं. 551, 552/21, खाता नं. 898, पीसी नं. 21, हटकेशर, आरआईसी- भोथली, धमतरी में स्थित आवासीय भवन के समस्त भाग व अंश। **संपति के चौहद्दीः पूर्व**- सुषमा गुप्ता की भूमि, **पश्चिम**- मिनल गोलछा की भूमि, **उत्तर**- सड़क, **दक्षिण**- केशरीमल की भूमि।	30.08.2023 08.11.2023 ₹ 46,37,279.00 30.08.2023 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 27,18,000/- ₹ 2,71,800/- ₹ 10,000/-	Mr. Rakesh Sahu (Mo. 9589172700) Dhamtari Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0003355 Email: cb3355@ canarabank.com
1. **मेसर्स निव्रत बेवरेजेज**, मौजा- पाहंदा, पाटन, दुर्ग- 490042. 2. **श्रीमती अमनप्रीत कौर दहेले पति- गुरप्रीत सिंह दहेले**, स्लाइस-1, एलआईजी- 852, सरकारी स्कूल के पास, टाटीबंध, रायपुर- 492001.	1. खसरा नंबर 2250/11 (नामांतरण के बाद) प.ह.नं. 04, ग्राम- पाहंदा, तह.- पाटन व जिला- दुर्ग (छ.ग.) में स्थित है, क्षेत्रफल- 4800 वर्गफीट में स्थित फैक्ट्री भूमि और भवन। **चौहद्दीः उत्तर**- विक्रेता की शेष भूमि, **दक्षिण**- सड़क, **पूर्व**- विक्रेता की शेष भूमि, **पश्चिम**- सड़क। 2. खसरा नंबर 2250/11 (नामांतरण के बाद) प.ह.नं. 04, ग्राम- पाहंदा, तह.- पाटन व जिला- दुर्ग (छ.ग.) में स्थित प्लांट और मशीनरी का दृष्टिबंधक।	29.09.2023 11.12.2023 ₹ 75,84,867.35 18.01.2024 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	Property-1: ₹ 37,60,000/- ₹ 3,76,000/- ₹ 10,000/- Property-2: ₹ 8,99,000/- ₹ 89,900/- ₹ 10,000/-	Mr. Vivek Iyer (Mo. 7000201336) Kumhari Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0005305 Email: cb5305@ canarabank.com
1. **मेसर्स ए.के. इंटरप्राइजेज** प्रोपराइटर **मो. परवेज आलम, पुत्र श्री अब्दुल कादिर खान**, प.ह.नं. 14, खसरा नं. 6561 (भाग), वार्ड नं. 07, कृपाल नगर, कोहका, भिलाई (छ.ग.) 490023, 2. **श्री मोहम्मद. परवेज आलम पुत्र श्री अब्दुल कादिर खान**, प.ह.नं. 14, खसरा नं. 6561 (भाग), वार्ड नं. 07, कृपाल नगर, कोहका, भिलाई (छ.ग.)490023, 3. **श्री मोहम्मद. यूसुफ खान पुत्र श्री अब्दुल कादिर खान**, प.ह.नं 14, खसरा नं. 7357/5 भाग, वार्ड नं. 8, फरीद नगर, मुरुमखादान रोड, भिलाई (छ.ग.)- 490023.	श्री मोहम्मद परवेज आलम के नाम पर खसरा नं. 6561 (भाग), प.ह.नं. 14, वार्ड नं. 09, कृपाल नगर, कोहका, भिलाई छ.ग- 490023, क्षेत्रफल- 2550 वर्गफीट में स्थित आवासीय भवन व भूमि के समस्त भाग व अंश। **चौहद्दीः उत्तर**- सड़क, **दक्षिण**- बी.एन. प्रसाद का निवास, **पूर्व**- सड़क, **पश्चिम**- नेल्सन टोप्पो का प्लाट।	01.05.2023 07.07.2023 ₹ 2,58,97,672.33 13.09.2023 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 1,00,89,000/- ₹ 10,08,900/- ₹ 10,000/-	Mr. A. Rama Rao (Mo. 7000598020) KPS Bhilai Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0008602 Email: cb8602@ canarabank.com

ई-नीलामी की शर्तें:- (1) नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता की वेबसाइट **www.indianbankseauction.com** के माध्यम से आन लाईन ई-नीलामी की जावेगी। (3) संपत्ति का निरीक्षण दिनांक **11.03.2024**, सुबह **10.30** से सायं **4.30** बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है। (4) इच्छुक निविदाकर्ता धरोहर राशि **(EMD)** आरक्षित मूल्य का 10 प्रतिशत का भुगतान डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से, जो कि प्राधिकृत अधिकारी **केनरा बैंक** के उपरोक्त संबंधित शाखा के पक्ष में देय हो। दिनांक **11.03.2024** को सायं **5.00** बजे तक जमा करें अथवा आन लाईन भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी/फण्ड ट्रांसफर के माध्यम से उपरोक्त वर्णित खातों में किया जा सकता है। (8) बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जिसमें ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम भी शामिल है तुरंत जमा करेंगे एवं शेष 75 प्रतिशत राशि का 15 दिन के अंदर भुगतान करेंगे। (11) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त संबंधित शाखा के **प्राधिकृत अधिकारी** से सम्पर्क करें अथवा सर्विस प्रदाता **M/s Canbank Computer Service Ltd., E-mail ID: - eauction@ccsl.co.in** अथवा **www.canarabank.com.** पर संपर्क करें।

विवाद की किसी भी स्थिति में अंग्रेजी अखबार 'सेन्ट्रल क्रोनिकल' दिनांक 23.02.2024 सम्पूर्ण छ.ग. में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा।

दिनांक : 22.02.2024 स्थानः रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

न्यूज गैलरी

बाराती बस पलटने से दर्जन भर घायल

रायपुर/नवप्रदेश। धरसींवा थाना क्षेत्र में रायपुर-बिलासपुर मार्ग में दामाखेड़ा से बारातियों को लेकर रायपुर आ रही एक बाराती बस अनियंत्रित होकर पलट गई। पुलिस ने इस हादसे पर जानकारी देते बताया कि किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है. घायलों की हालत सामान्य है. उनके परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है. बता दें कि धरसीवा पुलिस फ़िलहाल हादसे का कारण पता लगाने में जुट गई है।

घर के बाहर खड़ी बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। सत्यम नगर कचना हाउसिंग बोर्ड कालोनी में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी मोहन लाल पटेल 42 वर्ष सत्यम नगर कचना हाउसिंग बोर्ड कालोनी खम्हारडीह का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपने घर के बाहर बाइक क्रमांक ओडी 26 डी 7326 को खड़ी किया था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

किशोर को पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। आनंद नगर तेलीबांधा में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने किशोर से गाली-गलौज कर क्रिकेट बैट से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। आनंद नगर निवासी 16 वर्षीय प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी अंकित दुल्हानी ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर क्रिकेट बैट से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

गांजा के साथ युवक पकड़ाया

रायपुर/नवप्रदेश। खमतराई पुलिस ने रावाभाठा बंजारी नगर में गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1 किलो 632 ग्राम गांजा व बिक्री रकम 300 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रावाभाठा बंजारी नगर में दबिश देकर आरोपी अजय तिर्की 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 1 किलो 632 ग्राम गांजा एवं बिक्री रकम 300 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

सरेआम शराब पीते दर्जनभर गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते दर्जन भर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। खम्हारडीह पुलिस के टीम ने कचना तालाब के पास सरेआम शराब पीते आरोपी मनोहर निषाद 34 वर्ष, खमतराई पुलिस ने आरोपी मनी यादव 28 वर्ष और गुढियारी पुलिस ने आरोपी मनीश साहू 34 वर्ष व विकाश कुमार 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह नेवरा पुलिस ने आरोपी जितेन्द्र कुमार सिंह 47 वर्ष व जितेन्द्र पाल 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी नोहर लाल यादव 33 वर्ष, काशीराम ध्रुव 32 वर्ष, भगत पाल 59 वर्ष व चंदूराम साहू 51 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी पंच कुमार 50 वर्ष एवं धरसींवा पुलिस ने आरोपी ताराचंद निषाद 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

युवती से मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम तोरला नवापारा में एक युवक ने युवती का रास्ता रोककर गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थिया भेनेश्वरी साहू 22 वर्ष ग्राम तोरला की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया पैदल कहीं जा रही थी, तभी आरोपी तोषण साहू ने प्रार्थिया का रास्ता रोककर गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 341, 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अवैध शराब बेचते 4 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस के टीम ने अवैध शराब बेचते 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 122 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 390 रुपए जब्त किया है। गोबरानवापारा पुलिस ने अंबेडकर चौक नवापारा के पास अवैध शराब बेचते आरोपी शेखर यादव 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 22 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 290 रुपए जब्त किया है। वहीं अभनपुर पुलिस ने छोटे उरला के पास आरोपी राहुल भारती 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 18 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 100 रुपए जब्त किया है। इसी तरह धरसींवा पुलिस ने आरोपी योगेश निषाद 19 वर्ष व योगेंद्र कुमार यादव 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 82 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

महिला की मिली लाश

जशपुर/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत पतराटोली अटल चौक के समीप एक खेत में अर्धनग्न हालत में महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। मामला कोतबा चौकी का बताया गया है। प्रथम दृष्टया दुष्कर्म के बाद गला घोंटकर महिला की हत्या करना प्रतीत हो रहा है. सूचना मिलने पर पुलिस घटना स्थल के लिए रवाना हो गई हैं.। कयास लगाये जा रहे हैं कि महिला के साथ पहले दुष्कर्म किया गया होगा, उसके बाद उसकी गला घोंटकर हत्या की गई है. महिला की पहचान नहीं हो पाई है. घटना की सूचना मिलने पर कोतबा चौकी प्रभारी अमले के साथ घटना स्थल के लिए रवाना हो गए हैं।

गुणवत्ताहीन कार्य ठेकेदार को लाखों का भुगतान!

फॉलोअप नवप्रदेश

सुकमा/नवप्रदेश। विकास के नाम पर मेसर्स बालाजी इंटरप्राईजेस के 'द' वर्ग ठेकेदार देवेंद्र चौरसिया द्वारा प्री मैट्रिक बालक छात्रावास गुडरा में मरम्मत कार्य में अनियमितता बरतते हुए भारी भ्रष्टाचार किया गया हैं। जिससे ठेकेदार के लापरवाही के चलते वर्तमान समय में आवासीय विद्यालय परिसर की हालत बद से बदतर हो चुका हैं। जिसके चलते बालक छात्रावास में रह रहे बच्चे रोज परेशानियों से जूझते नजर आ रहे हैं।

आधे से ज्यादा का भुगतान

मामले को लेकर यह जानकारी सामने आया है की मेसर्स बालाजी इंटरप्राईजेस के ठेकेदार देवेंद्र चौरसिया ने गुणावत्ताहीन आधे अधूरे काम का करीब 16.77 लाख का राशि आहरण कर लिया गया हैं। लेकिन ठेकेदार द्वारा कार्य में किसी भी तरह का तकनीकी मानक स्तर का पालन नहीं किया गया हैं। साथ ही कार्य में निम्न स्तर के टूटे फूटे सामग्रियों का इस्तेमाल कर मरम्मत में सिर्फ खानापूर्ति किया गया हैं।

समयावधि में नहीं हुआ काम

बता दे की आदिवासी विकास शाखा द्वारा मेसर्स बालाजी इंटरप्राईजेस को निविदा प्रक्रिया उपरांत टेंडर प्राप्त होने के बाद प्री मैट्रिक बालक छात्रावास गुडरा के मरम्मत कार्य का 26 लाख 61 हजार की लागत राशि का 11/05/2023 को अनुबंध किया गया। जिसमे विभाग द्वारा जारी कार्य आदेश में ठेकेदार को कार्य के सम्पादन हेतु 15/06/2023 तक का समयावधि निर्धारित किया गया था। लेकिन मेसर्स बालाजी इंटरप्राईजेस के ठेकेदार देवेंद्र चौरसिया द्वारा न सिर्फ जीर्णोधार के नाम पर गुणवत्ताहीन कार्य कर भ्रष्टाचार किया गया,बल्कि प्रशासकीय आदेश की अवमानना करते हुए बीते 8 महीने से आजपर्यंत तक कार्य अधूरा पड़ा हुआ हैं। जबकि ठेकेदार द्वारा 60त्न तक का राशि आहरण कर लिया गया हैं।

उप अभियंता सवालों के घेरे में

ऐसे में अब में सवाल यह उठता है कि ठेकेदार द्वारा किए गए गुणवत्ताहीन कार्य को आखिर इतना अधिक भुगतान किस आधार पर किया गया?? वही उप अभियंता ने मामले में अपनी दलील देते हुए कहा की मेरे द्वारा ठेकेदार को कई दफा गुणवत्ता युक्त कार्य करने का हिदायत दिया गया लेकिन ठेकेदार द्वारा बहानेबाजी कर कार्य में लापरवाही बरतते हुए अब तक लंबित किया गया हैं। मामले को जिला प्रशासन और विभाग ने गंभीरता से संज्ञान में लिया हैं। कलेक्टर,सहायक आयुक्त द्वारा कार्य स्थल का निरीक्षण कर मरम्मत में गुणवत्ता के साथ सुधार करते हुए जल्द ही पूर्ण करने का निर्देश दिया गया हैं। आदेश का पालन नहीं किए जाने के स्तिथि में ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश जिला प्रशासन द्वारा दिया गया हैं।

> वही मामले को लेकर विभागीय अधिकारी सहायक आयुक्त गणेश सोरी ने कहां की ठेकदार द्वारा गुणवत्ताहीन कार्य किए जाने की खबर प्रकाशन के बाद मामले को गंभीरता से संज्ञान में लिया गया हैं। मौके पे पहुंचकर ठेकेदार को कार्य सुधारने का निर्देश दिया गया हैं। तब तक के लिए ठेकेदार की राशि भुगतान पर रोक लगा दिया हैं। ठेकेदार द्वारा कार्य नही किए जाने की एवज में जिला प्रशासन के निर्देशानुसार विभागीय कार्रवाई हेतु बाध्य हैं।
> - **गणेश सोरी,** सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास शाखा सुकमा

छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण को ''इंडिया ग्रीन एनर्जी अवार्ड 2024''

- **छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर फिर मिली उपलब्धि**
- **आउटस्टैण्डिंग कम्यूनिटी बेस्ड ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्ट में विजेता बना छत्तीसगढ़**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ ने राष्ट्रीय स्तर पर फिर उपलब्धि हासिल की है। इंडियन फेडरेशन ऑफ ग्रीन एनर्जी, नई दिल्ली द्वारा छत्तीसगढ़ के ऊर्जा विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण (सीबीडीए) को ''इंडिया ग्रीन एनर्जी अवार्ड, 2024'' से नवाजा गया है। छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण राष्ट्रीय स्तर पर ''आउटस्टैण्डिंग कम्यूनिटी बेस्ड ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्ट'' श्रेणी में विजेता बना है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितीन गड़करी ने 21 फरवरी को नई दिल्ली में यह पुरस्कार सीबीडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुमित सरकार को प्रदान किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री श्री रामेश्वर तेली भी उपस्थित थे।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण द्वारा विगत् एक दशक से भी अधिक समय से जैव ईंधन तथा जैव ऊर्जा के क्षेत्र में ग्रामीण किसानों और हितग्राहियों को जोड़कर उल्लेखनीय काम किया है। छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण द्वारा बायोडीजल, बायो-एथेनॉल, बायोजेट एवीयेशन फ्यूल, जैव-सीएनजी, बायोगैस से बिजली उत्पादन और ग्रिड में समायोजन जैसे कई सफल अनुसंधान एवं विकास कार्य किया है। प्राधिकरण को अपने सफल प्रयोगों से राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर मिली उपलब्धियो देखते हुए ''इंडिया ग्रीन एनर्जी अवार्ड, 2024'' पुरस्कार दिया गया है।

सरपंच को एसडीएम ने पद से हटाया

कोरबा/नवप्रदेश। जिले के जनपद पंचायत पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगानाला की सरपंच पत्रिका खुरसेंगा को सरपंच पद पर कार्य करने के लिए उपयुक्त नहीं मानते हुए पदच्युत कर दिया गया है। इस संबंध में न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं विहित प्राधिकारी अनुविभाग पाली के द्वारा दर्ज प्रकरण में पारित किए गए आदेश के पालन में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आदेश का पालन सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

साथ ही संबंधितों के विरुद्ध वसूली हेतु अलग से प्रकरण एवं उल्लेखित सचिवों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने भी लेख किया गया है।

बता दें कि डोंगानाला सरपंच के विरुद्ध पंचगण एवं ग्रामवासियों के द्वारा पंचायत में हुए अनियमितताओं की जांच तथा धारा 40 की कार्रवाई करते हुए प्रकरण न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं विहित प्राधिकारी अनुविभाग पाली के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। शासन एवं जिला मद के निर्माण कार्यों में व्यापक भ्रष्टाचार तथा पंचायत के सामानों को गायब कर देने जैसे गंभीर आरोपों के साथ प्रस्तुत प्रकरण में अनुविभागीय अधिकारी न्यायालय ने कर्तव्यों के निर्वहन में घोर उपेक्षा का दोषी पाया और पद से हटाने का आदेश जारी किया गया। 21 फरवरी को जारी आदेश दिनांक से वे पंचायत की सदस्य नहीं रहीं और निर्वाचन के लिए 6 वर्ष के काल अवधि के लिए निर्हित मानी जाएंगी अर्थात 6 साल तक चुनाव नहीं लड़ सकेंगी। इस मामले में तत्कालीन सचिव रामकुमार टेकाम, अजय कुर्रे तथा जगदीश टेकाम की भी लापरवाही जांच में उजागर हुई है। इन्होंने सरपंच के साथ मिलकर न सिर्फ लापरवाही व अनियमितता की है बल्कि जगदीश टेकाम के द्वारा महत्वपूर्ण जांच में सहयोग भी नहीं किया गया। आदेश के अनुसार इनसे वसूली हेतु जनपद सीईओ द्वारा पृथक से प्रकरण एवं नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

सागौन बाड़ी में मिली बच्चे की लाश, पुलिस कर रही जांच

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा शहर से लगे खरमोरा बस्ती और आसपास के इलाके में देर शाम सनसनी फैल गई जब यहां सागौन बाड़ी में एक मासूम बच्चे की लाश मिली।

उसकी गला रेत कर नृशंस हत्या करने और गुप्तांग को जलाए जाने की जानकारी प्राथमिक तौर पर सामने आई है। इस घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर सिविल लाइन रामपुर की पुलिस पहुंची। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने भी स्वयं घटनास्थल पहुंचकर इस बारे में आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए तत्काल जांच पड़ताल प्रारंभ करा दिया है।

घटना के संबंध में खरमोरा के रहने वाले गंगाराम ने बताया कि कल सुबह 10 बजे वह अपनी पत्नी और पुत्र लाला के साथ आसपास के जंगल क्षेत्र में लकड़ी बीनने गया हुआ था। इस दौरान सागौन बाड़ी में उसने इस बच्चे के शव को देखा तो डर के मारे सभी वहां से भाग गए। इसके संबंध में किसी को भी डर के मारे कुछ नहीं बताया।

आज यह बात शाम तक आम हो गई। जानकारी मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पहुंच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर बालक की पहचान करने का प्रयास तेज कर दिया है।

700 लीटर डीजल और महिंद्रा पिकअप टैंकर जप्त

कोरबा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी द्वारा क्षेत्र में हो रहे अवैध कबाड, डीजल चोरी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के संबंध में दिये गये निर्देशो के परिपालन में श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा एवं नेहा वर्मा के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी हरदीबाजार द्वारा दिनांक 20.02.2024 को पुलिस टीम को सूचना मिली कि ग्राम जोरहाट डबरी के पास एक पिकअप में अवैध तरीके से डीजल भरा हुआ है पुलिस टीम को सूचना प्राप्त होते ही जोरहाट आवरी के पास में रोड में जाकर उक्त वाहन महिंद्रा पिकअप टैंकर को घेराबंदी कर पकड़ा गया ।

एडप्रयास की ममता पाण्डेय ने मौली राखियों की बिक्री से प्राप्त राशि आर्ट ऑफ लिविंग और मूक-बधिर स्कूल सरकंडा को दी

रायपुर/नवप्रदेश। मौली रक्षा सूत्र, भारतीय संस्कृति मे, शुद्ध व पवित्र धागे के रूप में धार्मिक पूजा-पाठ व अनुष्ठानों मे हाथ की कलाई में बांधा जाता है। स्वास्थ्य की दृष्टि से भी यह कफपित्त की समस्या कों ठीक करता है। मौली रक्षा के इन्ही गुणो को, रक्षाबंधन के पर्व पर, राखी के रूप मे बांधे जाने का अनूठा विचार, एडप्रयास की डायरेक्टर ममता पाण्डेय ने उपयोग किया। 7 वर्षो की लम्बी लेकिन सफल यात्रा में, उन्होने सैकड़ो स्कूलों की लड़कियों व महिला मंडल की महिला सदस्यो को मौली राखी बनाने का प्रशिक्षण भी दिया। प्रशिक्षण लेने वाली महिलाओं ने

इस पर उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस प्रकार बनाई गई मौली राखियों को उन्होने निःशुल्क बांटकर उसे लोकप्रियभी बनाया। विगत वर्षो मे उन्होने मौली राखियो को आकर्षक पैक मे, बाजार मे बिक्री भी शुरू की है, जिसका मूल उद्देश्य लाभ कमाना न होकर बिक्री मे प्राप्त राशि को, समाज कल्याण के कार्यो से जुड़ी संस्थाओं को दान में देना है। इस वर्ष मौली राखियों की बिक्री से कुल 39500/ प्राप्त हुई इसमे से राशि 35000/- आर्ट आफलिविंग, को दिया और 4500/ -अंध मूक विद्यालय सरकंडा नूतन चौक की बच्चियों के लिये दिये गये ।श्रीमति ममता पाण्डे ने कहाँ कि 'मैं उन सभी लोगो की आभारी हूँ जिन्होंने मौली की मौलिकता को समझ कर राखियां ख़रीदकर सहयोग प्रदान किया।

जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

- **कई माओवादी घायल, भारी मात्रा में जब्त की नक्सल सामग्री**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा-बीजापुर के सरहदी क्षेत्र पीडिया हितवार के जंगल में जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है. कई नक्सलियों के घायल होने की खबर है. साथ ही भारी मात्रा में नक्सल सामग्री को जब्त करने का दावा पुलिस कर रही है. दुर्गम इलाका होने के चलते अधिकारियों के पास भी अभी स्पष्ट जानकारी नहीं है. पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने बताया पश्चिम बस्तर डिविजन के माओवादियों से मुठभेड़ हुई है. माओवादियों के कैंप को ध्वस्त किया गया है. भारी मात्रा में नक्सल सामग्री और माओवादियों के घायल होने की सूचना है. बीजापुर और दंतेवाड़ा जिले के फोर्स की संयुक्त कार्रवाई है. फोर्स के नेटवर्क में आने के बाद मुठभेड़ की सही स्थिति की जानकारी मिलेगी।

फर्नेश ब्लास्ट में एक की मौत, दो गंभीर

रायपुर/नवप्रदेश। औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा फॉर्च्यून टीएमटी में हुए फर्नेश ब्लास्ट में एक कर्मी की मौत हो गई है वहीं दो अन्य कर्मचारी बुरी तरह से घायल हो गए हैं।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि ब्लास्ट में हादसे में मिंटू कुमार की मौके पर ही मौत हो गई है। सिलतरा चौकी मामले की जांच में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर फर्नेश ब्लास्ट हो गया। आस-पास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। लोग चीखने-चिल्लाने लगे। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। वहीं घटना की जानकारी तुरंत धरसींवा थाना की पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। हादसा काफी भयानक था, घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में दहशत फैल गई। ब्लास्ट होने से बिहार, मुजफ्फरपुर निवासी 25 वर्षीय मिंटू की मौत हुई है। घटना स्थल के पास उपस्थित उत्तर प्रदेश निवासा रोहित राजपूत तथा बिहार निवासी अजय राय घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार घायलों की स्थिति सामान्य है, घायलों को ज्यादा दिक्कत नहीं हुई है। तकनीकी गड़बड़ी तथा ज्यादा गरम होने से फर्नेश में धमाका होने की बात पुलिस कह रही है। फर्नेश में धमाका होने की असल वजह क्या थी, इस बात की जानकारी जांच पूरी होने के बाद पता चलेगा। इस मामले में अभी तक कोई पुख्ता तथ्य सामने नहीं आया है।

कोरियावासी भी करेंगे अयोध्या धाम में 'श्रीरामलला दर्शन'

- **इच्छुक यात्रियों के लिए हुए दिशा-निर्देश जारी**
- **जिले के सैकड़ों भक्तों को मिलेगा अयोध्याधाम जाने का अवसर**

कोरिया/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार के बहुप्रतिक्षित श्रीरामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना का लाभ अब कोरियावासियों को भी मिलेगा। जिस संबंध में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभागृह में अधिकारियों की बैठक लेकर छत्तीसगढ़ शासन के पर्यटन विभाग द्वारा योजना के बारे में दी गई दिशा-निर्देश के संबंध में जानकारी साझा की।

जिला स्तरीय समिति का गठन

जानकारी के मुताबिक श्री रामलला दर्शन यात्रा योजना के तहत कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा। सदस्य सचिव जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के अलावा पुलिस अधीक्षक, समाज कल्याण विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सत्कार अधिकारी तथा एक नामांकित सदस्य होंगे। संयुक्त कलेक्टर अथवा संयुक्त संचालक स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। समिति द्वारा आवश्यक जानकारियां, शिकायत, समस्याओं निराकरण करेंगे। ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों से चयनित हितग्राहियों को जिला स्तर पर एकत्रित करने के अलावा हितग्राहियों के स्वास्थ्य परीक्षण, टिकिट मुहैया व स्टेशन तक पहुंचाने की व्यवस्था की जिम्मेदारी होगी।

प्रथम चरण में इन भक्तों को मिलेगी प्राथमिकता

जिले के इच्छुक आवेदनकर्ता में प्रथम चरण में 55 वर्ष अथवा उससे अधिक उम्र के व्यक्तियों को प्राथमिकता के साथ चयन किया जाएगा। इस योजना में भाग लेने वाले की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष व अधिकतम 75 वर्ष होगा। 75 प्रतिशत हितग्राही ग्रामीण क्षेत्रों से तथा 25 प्रतिशत शहरी क्षेत्र के होंगे। चयनित यात्री, यात्रा पर नहीं जाने की स्थिति में प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित व्यक्ति को यात्रा पर भेजने की व्यवस्था होगी। चयनित यात्रियों एवं प्रतीक्षा सूची को कलेक्टर कार्यालय, संबंधित ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय के बोर्ड पर चस्पा किया जाएगा। केवल वही व्यक्ति यात्रा में शामिल हो सकेंगे जिनका चयन हुआ है अनाधिकृत व्यक्ति को नहीं ले जा सकेगा।

आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज करना होगा जमा

अयोध्या धाम जाने के इच्छुक यात्रियों से ग्राम पंचायत तथा नगरीय निकायों में आवेदन लिए जाएंगे। आवेदन स्पष्ट हिंदी भाषा में ही भरे जाएंगे। साथ ही 3.5 बाई 3.5 सेमी साइज की नवीनतम रंगीन फोटो प्रथम पृष्ठ पर लगाना होगा साथ ही राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, विद्युत देयक, मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड या फिर शासन द्वारा स्वीकार्य कोई अन्य साक्ष्य जमा करना होगा।